तापमान

अधिकतम 27.3 डिग्री

न्यूनतम 12.2 डिग्री

# हरिभूमि रायपुर भूमि

रायपुर, शनिवार 20 दिसंबर 2025



14 पॉक्सो मामलों के निपटारे में छत्तीसगढ़ देश में शीर्ष पर





14 कांग्रेस के वीडियो पर भाजपा ने फिर की थाने में...




# 10वीं-12वीं के छात्रों को रैली में शामिल करने पर्चा रद्द, 13 स्कूलों के लिए फिर छपेंगे पर्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

जिले के विद्यार्थियों को 10वीं-12वीं की मेरिट लिस्ट में शामिल करने के लिए चलाए जा रहे मिशन उत्कर्ष-2025 के बीच छात्रों की अर्द्धवार्षिक परीक्षा स्थगित कर दी गई है। परीक्षा के 24 घंटे पहले यह आदेश जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा जारी किया गया है। परीक्षा भी इसलिए स्थगित की गई है, क्योंकि इन सरकारी विद्यालय के छात्रों को रैली में शामिल किया जाना है। जिले के 13 स्कूलों के लिए यह आदेश जारी किया गया है। गौरतलब है कि वार्षिक परीक्षाओं के परिणाम सुधारने जिले में केंद्रीकृत परीक्षा आयोजित की जा रही है। चूंकि जिले के सभी विद्यालयों में दसवीं-बारहवीं के प्रश्नपत्र छापकर जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा भेजे जा चुके हैं, इसलिए जिन 13 स्कूलों के छात्रों को रैली में शामिल करने के लिए चिन्हित किया गया है, उनके लिए फिर से प्रश्नपत्र छापे जाएंगे। 20 दिसंबर को होने वाले पर्चे स्थगित किए जाने के साथ ही नवीन तिथि भी जारी कर दी गई है। इसके मुताबिक, 20 दिसंबर को होने वाली दसवीं कक्षा की संस्कृत विषय की परीक्षा अब 29 दिसंबर को आयोजित होगी। इसी तरह से 20 दिसंबर को होने वाली 12वीं कक्षा की हिंदी विषय की परीक्षा भी 29 दिसंबर को आयोजित की जाएगी।

## 20 दिसंबर को होने वाली संस्कृत व हिंदी की परीक्षा अब 29 दिसंबर को

खास खबर

### इन विद्यालयों की परीक्षाएं स्थगित

जेएन पांडेय, दानी गर्ल्स स्कूल, जेआर नायडू रविग्राम, पीजी उमाठे शासकीय कन्या विद्यालय शांति नगर, संत कंवरराम विद्यालय कटोरातालाब, शास.उ.मा.वि. अमलीडीह, प्यारे लाल यादव शासकीय हिन्दू हाई स्कूल, बीपीपुजारी शास विद्यालय, शासकीय हाईस्कूल पुरैना, शहीद स्मारक शासकीय विद्यालय, फाफाडीह, आरडी तिवारी शासकीय आत्मानंद विद्यालय आमापारा, शासकीय आत्मानंद विद्यालय मोवा, माध्यव राव स्प्रे स्कूल। जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा यह आदेश जारी किया गया है।

24 घंटे पहले 13 स्कूलों के लिए जारी किया गया आदेश




### उपलब्ध कराएंगे पृथक प्रश्नपत्र

आदेश में लिखा है जिला कार्यालय द्वारा 3 दिसंबर को अर्द्धवार्षिक परीक्षा के लिए समय-सारणी (13 से 20 दिसंबर तक) जारी की गई थी। वीर बाल दिवस के अवसर पर शासन द्वारा दिनांक 20 दिसंबर को रैली का आयोजन किया जा रहा है। उक्त रैली में जिले के 13 शासकीय हाईस्कूल व हायरसेकंडरी शालाओं के विद्यार्थी भी सम्मिलित होंगे। अतः उक्त 13 विद्यालय में 20 दिसंबर को आयोजित होने वाली कक्षा 10वीं एवं 12वीं की अर्द्धवार्षिक परीक्षा को स्थगित कर संशोधित समय-सारणी जारी की जा रही है। अतएव परिवर्तित तिथि में अर्द्धवार्षिक परीक्षा आयोजित किया जाना सुनिश्चित करें। उपरोक्तानुसार परीक्षा के लिए प्रश्न पत्र पृथक से तैयार कर उपलब्ध कराए जाएंगे। वितरण तिथि एवं स्थान की जानकारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से आपको दी जाएगी।

## खबर संक्षेप

### हैंडपंप तकनीशियन भर्ती परीक्षा के परिणाम जारी

**रायपुर।** व्यापम द्वारा हैंडपंप तकनीशियन भर्ती परीक्षा के अंतिम उत्तर तथा परिणाम जारी कर दिए गए हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत रिक्त पदों के लिए यह भर्ती परीक्षा आयोजित हुई थी। इसके साथ ही मुद्रण विभाग के अंतर्गत विभिन्न पदों के लिए आयोजित भर्ती परीक्षा के रिजल्ट भी व्यापम ने अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं। जल संसाधन विभाग के अंतर्गत अमीन भर्ती परीक्षा के मॉडल आंसर भी व्यापम ने शुक्रवार को ही जारी किए हैं।

### मध्य में शीतलहर तो दो दिन उत्तर में घने कोहरे का अलर्ट



**रायपुर।** राज्य के मध्य हिस्से में अगले दो दिन शीतलहर के हालात बनने और उत्तरी इलाके में सुबह के वक्त घना कोहरा रहने का अलर्ट मौसम विभाग द्वारा जारी किया गया है। दो दिन मौसम स्थिर-सा रहने के बाद तापमान में गिरावट आने की संभावना बन रही है। पिछले चौबीस घंटे में माना समेत कई इलाकों का तापमान एक बार फिर 10 डिग्री से नीचे जा चुका है। राज्य में इस बार ठंड अपना जोरदार असर दिखा रही है। मामूली उतार-चढ़ाव होने के बीच ठंड बरकरार है। राज्य का उत्तरी हिस्से समेत बाहरी इलाकों में तो ठंड का जोर है और सुबह के वक्त पेड़-पौधों में ओस की बूंद जमने लगी है। मध्य और दक्षिणी हिस्सा भी ठंड की चपेट में है। यहां शाम होने के बाद शुरू होने वाली ठंड धूप निकलने के बाद भी कम हो रही है। दो-तीन दिनों से नमीयुक्त हवा के प्रवेश की वजह से रात होने के बाद कोहरा भी अपना असर दिखाने लगा है, जो सुबह काफी देर से छंट रहा है। मौसम विभाग द्वारा आगामी दो दिनों के लिए रायपुर, खैरागढ़- छुईखदान-गंडई, राजनांदगांव, कबीरधाम और बेमेतरा जिलों के एक दो पैकेट में शीतलहर चलने की संभावना जताई है। इसी तरह 21 दिसंबर तक गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, कोरिया, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, सूरजपुर, सरगुजा, जशपुर और बलरामपुर जिलों में मध्यम से घना कोहरा छाए रहने की संभावना जताई है।

## कारोबारी के ठिकाने पर मिली सवा दो लाख की अन्य दवाएं, नहीं मिले दस्तावेज

# सारंगढ़ से जुड़े नकली दवा के तार, कारोबारी के मोबाइल पर मिली दवाइयों की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

एंटीबायोटिक की नकली दवाओं के तार सारंगढ़ से जुड़ने की संभावना है। वहां के एक कारोबारी के मोबाइल पर संबंधित दवा की तस्वीर मिली है, जो एफडीए की जांच के दायरे में है। दवा पकड़ने के बाद टीम ने वहां कारोबारी के ठिकाने से सवा दो लाख की बिना दस्तावेज के दवा बरामद की है। नकली दवा की बिल्टी इंदौर से कटी थी, इस आधार पर जांच टीम वहां जाने की तैयारी में है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने गोगांव के लिए नागपुर गोल्डन ट्रांसपोर्ट में कार्टून में भरी करीब पौने तीन लाख रुपए कीमती तीन तरह की एंटीबायोटिक दवा बरामद की थी।


▶▶ शेष पेज 14 पर


■ इंदौर से कटी दवा की बिल्टी, पूछताछ के लिए टीम जाने की तैयारी में

हरिभूमि फॉलोअप


छग में नकली एंटीबायोटिक दवाएं, हिमाचल, चेन्नई में बनी और इंदौर से आई खेप, लेने कोई नहीं पहुंचा

### जुटाए जा रहे साक्ष्य

बरामद दवा के मामले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की जांच जारी है। दवा के तार दूसरे जिले के कारोबारी से जुड़ रहे हैं, जिसके साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। मामले की जांच के लिए टीम इंदौर भेजी जाएगी।

- दीपक अग्रवाल
नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन


### तीन दवाओं पर संदेह, सैंपल लिए गए

सूत्रों के अनुसार सारंगढ़ के दो दवा दुकानों में जांच के दौरान तीन दवाओं पर जांच टीम को संदेह है। इस आधार पर उसकी गुणवत्ता की जांच के लिए सैंपल कालीबाड़ी के लैब में भेजा गया है। जांच के दौरान दोनों दवा के संचालक द्वारा दवा बिक्री का लाइसेंस भी प्रस्तुत नहीं किया जा सका था। इस आधार पर उनके खिलाफ ड्रग एक्ट के तहत आवश्यक कार्रवाई की गई है। मामला पकड़े जाने के बाद राज्य के तमाम जिलों में इसे लेकर अलर्ट जारी किया गया है।

### पांच साल पहले पकड़ाई थी 20 लाख की दवा

*शहर के देवपुरी इलाके में फरवरी 2020 के दौरान खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने एक दवा एजेंसी में छापा मारकर बीस लाख की एंटीबायोटिक दवा पकड़ी थी। इस प्रकरण में पूरे रैकेट का खुलासा नहीं हो पाया था। वहां से बरामद सेफ एजेड, सीसेफ नामक नकली दवा के तार भी हिमाचल से जुड़े थे। मामले में दवा एजेंसी के संचालक के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। यह प्रकरण अभी न्यायालय में लंबित है।*

## दिल्ली में धुंधली विजिबलिटी, नहीं उड़ी एयर इंडिया की सुबह वाली फ्लाइट, इंडिगो की लेट आई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सुबह दिल्ली में धुंधली विजिबलिटी होने की वजह से रायपुर के लिए सुबह 6.30 बजे उड़ान भरने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट संचालित नहीं हुई। वहां से आने वाली इंडिगो के चार और एयर इंडिया का दूसरा विमान लेट पहुंचा। धुंध की वजह से लखनऊ, गोवा और भुवनेश्वर से आने वाली फ्लाइट भी अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंची। ठंड के मौसम में दिल्ली में धुंध


▶▶ शेष पेज 14 पर


■ लखनऊ, गोवा, भुवनेश्वर का विमान भी देर से पहुंचा

### डिजी यात्रा की सुविधा पर संदेह

सूत्रों के अनुसार स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट में नए साल में डिजी यात्रा सुविधा मिलने पर संदेह है। विमानतल प्रबंधन द्वारा एक निजी संस्था से अनुबंध कर यह सुविधा प्रारंभ कराई गई थी। संबंधित संस्था का अनुबंध इस माह समाप्त होने वाला है। वर्तमान परिस्थिति में इसे लेकर किसी तरह का टेंडर जारी नहीं किया गया है, इसे लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

# शराब घोटाले में सौम्या को जेल भेजा, ईडी ने निरंजन को पकड़ा

2500 करोड़ का मामला, ईडी का दावा- सौम्या ने 105 करोड़ अर्जित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शराब घोटाले के आरोप में ईडी द्वारा गिरफ्तार राज्य प्रशासनिक सेवा की निलंबित अफसर सौम्या चौरसिया को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया गया। स्पेशल कोर्ट ने निलंबित अफसर को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का फैसला सुनाया है। ईडी ने सौम्या को 16 दिसंबर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर पूछताछ करने तीन दिनों के लिए रिमांड हासिल की थी। सौम्या के बयान के आधार पर शराब घोटाले में ईओडब्ल्यू के केस में जेल में बंद पूर्व आबकारी आयुक्त निलंबित आइएएस निरंजन दास को भी ईडी ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। ईडी को पूछताछ करने कोर्ट ने तीन दिन रिमांड स्वीकृत की है।



### इनकी हो चुकी है गिरफ्तारी

- इनकी हो चुकी है गिरफ्तारी
- अनिल टुटेजा (पूर्व आइएएस)
- अरविंद सिंह, कारोबारी
- त्रिलोक सिंह ढिल्लन, कारोबारी
- अनवर ढेबर, कारोबारी
- अरुण पति त्रिपाठी (आइएएस)
- कवासी लखमा (विधायक एवं तत्कालीन आबकारी मंत्री)
- चैतन्य बघेल (पूर्व मुख्यमंत्री के पुत्र)

### पोस्टिंग में भी भूमिका

*ईडी के दावों के मुताबिक सौम्या चौरसिया ने शराब सिंडिकेट की शुरुआती संरचना तैयार करने में भी मदद की। बरामद चैट्स से खुलासा हुआ है कि उन्होंने अरुण पति त्रिपाठी और निरंजन दास को आबकारी विभाग में महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त कराने में सहायता की, जिससे पूरे अवैध नेटवर्क को मजबूती मिली।*

### 2500 करोड़ से अधिक का शराब घोटाल

*ईडी ने एसीबी, ईओडब्ल्यू रायपुर द्वारा दर्ज एफआइआर के आधार पर दावा किया है कि शराब घोटाले के कारण राज्य सरकार को भारी राजस्व नुकसान हुआ और इस घोटाले से 2500 करोड़ रुपए से अधिक की अवैध आय उत्पन्न हुई।*

### 115.5 करोड़ की अवैध कमाई का आरोप

ईडी ने बयान जारी कर दावा किया है कि शराब घोटाले में सौम्या चौरसिया को 115.5 करोड़ रुपए की अवैध राशि प्राप्त हुई। एजेंसी का दावा है कि डिजिटल साक्ष्य, जब्त दस्तावेज और लिखित बयानों से यह साबित होता है कि सौम्या चौरसिया शराब सिंडिकेट की सक्रिय सदस्य थी। ईडी के अनुसार, डिजिटल


▶▶ शेष पेज 14 पर


## प्रथम आरक्षण चार्ट तैयार करने की समय सीमा में रेलवे बोर्ड ने किया बदलाव

# अब दस घंटे पहले पता चल जाएगा ट्रेन में सीट कन्फर्म हुई या नहीं, सीटें खाली रहती हैं तो बुकिंग रहेगी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भारतीय रेलवे ने प्रथम आरक्षण चार्ट तैयार करने की समय सीमा में बदलाव कर ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को बड़ी राहत दी है। अब आठ और 10 घंटे पहले ही यात्रियों को पता चल जाएगा कि उनकी टिकट कन्फर्म हुई या फिर वेटिंग ही रह गई। रेल मंत्रालय ने सेंटर फार रेलवे इनफार्मेशन सिस्टम को इस संबंध में दिशा


▶▶ शेष पेज 14 पर


हरिभूमि सरोकार



### सुबह की ट्रेन का चार्ट एक दिन पहले शाम को होगा तैयार

रेलवे द्वारा चार्ट के नए नियमों के तहत इसे दो श्रेणियों में बांटा है। सुबह 5:01 बजे से लेकर दोपहर 2:00 बजे तक जो ट्रेनें चलेंगी, उनका पहला चार्ट एक दिन पहले शाम के आठ बजे तक तैयार किया जाएगा। इसका फायदा यह होगा कि सुबह यात्रा करने वालों को ट्रेन चलने के समय से पहले रात आठ बजे ही पता चल जाएगा कि सीट कन्फर्म है या नहीं। इसी तरह


▶▶ शेष पेज 14 पर


### यात्रियों को मिलेगी राहत हड़बड़ी भी नहीं होगी

नए नियम लागू होने से पहले जिस तरह से चार्ट बनता था, उससे यात्रियों को परेशानी होती थी। अंतिम समय तक चार्ट बनाया जाता और यात्रियों को ऐन मौके पर ही पता चलता था कि उनकी सीट कन्फर्म है या नहीं। ऐसे में जो यात्री दूरदराज से स्टेशन पर चार से पांच घंटे पहले चलते थे, उनको राहत मिलेगी। चार्ट जल्द और सिस्टम से जेनरेट होने के कारण ऐन वक्त पर होने वाली गड़बड़ियां भी कम होंगी। जिस तरह रेलवे ने चार्ट जारी करने के नियमों में बदलाव किया है, उससे पहला चार्ट बनाने के बाद की स्थिति पर भी काम किया जाएगा। यदि पहला चार्ट तैयार होने के बाद सीटें खाली रहती हैं, तो बुकिंग जारी रहेगी।


हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 969. ईशांत मानिकपुरी पिता\पति कीर्तन मानिकपुरी पता- आर.डी.ए. कॉलोनी रायपुर, 970. लविश राठौर पिता\पति सतेन्द्र राठौर पता- गली न. 2 A अक्षत विहार, 971. वंदना तेकाम पिता\पति प्रदीप कुमार पता- गंगा नगर पंडरी रायपुर, 972. हुमन विश्वकर्मा पिता\पति कृपा राम विश्वकर्मा पता- दोंदेकला रायपुर, 973. जिया श्री साहु पिता\पति तिजेंद्र कुमार साहु पता- अयोध्या नगर न्यू चंगोरा भाठा, 974. उदय वीर सिंह पिता\पति शिव शंकर सिंग पता- वार्ड न.- 43 पुरानी बस्ती रायपुर, 975. नोहर लाल साहु पिता\पति मेघनाथ साहू पता- काशी राम नगर रायपुर, 976. अंश कुमार निषाद पिता\पति दीपक निषाद पता- कुम्हार पारा फाफाडीह, 977. दुलारी तांडी पिता\पति जय लाल ठाकुर पता- B.S.U.P कॉलोनी ब्लाक न.- 24, 978. चित्रेखा पिता\पति जे.आर साहु पता- H-26 पुलिस लाइन रायपुर, 979. प्रशांत यदु पिता\पति घनश्याम यदु पता- नयापारा भैर, 980. डामेश्वर नगारची पिता\पति पुरुषोत्तम नगारची पता- दरबा, 981. शुभम पाण्डेय पिता\पति देवेन्द्र पाण्डेय पता- महिमा सागर वार्ड धमतरी, 982. निर्मला बाफना पिता\पति टीकम चंद बाफना पता-दीनदयाल कॉलोनी कौरीन भाठा राजनांदगांव, 983. कीर्तन लाल साहू पिता\पति श्री रमेश कुमार साहू पता-बेलटिकरी राजनांदगांव, 984. गजेन्द्र सिंह भारतद्वाज पिता\पति श्री सी. एस. भारतद्वाज पता-विजय वार्ड न. -2 जगदलपुर, 985. भुनेश्वरी मानिकपुरी पिता\पति पूरण दास मानिकपुरी पता-महासमुंद, 986. हर्षिता वर्मा पिता\पति दुर्गेश कुमार वर्मा पता-शिवानन्द कॉलोनी महासमुंद, 987. शौर्य नेताम पिता\पति श्री तोरण राम नेताम पता-प्रोफेसर कॉलोनी कवर्धा, 988. वंदना साहू पिता\पति बिष्णु राम साहू पता-भैंसा, 989. हेमंत कुमार वर्मा पिता\पति राजेश कुमार वर्मा पता-आर.के.जी. स्कूल के पास, 990. राजदीप साहु पिता\पति गोपी राम साहु पता-बलोदा बाजार, 991. स्वरा वैष्णव पिता\पति सिद्धार्थ वैष्णव पता-सरगीपाल कोंडागांव, 992. समृद्धि यादव पिता\पति मनीष कुमार यादव पता-डी.एन. के. कोंडागांव, 993. भव्य ठीक पिता\पति संदीप ठीक पता-सेक्ट.-01 भिलाई, 994. गरिमा पटेल पिता\पति श्री देवेन्द्र कुमार पटेल पता-दुर्ग, 995. कौशल राज सोनी पिता\पति हरीश कुमार सोनी पता-दुर्ग, 996. रमनदीप कौर भाटिया पिता\पति करनल सिंग भाटिया पता-संतरा बाड़ी दुर्ग, 997. अश्वनी कुमार पाण्डेय पिता\पति स्व. चंदू लाल पाण्डेय पता-म.न. -255 वार्ड -6 ठेठवार पारा दुर्ग, 998. तुषार वर्मा पिता\पति दिलीप कुमार वर्मा पता-हथखोज भिलाई, 999. श्री पुरुषोत्तम लाल साहू पिता\पति श्री जोखू राम साहू पता-शीतला पारा हथखोज वार्ड न. -2 भील -3 चरोदा, 1000. मुकेश गोयल पिता\पति स्व. श्री मन्ना राम गोयल पता-कापला मार्केट के पास खुर्सीपार, 1001.यशवंत कुमार साहू पिता\पति स्व. श्री मदन लाल साहू पता-हरिनगर कातुल बोर्ड दुर्ग, 1002. रोशन कुमार बघमार पिता\पति मन्नू लाल बघमार पता-ढीमर पारा हनुमान टेम्पल दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण –** 1003. अजय कुमार पासवान पिता/पति - स्व. इंद्रदेव पासवान पता - बनारस रोड गांधी नगर 1004. अर्चना चौबे पिता/पति - सच्चि दानंद पांडे पता- शंकरघाट अम्बिकापुर 1005. अलंकार नायक पिता/पति - श्री ओंकार नाथ नायक पता - विश्रामपुर 1006. श्रीमती पविता यादव पिता/पति - श्री मनबोध राम यादव पता- हरीदेवेंद्र कालोनी बी- 32 अम्बिकापुर 1007. बिन्दु पिता/पति - संबोधीत सरजुन पता- हरीदेवेंद्र कालोनी एन - 20 महादेव पारा अम्बिकापुर 1008. विनीति श्रीवास्तव पिता/पति - विवेक श्रीवास्तव पता- अम्बिकापुर 1009. डॉ . पंकज त्रिपाठी पिता/पति- स्व. आर.के.त्रिपाठी पता - सत्ती पारा अम्बिकापुर 1010. श्री जल यादव पिता/पति - सतीश यादव पता- बड़सार भैयाथान 1011. आसिम अहमद पिता/ पति - जहरुद्दीन आजाद पता - मोमीनपुरा अम्बिकापुर 1012. आमिष यादव पिता/पति- श्री राम गेवरा यादव पता- अम्बिकापुर सरगुजा 1013. कु. सुदीक्षा मिश्रा पिता/पति -प्रवीण कुमार मिश्रा पता - मिशन चौक अम्बिकापुर 1014. गुलशन गोयल पिता/पति- श्री शिव कुमार गोयल पता- मायापुर पीपल मार्ग अंबिकापुर 1015. दिनेश कुमार पिता/पति - शिव प्रसाद पता - नमनकला गंगापुर 1016. निग राज प्रसाद लवनेश पिता/पति - श्री राम सुजान पता - गंगापुर खुर्द अंबिकापुर 1017. मीता पिता/पति - महावीर राजवाड़े पता- मंहगाई सूरजपुर 1018. रवि भूषण दुबे पिता/पति - अरुण कुमार दुबे पता - होउसिंग बोर्ड कालोनी नमनकला 1019. मकसूद अहमद पिता/पति - मंजूर अहमद पता - बरेजपारा अम्बिकापुर 1020. दोमोनिक टोप्पो पिता/पति - मारकस टोप्पो पता - बलरामपुर 1021. मानसी सिन्हा पिता/ पति- सच्चिन्द्र सिन्हा पता- गांधी नगर अम्बिकापुर 1022. सौरभ तिवारी पिता/पति - जितेंद्र तिवारी पता - बलरामपुर 1023. साक्षी केशरी पिता/पति - विजय कुमार गुप्ता पता - बसंत मार्ग इमलीपारा 1024. समृदि त्रिपाठी पिता/पति - आनंद प्रकाश त्रिपाठी पता - ब्रह्म रोड अम्बिकापुर 1025. कल्पनाथ भगत पिता/पति - स्व . रूपचन्द भगत पता- गांधी नगर सोनी मोहला ,**भोपाल संस्करण –** 1026. हर्षित सिंह राजपूत पिता\पति - बादल सिंह राजपूतभोपाल, 1027. रीना राजपूत पिता\पति - रनबीर गौरकरोदभोपाल, 1028. राम सिंह पिता\पति - देवी अफजल खान जिंसी,1029. सुखदेव पाटील पिता\पति- स्व नत्थू पाटीलन्यू बाग मुगलियाभोपाल, 1030. आनंद सिंह चावड़ा पिता\पति - मोहन सिंह भोपाल, 1031. साफिया पिता\पति - मो. शोयेब निय़र वॉटर टैंकनवीन रं◌ंभा नगरनिशातपुरा, 1032. भारती चौधरी पिता\पति - 53 नई जेल रोडरतन कॉलोनी करोद, 1033. मुश्ताक मो. खान पिता\पति - आश्फाक मो. खानश्रद्धा कॉलोनीनारियल खेड़ा, **जबलपुर संस्करण –** 1034. दीपक दुबे पिता\पति - श्री राजेंद्र दुबे कटनी, 1035. श्रीमती सरोज गुप्ता पिता\पति - कैलाश चंद गुप्ता जबलपुर, 1036. वैदेही तिवारी पिता\पति - मनीष तिवारी जबलपुर, 1037. पूनम शर्मा पिता\पति - श्री प्रणय कुमार शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1038. देवांश कोटवानी पिता\पति - श्री अनिल कोटवानी अनूपपुर, 1039. प्रणय कुमार शर्मा पिता\पति - श्री गोविंद प्रसाद शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1040. विमलेंद्र कुमार शर्मा पिता\पति - स्व: वसंत राम शर्मा वार्ड क्रमांक 14 पुरानी बस्ती अनूपपुर, 1041. जितेंद्र नंदवानी पिता\पति - राजल दास नंदवानी बाबा नारायण शाह वार्ड माधव नगर कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### अंतिम संस्कार के लिए लकड़ी छेना निशुल्क दिया जाएगा

**सिलयारी।** धरसींवा जनपद पंचायत के ग्राम टेकारी में गुरु घासीदास जयंती 18 दिसंबर के पावन पर्व कार्यक्रम में पहुंचे जनपद सदस्य सभापति लक्ष्मी खिलेंद्र वर्मा ने अपने क्षेत्र के लिए ग्राम टेकारी और गिरौद के निवासियों के जनकल्याणकारी एवं समाज सेवा का परिचय देते हुए तीन बड़ी घोषणा की है । जिसमें पहला घोषणा ग्राम पंचायत टेकारी और गिरौद में किसी भी व्यक्ति के मृत्यु दाह संस्कार कार्यक्रम के लिए लकड़ी व छेना निशुल्क प्रदान किया जाएगा। दूसरी घोषणा दशगात्र कार्यक्रम के लिए 50 किलो चावल निशुल्क परिवारजनों को दिया जाएगा। इसके अलावा तीसरी घोषणा बेटी विवाह में सभी बेटियों को विवाह के दौरान 1100 रूपए नगद आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाएगा । इस अवसर पर सभापति लक्ष्मी खिलेंद्र वर्मा ने कहां कि गुरु घासीदास बाबा ने सत्य अहिंसा और जनकल्याण के लिए मनखे मनखे एक समान और समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त कर मानव को सत्य अहिंसा के मार्ग में चलने का संदेश दिया।

### देवांगन समाज का अधिवेशन 21 को

**आरंग।** जिले के अंतर्गत कोरासी परिक्षेत्र देवांगन समाज का अर्धवार्षिक अधिवेशन 21 दिसंबर को ग्राम जारा में प्रातः 10 बजे से आयोजित होगा। अधिवेशन में सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की जाएगी तथा प्राप्त सामाजिक प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। अधिवेशन की शुरुआत प्रातः 10 बजे माँ परमेश्वरी की पूजा-अर्चना के साथ होगी। इसके पश्चात उपस्थित अतिथियों एवं पदाधिकारियों का स्वागत समारोह आयोजित किया जाएगा। अधिवेशन में मुख्य रूप से देवांगन समाज कोरासी परिक्षेत्र के संरक्षक मनोहर देवांगन, अध्यक्ष संतराम देवांगन, सचिव सोहनलाल देवांगन, कोषाध्यक्ष तिलक देवांगन, उपाध्यक्ष लेखराम देवांगन, सह-सचिव सोमनाथ देवांगन, प्रदेश प्रतिनिधि गुमान देवांगन, जिला प्रतिनिधि रेखराज देवांगन, महिला अध्यक्ष राजेश्वरी देवांगन सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी जिला देवांगन समाज रायपुर के उपाध्यक्ष एवं देवांगन समाज कोरासी परिक्षेत्र के सचिव सोहनलाल देवांगन ने दी।

### अपराध पर अंकुश लगाने शिवसेना ने सौंपा ज्ञापन

**सिलयारी।** शिवसेना उद्धव बालासाहेब छत्तीसगढ़ के द्वारा प्रदेश में लगातार बढ़ रहे अपराधिक गतिविधियों एवं घटनाओं को रोकने के लिए शिवसेना जिला ईकाई द्वारा कलेक्टर के नाम से ज्ञापन सौंपा। उक्त ज्ञापन में प्रदेश एवं रायपुर जिला में बिगड़ती कानून व्यवस्था, रायपुर शहर में निरंतर हो रहे चाकूबाजी ,हत्या, नशाखोरी सुखानशा जैसे अपराधिक गतिविधियां बढ़ती जा रही है छोटे छोटे बातो पर चाकू से हमला किया जा रहा है अपराधियों को कानून का खौफ नहीं रहा है लोग अमन चैन से रहने की जगह भयभीत होकर जीवन जीने को मजबुर से कब कहा किसी बात पर या अपराधियो द्वारा चाकू चलाया जा रहा है, ऐसे अपराधिक गतिविधियों को रोकने छत्तीसगढ़ शिवसेना ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शिवसेना प्रदेश महासचिव चंद्रमौली मिश्रा, जिला अध्यक्ष राहुल परिहार, जिला महासचिव परमानंद वर्मा, अक्षत चौबे युवा सेना जिला सचिव, प्रकाश यादव जिला कार्यकारी अध्यक्ष एवं शिवसेना कार्यकर्ता मौजूद थे।

### चबूतरा शेड निर्माण के लिए किया भूमिपूजन

**आरंग।** आरंग विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पारागांव में स्थित चंद्रनाहु कुर्मी समाज रायपुर राज के भवन में कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब की अनुशंसा से स्वीकृत 10 लाख रुपये की लागत से बनने वाले चबूतरा शेड निर्माण कार्य का भूमि पूजन चर्मकार शिल्पकार बोर्ड के अध्यक्ष ध्रुव मिर्धा तथा नगर पालिका आरंग के अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन द्वारा किया गया। इस अवसर पर चंद्राकर समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कुर्मी समाज अध्यक्ष केशव चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य वतन चंद्राकर, आरंग जनपद उपाध्यक्ष रिंकू रविंद्र चंद्राकर, महासमुंद जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, भाजपा आरंग मंडल अध्यक्ष देवनाथ साहू, गोपाल चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

# आध्यात्मिकता से यातायात और परिवहन होंगे दुर्घटना मुक्त : प्रियंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

आध्यात्मिकता जागरूकता और मानसिक शांति सुरक्षित यातायात की नींव हैं, क्योंकि जब मन शांत और सजग होता है, तो ड्राइवर डिस्ट्रक्शन से बचता है, नियमों का पालन करता है, और सड़क पर हर पल चौकन्ना रहता है, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना कम होती है और एक सुरक्षित माहौल बनता है। यह केवल नियमों का पालन नहीं, बल्कि एक आंतरिक समझ है जो हमें दूसरों के प्रति भी संवेदनशील बनाती है। इन्ही सारी बातो को ध्यान में रखकर शुक्रवार को ब्रह्माकुमारीज़ सेवा केंद्र, तिल्दा में यातायात सप्ताह के प्रथम दिन ब्रह्माकुमारीज़ तिल्दा केंद्र द्वारा आध्यात्मिकता से यातायात और परिवहन होंगे दुर्घटना मुक्त विषय पर यातायात एवं परिवहन क्षेत्र में कार्यरत पेशेवरों, व्यवसायियों और सेवा में जुटे कर्मवीरों के लिए एक अत्यंत प्रभावशाली, प्रेरणादायी एवं जनहितकारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आज शाम 4.30 बजे से ब्रह्माकुमारीज़ सेवा केंद्र, में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से "स्पीड, सेफ्टी, स्पिरिचुएलिटी – गति, सुरक्षा और आध्यात्मिकता" रहेगा, जिसमें यह स्पष्ट किया जाएगा कि आधुनिक तेज़ रफ्तार जीवन और कार्यशैली के बीच मानसिक संतुलन, शांति और आध्यात्मिक चेतना किस प्रकार सड़क, रेल और अन्य परिवहन माध्यमों में होने वाली त्रुटियों, अव्यवस्थाओं और दुर्घटनाओं को कम करने में सहायक बन सकती है।

## यातायात सप्ताह के प्रथम दिन ब्रह्माकुमारीज़ तिल्दा केंद्र में प्रेरणादायी आयोजन

### राजयोग से मन होता है शांत और निर्णय क्षमता की बढ़ती है

कार्यक्रम में विशेष रूप से यह बताया जाएगा कि राजयोग ध्यान द्वारा शांत मन कैसे निर्णय क्षमता को बढ़ाता है, एकाग्रता को मजबूत करता है और तनाव, क्रोध व जल्दबाजी जैसी प्रवृत्तियों पर नियंत्रण लाकर दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम करता है। परिवहन क्षेत्र की व्यस्त और चुनौतीपूर्ण दिनचर्या को ध्यान में रखते हुए प्रतिभागियों को लाइव, एक मिनट की सरल एवं प्रभावी ध्यान तकनीकें भी सिखाई जाएंगी, जिन्हें वे कार्य के दौरान या यात्रा से पूर्व आसानी से अपनाकर अपने मन को स्थिर और सकारात्मक बना सकते हैं। ब्रह्माकुमारीज तिल्दा केंद्र द्वारा यह कार्यक्रम समाज में यह संदेश देने का प्रयास है कि केवल तकनीक और नियम ही नहीं, बल्कि आध्यात्मिक जागरूकता और मानसिक शांति भी सुरक्षित यातायात की मजबूत आधारशिला हैं। आयोजकों ने सभी परिवहन एवं यात्रा क्षेत्र से जुड़े कर्मवीरों, व्यवसायियों एवं नागरिकों से इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर लाभ लेने की अपील की है।



### कर्मवीरों का किया जाएगा सम्मान

इस अवसर पर सड़क परिवहन, रेल्वे, सार्वजनिक एवं निजी यातायात सेवाओं से जुड़े ड्राइवर, कंडक्टर, पायलट, लोको पायलट, ट्रांसपोर्ट व्यवसायी, ट्रैवल एजेंसियों के संचालक सहित इस क्षेत्र में सेवाएं दे रहे सभी कर्मवीरों का ब्रह्माकुमारीज द्वारा सम्मान किया जाएगा। यह सम्मान उनके निःस्वार्थ सेवा भाव, अनुशासन, साहस और समाज को सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाने में दिए गए अतुलनीय योगदान के लिए प्रदान किया जाएगा।

ग्रामर गार्डन बनाया तथा हिंदी में शब्द-जाल के अंतर्गत रामायण के 44 पात्रों की पहचान की

# डीएवी पब्लिक स्कूल की प्रदर्शनी में छात्रों ने हस्तलिखित पुस्तकों की लाइब्रेरी सजाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

मोनेट डीएवी पब्लिक स्कूल मंदिर हसौद में शैक्षणिक सत्र 2025–26 के अंतर्गत वार्षिक शैक्षणिक प्रदर्शनी "इमैजिनेरियम" का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. गौतम रॉय, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, केवीके, रायपुर (आईजीकेवी, छत्तीसगढ़) उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शोभा विशिष्ट अतिथि बी. बी. बेहरा, नॉमिनी चेयरमैन–एलएमसी, मोनेट डीएवी पब्लिक स्कूल, रायपुर ने बढ़ाई। एजीएम विभाग के महाप्रबंधक संजय झा, मिवान स्टील्स लिमिटेड, रायपुर तथा मैना देवी अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील शर्मा सहित अन्य गणमान्य अतिथि भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में ऋतु चौधरी, प्राचार्या, मोनेट डीएवी पब्लिक स्कूल, रायपुर ने अतिथियों का स्वागत किया।

प्रदर्शनी में नर्सरी से कक्षा 11वीं तक के विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ सहभागिता की। इसका आयोजन हेल्थ एंड वेलनेस क्लब, साइंस क्लब, इको क्लब,



साइबर क्लब, कॉमर्स क्लब, लिंग्विस्टिक क्लब, मैथ्स क्लब, आर्ट्स क्लब तथा वोकेशनल एजुकेशन के अंतर्गत किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने विविध ज्ञानवर्धक एवं आकर्षक मॉडल एवं परियोजनाएँ प्रस्तुत कीं। हेल्थ एवं जागरूकता विषयों पर स्लो लर्निंग, बाल शिक्षा में अभिभावकों की भूमिका, साइबर बुलिंग एवं हैंड हाइजीन जैसे विषयों को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया गया। लिंग्विस्टिक क्लब के अंतर्गत विद्यार्थियों ने अंग्रेजी में स्वयं लिखी पुस्तकों की लघु लाइब्रेरी तैयार की, ग्रामर गार्डन बनाया तथा हिंदी में शब्द-जाल के अंतर्गत रामायण के 44 पात्रों की पहचान, पर्यायवाची शब्द एवं व्याकरण उद्यान प्रस्तुत किया। संस्कृत विभाग ने कल्पवृक्ष के माध्यम से संस्कृत व्याकरण का सरलीकरण करते हुए रोचक एवं सृजनात्मक प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। साइंस क्लब के अंतर्गत वॉटर प्यूरिफिकेशन, काइनेटिक ऊर्जा का विद्युत ऊर्जा में रूपांतरण तथा छोटे-छोटे पौधों की बिक्री जैसे उपयोगी मॉडल प्रस्तुत किए गए। मैथ्स क्लब के अंतर्गत पास्कल त्रिभुज, पाइथागोरस प्रमेय आदि को प्रदर्शित किया गया। साथ ही सस्टेनेबल डेवलपमेंट एवं लोकल माइंस के मॉडल बनाए गए। साइबर क्लब के अंतर्गत रोबोटिक आर्म गार्बेज कलेक्टर प्रस्तुत किया गया। आर्ट्स क्लब एवं वोकेशनल एजुकेशन के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा ऊन की गुड़िया, सजावटी सामग्री, कागज के फूल, मोमबत्तियाँ, विभिन्न सेट एवं ब्रेसलेट आदि तैयार किए गए, जिनकी प्रदर्शनी के साथ-साथ बिक्री भी की गई। स्पोर्ट्स क्लब के अंतर्गत स्टेडियम एवं ओलंपिक से संबंधित विविध विषयों पर अनेक मॉडल प्रस्तुत किए गए। एंटरप्रेन्योरशिप के अंतर्गत स्टॉक मार्केट को प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. गौतम रॉय ने अपने उद्बोधन में कहा कि पूर्व समय में शिक्षा केवल पुस्तकीय अध्ययन तक सीमित थी, किंतु वर्तमान समय में रचनात्मकता पर विशेष जोर दिया जा रहा है। आज बच्चे गतिविधियों के माध्यम से अधिक सीखते हैं तथा अध्ययन के अनेक नए मार्ग खुले हैं। विद्यार्थी अपनी रुचि के अनुसार विषयों का चयन कर आगे बढ़ रहे हैं, जिससे एक सशक्त और नवीन भारत का निर्माण संभव होगा। विशिष्ट अतिथि बी. बी. बेहरा ने भी अपने उद्बोधन के माध्यम से विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। प्रदर्शनी ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं उद्यमशीलता को उजागर किया, जिसकी अतिथियों एवं अभिभावकों द्वारा सराहना की गई। अंत में शाला की प्राचार्या ऋतु चौधरी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# कांग्रेस के आंदोलन के बाद पीएम आवास की किस्त जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कूंरा

जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष राजेंद्र (पप्पू) बंजारे के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए आंदोलन एवं घेराव के तत्काल बाद नगर पंचायत कुँरा में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लगभग 100 हितग्राहियों के खातों में पहली किश्त की राशि स्वीकृत एवं जारी कर दी गई है। यह कांग्रेस पार्टी की जनहितैषी लड़ाई की बड़ी सफलता है।

ज्ञात हो कि इन हितग्राहियों को नींव खुदाई के 6 महीने बीत जाने के बाद भी एक भी किश्त की राशि नहीं मिली थी। पूरी बरसात का मौसम इंतजार करने के बावजूद भाजपा शासित नगर पंचायत के अधिकारियों ने कोई ध्यान नहीं दिया। इससे पहले अधिकारियों ने हितग्राहियों को धोखे में रखते हुए कहा था कि /"कच्चे मकान नहीं तोड़ेंगे तो राशि स्वीकृत नहीं होगी/"। इस बहकावे में आकर गरीब परिवारों ने अपने कच्चे मकान तोड़ दिए, जिससे वे खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गए थे।

इस घोर लापरवाही एवं गरीबों के साथ हुए अन्याय के खिलाफ जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र (पप्पू) बंजारे के नेतृत्व में पूर्व सांसद छाया वर्मा, पूर्व विधायक अनीता शर्मा, जिला पंचायत की पूर्व अध्यक्ष डोमेश्वरी वर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष ऊधो वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा, नगर पंचायत उपाध्यक्ष राजा खान, पूर्व अध्यक्ष ढालेंद्र वर्मा तथा सभी कांग्रेस पार्षदों प्रधान देवांगन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने नगर पंचायत कार्यालय का घेराव किया।

# जाति की जांच : एक दिन में 22 प्रकरणों की सुनवाई, पहली बार वीडियो कांफ्रेंस से सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा की अध्यक्षता में आज उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के सभाकक्ष, नवा रायपुर में हुई। शुक्रवार को हुई इस बैठक की विशेषता यह रही कि एक ही दिन में कुल 22 प्रकरणों की सुनवाई एवं समीक्षा की गई। इसके साथ ही समिति द्वारा पहली बार पक्षकार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई का अवसर प्रदान किया गया। समिति की इस पहल से प्रक्रिया को और अधिक सुगम, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाने में मदद मिलेगी।

**12 केस में जाति की जांच**

बैठक में 12 प्रकरणों की सुनवाई की गई। इनमें जाति जांच प्रकरण से संबंधित 10 प्रकरणों में पक्षकार समिति के समक्ष उपस्थित हुए। एक प्रकरण में पक्षकार अंबिकापुर, सरगुजा से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुआ एवं अपना पक्ष रखा, वहीं एक प्रकरण में




पक्षकार अनुपस्थित रहा। इसके अतिरिक्त समिति के समक्ष 10 प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत किए गए। इस प्रकार एक ही दिन में समिति ने कुल 22 प्रकरणों की सुनवाई एवं समीक्षा करते हुए 05 प्रकरणों की सुनवाई पूर्ण कर आदेश जारी करने के निर्देश दिए, जबकि 17 प्रकरणों में जाति प्रमाण पत्र धारकों को सुनवाई का एक और अंतिम अवसर प्रदान करते हुए आगामी बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए।

### सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट से संबंधित मामले

समिति द्वारा लगातार बैठक आयोजित कर जाति प्रमाण पत्र एवं सामाजिक प्रस्थिति से संबंधी प्रकरणों की सुनवाई की जा रही है। सर्वोच्च न्यायालय तथा उच्च न्यायालय से संबद्ध प्रकरणों पर भी नियमानुसार पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से सुनवाई कर प्रकरणों का शीघ्र निपटारा किया जा रहा है। आज की बैठक में बड़ी संख्या में पक्षकार एवं अधिवक्ता अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु उपस्थित हुए।

### शामिल हुए ये अधिकारी

बैठक में आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास डॉ. सारांश मित्तर (सदस्य), संचालक, आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान हिना अनिमेष नेताम (सदस्य सचिव), संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय ऋतुराज रघुवंशी (सदस्य) उपस्थित थे, वहीं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संचालक, भू-अभिलेख विनीत नंदनवार (सदस्य) भी जुड़े हुए थे। इसके अलावा संयुक्त संचालक, टीआरटीआई गायत्री नेताम (प्रभारी अधिकारी, जाति जांच प्रकोष्ठ), रमा उइके (सदस्य), डॉ. अनिल विरूलकर (सदस्य) सहित जाति जांच प्रकोष्ठ के जितेन्द्र गुप्ता, अंजनी भगत, ईश्वर साहू एवं सुमन बंजारे उपस्थित थीं। उल्लेखनीय है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश में दिये गये मार्गदर्शी निर्देश एवं छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (सामाजिक प्रास्थिति के प्रमाणीकरण का विनियमन) अधिनियम 2013 में विहित प्रावधानों के अंतर्गत कुल 07 सदस्यीय उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति का गठन किया गया है। समिति अर्द्ध न्यायिक स्वरूप में कार्य करते हुए निष्पक्ष एवं समयबद्ध निर्णय सुनिश्चित कर रही है।

# लोकसभा में सांसद बृजमोहन ने उठाया जेएलएन अस्पताल भिलाई का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने लोकसभा में भिलाई स्थित जवाहरलाल नेहरू अस्पताल एवं अनुसंधान केन्द्र (जेएलएनएच एंड आरसी) से जुड़े अत्यंत महत्वपूर्ण जनस्वास्थ्य के विषय को प्रभावी एवं गंभीरता से उठाया। श्री अग्रवाल ने अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ की उपलब्धता, उनकी संभावित कमी तथा भिलाई इस्पात संयंत्र एवं आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों में होने वाली गंभीर दुर्घटनाओं, आगजनी, सामूहिक हताहतों एवं मानसिक आघात जैसी आपात स्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए बर्न यूनिट एवं आईसीयू की अवसंरचना तथा मानव संसाधन को और अधिक सुदृढ़ करने की मांग केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री से की। श्री अग्रवाल ने कहा, जेएलएन अस्पताल का संचालन इस्पात मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में होता है और यह अस्पताल भिलाई सहित आसपास के लाखों नागरिकों के लिए जीवनरेखा के समान है। ऐसे में यहां अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं, पर्याप्त विशेषज्ञ सेवाओं एवं मजबूत आपातकालीन स्वास्थ्य तंत्र का होना अत्यंत आवश्यक है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा, वर्तमान में जेएलएन अस्पताल एवं अनुसंधान केन्द्र में आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन हेतु पर्याप्त विशेषज्ञ चिकित्सक एवं नर्सिंग स्टाफ उपलब्ध है।

# समोदा-बनरसी-तुलसी मार्ग चौड़ीकरण के लिए मिली 1816 करोड़ की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

छत्तीसगढ़ सरकार के लोक निर्माण विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 के बजट अंतर्गत जिला रायपुर में स्थित (आरंग) समोदा–बनरसी–तुलसी मार्ग के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य सहित मार्ग में प्रस्तावित पुल–पुलिया निर्माण हेतु 1815.98 लाख (अठारह करोड़ पंद्रह लाख अट्ठानवे हजार रुपये) की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। यह स्वीकृति राज्य शासन द्वारा लोक निर्माण विभाग को जारी आदेश के माध्यम से दी गई है, जिसके अंतर्गत 8.20 किलोमीटर लंबाई के इस महत्वपूर्ण मार्ग को आधुनिक मानकों के अनुरूप विकसित किया जाएगा। कार्य पूर्ण होने के पश्चात क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुदृढ़ होगी, सड़क सुरक्षा में उल्लेखनीय सुधार होगा तथा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के बीच आवागमन और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा स्वीकृत यह परियोजना क्षेत्रीय विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। यह मार्ग स्थानीय नागरिकों, किसानों, व्यापारियों, विद्यार्थियों तथा दैनिक आवागमन करने वाले लोगों के लिए सुगम, सुरक्षित एवं टिकाऊ परिवहन सुविधा उपलब्ध कराएगा। इस महत्वपूर्ण विकास कार्य की स्वीकृति में छत्तीसगढ़ सरकार के साथ-साथ कैबिनेट मंत्री एवं आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब के सतत प्रयासों, प्रभावी अनुशंसा एवं सक्रिय मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। मंत्री गुरु खुशवंत साहेब द्वारा क्षेत्र की अधोसंरचना आवश्यकताओं को शासन स्तर पर



लगातार प्राथमिकता के साथ रखा गया, जिसके परिणामस्वरूप यह बहुप्रतीक्षित कार्य स्वीकृत हुआ।प्रशासनिक स्वीकृति आदेश में यह स्पष्ट किया गया है कि निर्माण कार्य निर्धारित तकनीकी मानकों, गुणवत्ता नियंत्रण, पारदर्शी निविदा प्रक्रिया, वित्तीय अनुशासन तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाएगा। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया है कि कार्य में प्रयुक्त सामग्री एवं निर्माण गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। इस परियोजना के क्रियान्वयन से क्षेत्र में सड़क नेटवर्क सुदृढ़ होगा, दुर्घटनाओं में कमी आएगी तथा आवागमन अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक बनेगा। इसके अतिरिक्त, विकास कार्यों से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।आरंग–समोदा–बनरसी–तुलसी क्षेत्र के नागरिकों ने इस महत्वपूर्ण विकासात्मक सौगात के लिए छत्तीसगढ़ सरकार एवं मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के प्रति हर्ष व्यक्त करते हुए आभार जताया है।


**न्यायालय तहसीलदार, मंदिर हसौद, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**-: ईश्तहार :-**

क्रमांक/वाचक/तह/2025
मंदिर हसौद, दिनांक 11/12/2025

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, आवेदक नरोत्तम निर्मलकर पिता रामाधिन निर्मलकर निवासी पलौद द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम पलौद प.ह.न. 21 रा.नि.मं. पलौद तहसील मंदिर हसौद स्थित भूमि ख.नं. 1217/1, 2170/2, 2296, 2299/1 रकबा 0.2600, 0.2300, 0.0600, 0.1000 हे. भूमि मुशेन पिता रामाधीन के नाम पर दर्ज है। उपरोक्त खसरा नंबर भूमि आनलाइन रिकार्ड ऋण पुस्तिका क्र. पी. 0561351 मे मेरा नाम मुशेन पिता रामाधिन दर्ज है। मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम नरोत्तम निर्मलकर पिता रामाधिन निर्मलकर दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है। मुशेन पिता रामाधिन एवं नरोत्तम निर्मलकर पिता रामाधिन निर्मलकर दोनो एक ही व्यक्ति अर्थात मेरा ही नाम है राजस्व अभिलेख में मेरा नाम मुशेन पिता रामाधीन को विलोपित कर उसके स्थान पर मेरा नाम मुशेन ऊर्फ नरोत्तम निर्मलकर पिता रामाधिन निर्मलकर दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति का दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 29/12/2025 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है. नियत अवधि के बाद दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतः यह ईश्तहार आज दिनांक 11/12/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**मंदिर हसौद (छत्तीसगढ़)**

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)**

**-: ईश्तहार:-**

**रा.प्र.क्रमांक/ / बी-121/2024-25**
**रायपुर, दिनांक 16/12/2025**
**ग्राम दतरेंगा, प.ह.नं. 84,**
**तहसील व जिला रायपुर छ.ग.**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक डॉ. सत्येन्द्र सिंह सेंगर (प्रान्ताध्यक्ष संस्कृत भारती) मो.नं. 8305364257 द्वारा माननीय कलेक्टर महोदय के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि शैक्षणिक गतिविधियो के सुचारू संचालन के लिए आवासीय केन्द्र निर्माण हेतु भूमि की आवश्यक है जिसमें संबंध में ग्राम दतरेंगा, प.ह.नं. 84, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 337/4 रकबा 1.587 तथा खसरा नंबर 335/1 रकबा 1.6180 हे. शासकीय भूमि संस्कृत पठन-पाठन एवं स्थायी प्रशिक्षण केन्द्र निर्माण हेतु भूमि आबंटन करने हेतु निवेदन किया है। जो अनुविभागीय अधिकारी महोदय रायपुर के माध्यम से जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 08/01/2026 को इस न्यायालय में पेश करें । नियत समयावधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 16/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

मुहर

**तहसीलदार**
**रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार के द्वारा (1) श्रीमती नीलम श्रीवास्तव, पति स्व. श्री नीरज श्रीवास्तव, (आधार कार्ड क्रमांक : 4515 9067 9825); (2) अंकिता श्रीवास्तव, आत्मजा स्व. श्री नीरज श्रीवास्तव, (आधार कार्ड क्रमांक : 5702 3938 8885) एवं (3) श्री आरिन श्रीवास्तव, पिता स्व. श्री नीरज श्रीवास्तव, (आधार कार्ड क्रमांक : 370996430432) तीनों निवासी सी-330, सेक्टर-6, वल्लभ नगर, संत ज्ञानेश्वर स्कूल के पास, रायपुर, तहसील व जिला - रायपुर (छ.ग.) मोबा.नं. : 87708 25700 के संयुक्त स्वत्व, हक, हित, आधिपत्य व कब्जे की वाके मोहल्ला - शंकरनगर, रानी लक्ष्मी बाई वार्ड (वार्ड क्रमांक 10), प.ह.नं. 00063, रा.नि.मं. रायपुर-1, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित आवासीय व्यपवर्तित भूमि जिसका खाता क्रमांक 1548 खसरा नंबर 1054/4 का भाग, रकबा 30 X 50 = 1500 वर्गफुट को विक्रय इकरारनामा दिनांकित 15.12.2025 के माध्यम से क्रय करने का सौदा तय कर किया जाकर उक्त अग्रिम बयाना राशि अदा कर दिया गया है तथा विक्रय प्रतिफल की शेष राशि अदा कर विक्रय विलेख का निष्पादन व पंजीयन की कार्यवाही उप-पंजीयक कार्यालय, रायपुर (छ.ग.) में किया जाना शेष है।

इस आवासीय व्यपवर्तित भूमि के संव्यवहार / खरीदी बिक्री के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, बोर्ड, निकाय, साहूकार, प्राधिकरण आदि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो वह अपनी आपत्ति मय दस्तावेज के मेरे पते पर आम सूचना प्रकाशन दिनांक से 7 (सात) दिवस के अंदर प्रस्तुत करें। उपरोक्त अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियां शून्य एवं विधि विरूद्ध समझी जावेगी ।

**अतः सूचना जानें ।**

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक : 19.12.2025

भवदीय,
(संजय नायक) अधिवक्ता,
"जय सत्य" ए-43, ढेबर स्टील सिटी,
न्यू-गायत्री नगर के पास,
पोस्ट - शंकरनगर, रायपुर (छ.ग.)
मो.नं.: 98265-74355

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार नोहर कुमार साहू, पिता-श्री राम सिंह साहू, निवासी-मकान नं-77473, गली नं-07, शिव मंदिर के पास, गांधी नगर, अमलीडीह, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ०ग०) ने विक्रेता श्रीमती उषा कुर्रे पति श्री उत्तम कुमार कुर्रे, निवासी-म.न-एच., ब्लॉक नं-15, भिलाई, तहसील भिलाई, जिला दुर्ग छ०ग० से उनके आधिपत्य एवं स्वामित्व की परिवर्तित भूमि जो कि, मौजा-बोरियाखुर्द, प.ह.नं.-71, रा.नि.मं.-रायपुर-14-बोरियाखुर्द, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित जिसका ख.नं.-41/45, रकबा 1000 वर्गफुट को क्रय करने का सौदा कर विक्रय इकरारनामा का निष्पादन किया जाकर अग्रिम बयाना राशि दे चुका है। केवल बैनामा निष्पादन एवं पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उक्त संव्यवहार के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, बैंक, साहूकार, शासकीय अथवा गैर शासकीय निकाय, निगम, पारिवारिक सदस्य एवं अन्य को कोई दावा या आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिनों के भीतर मय दस्तावेज के लिखित में आपत्ति प्रस्तुत कर पावती लेंवे, केवल आम सूचना का खण्डन मान्य नही होगा। म्याद बाद की गयी दावा या आपत्ति इस आम सूचना के समक्ष अवैध व शून्य मानी जावेगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी, एवं मेरा पक्षकार अपने पक्ष में बैनामा पंजीयन कराने के लिये स्वतंत्र होगा।

**सो सूचना जाने।**

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक : 19.12.2025

**भवदीय,**
**पी.एल. साहू, अधिवक्ता**
**निवास-भैरव नगर, तामेश्वर किराना स्टोर्स के पास मठपुरैना, रायपुर**
**तह. व जिला रायपुर (छ.ग.)**
**मो.नं.-9300892039**


## बिजनेस साइट

# बिजनेस साइकिल इन्वेस्टिंग: अपने पोर्टफोलियो को अर्थव्यवस्था के साथ तालमेल बनाना

**रायपुर।** बाजार की स्थितियां शायद ही कभी स्थिर रहती हैं, और निवेशक आर्थिक बदलावों के हिसाब से ढलने वाली रणनीतियों का महत्व तेजी से पहचान रहे हैं। बिजनेस साइकिल इन्वेस्टिंग ऐसा ही एक तरीका है, जिसे पोर्टफोलियो को अर्थव्यवस्था के प्राकृतिक चरणों - रिकवरी, विस्तार, मंदी और गिरावट - के साथ तालमेल बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। इन बदलावों के साथ तालमेल बिठाकर, निवेशक जोखिमों को नियंत्रण में रखते हुए रिटर्न बढ़ाने का लक्ष्य रखते हैं।

**बिजनेस साइकिल इन्वेस्टिंग क्या है ?**

बिजनेस साइकिल इन्वेस्टिंग पोर्टफोलियो को अर्थव्यवस्था के चरण के अनुसार एडजस्ट करती है, क्योंकि हर चरण कमाई, मांग और सेक्टर के प्रदर्शन को अलग-अलग तरह से प्रभावित करता है। प्रोफेशनल फंड मैनेजर मैक्रो इंडिकेटर्स को ट्रैक करते हैं और सेक्टर, मार्केट कैप और थीम के बीच रोटेट करते हैं ताकि उन जगहों पर पोजीशन बनाई जा सके जहां अवसर सबसे मजबूत हों।

**आर्थिक या बिजनेस साइकिल के चार चरण**

रिकवरी में, विकास वापस आता है और फाइनेंस, रियल एस्टेट और मैन्युफैक्चरिंग जैसे सेक्टर सबसे पहले ठीक होते हैं। विस्तार के दौरान, मजबूत मांग कंज्यूमर डिस्क्रिशनरी, ऑटो, एनर्जी और मेटल्स को बढ़ावा देती है। मंदी या रिसेशन में, कम खर्च स्टेपल्स, फार्मा और आईटी जैसे डिफेंसिव सेक्टर के पक्ष में होता है। गिरावट से गहरा सिंकुड़न आता है, जिससे यूटिलिटीज, हेल्थकेयर और क्वालिटी लार्ज कैप सुरक्षित विकल्प बन जाते हैं।

**साइकिल की पहचान कैसे की जाती है ?**

साइकिल की पहचान करने में महंगाई, ब्याज दरें, राजकोषीय खर्च और कैपेक्स ट्रेंड जैसे मैक्रो डेटा को ट्रैक करना शामिल है। पीएमआई और कॉन्फिडेंस सर्वे सहित बिजनेस सेंटीमेंट इंडिकेटर्स बताते हैं कि कंपनियां भविष्य की मांग को कैसे देखती हैं। विकसित बाजारों में विकास की संभावनाओं या चीन में नीतिगत बदलावों जैसे वैश्विक संकेत भी आकलन को प्रभावित करते हैं। मजबूत क्रेडिट ग्रोथ और ज्यादा विवेकाधीन खर्च आमतौर पर विस्तार का संकेत देते हैं, जबकि बढ़ी हुई महंगाई और सुस्त निवेश मंदी की ओर इशारा करते हैं।



**जवाहर मोटवानी**
**पार्टनर, मोटवानी फिनसर्व, रायपुर**

**यह रणनीति क्यों काम करती है ?**

यह सेक्टरों में डायनामिक एलोकेशन की अनुमति देती है, डिफेंसिव बदलावों के माध्यम से मंदी के दौरान अस्थिरता को कम करती है, और लंबे समय तक वेल्थ क्रिएशन के लिए पोर्टफोलियो को व्यापक आर्थिक रुझानों के साथ तालमेल रखती है।

**किन्हें इन फंड्स पर विचार करना चाहिए ?**

बिजनेस साइकिल फंड्स उन निवेशकों के लिए उपयुक्त हैं जिनकी जोखिम सहने की क्षमता ज्यादा है और जिनका निवेश का दायरा तीन से पांच साल का है, क्योंकि सेक्टर रोटेशन के साथ प्रदर्शन में भिन्नता आती है।

**अंत में**

बिजनेस साइकिल इन्वेस्टिंग पोर्टफोलियो को आर्थिक बदलावों के अनुसार एडजस्ट करने का एक स्ट्रक्चर्ड तरीका प्रदान करती है, जिससे निवेशकों को अवसरों को भुनाने और लंबे समय में जोखिमों को अधिक प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने में मदद मिलती है।

क्योंकि मार्केट साइकिल को टाइम करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है, इसलिए निवेशक प्रोफेशनल रूप से प्रबंधित बिजनेस साइकिल म्यूचुअल फंड्स को पसंद कर सकते हैं। एक ऑप्शन आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल बिजनेस साइकिल फंड है, जिसने लगातार निवेशकों को अच्छा अनुभव दिया है, 28 नवंबर, 2025 तक इसका 3-साल का सीएजीआर 21.66 प्रतिशत और शुरू से (जनवरी 2021) सीएजीआर 21.58 प्रतिशत रहा है।

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में प्रदेश के राष्ट्रीय परिषद के सदस्य भी बनेंगे प्रस्तावक

### मुख्यमंत्री साय के साथ मंत्री, सांसद और विधायक बने हैं राष्ट्रीय परिषद के सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव नए साल के पहले माह में होने की संभावना है। लंबे इंतजार के बाद भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया है। पूर्णकालिक अध्यक्ष का चुनाव होना बाकी है। इस बार नए अध्यक्ष के चुनाव में छत्तीसगढ़ को भी भागीदारी करने का पूरा मौका मिलेगा। प्रदेश में इस बार भाजपा प्रदेश संगठन के चुनाव पूरे होने के साथ राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों का भी चुनाव हो गया है। प्रदेश के राष्ट्रीय परिषद के सदस्य ही राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के नामांकन में प्रस्तावक और समर्थक बनेंगे। कई राज्यों की तरफ से नामांकन भरा जाएगा। छत्तीसगढ़ की तरफ से भी एक नामांकन भरे जाने की संभावना है।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव से पहले देश भर के राज्यों में भाजपा संगठन के चुनाव कराए गए। छत्तीसगढ़ में ही सबसे पहले इस साल 17 जनवरी को प्रदेश संगठन के चुनाव पूरे हुए, तब यहां पर भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष के साथ ही राष्ट्रीय परिषद के 17 सदस्यों का चुनाव कराया गया। पूरे



देश में छत्तीसगढ़ संगठन चुनाव पूरा कराने वाला पहला राज्य बना। इसके बाद दूसरे राज्यों के चुनाव पूरे हुए। देश के ज्यादातर राज्यों में संगठन के चुनाव हो चुके हैं। अब राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होना है।

#### इनको मिलेगा प्रस्तावक, समर्थक बनने का मौका

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में कई राज्यों के राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों से नामांकन फार्म में प्रस्तावक और समर्थक के रूप में हस्ताक्षर कराए जाते हैं। पिछली बार जब 2020 में राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में जेपी नड्डा अध्यक्ष बने, तब छत्तीसगढ़ में प्रदेश संगठन का चुनाव पूरा न होने के कारण छत्तीसगढ़ को इसमें भागीदारी का मौका नहीं मिला था, लेकिन इस बार चुनाव पूरे होने के कारण छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय परिषद के 17 सदस्यों के साथ ही भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव को भी प्रस्ताव और समर्थक बनने का मौका मिलेगा। प्रदेश में जो राष्ट्रीय परिषद के सदस्य बने हैं, उनमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, लता उसेंडी, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, संतोष पांडेय, विजय बघेल, रूपकुमारी चौधरी, राज्य सभा सांसद देवेंद्र राजा प्रताप सिंह, विधायक विक्रम उसेंडी, पुन्नूलाल मोहिले, प्रदेश के मंत्री दयालदास बघेल, केदार कश्यप, पूर्व विधायक ननकी राम कंवर और खूबचंद पारख शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### साव शहरी विकास मंत्रियों की बैठक में होंगे शामिल



**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव शविवार को भोपाल में आयोजित देश के उत्तर-मध्य राज्यों के शहरी विकास मंत्रियों की क्षेत्रीय बैठक में शामिल होंगे। इसमें उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, दिल्ली, राजस्थान और छत्तीसगढ़ भागीदारी करेंगे। बैठक में केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय तथा इन पांच राज्यों के बीच मिशन अमृत, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, शहरी परिवहन और अंगीकार अभियान के क्रियान्वयन पर चर्चा होगी। बैठक में स्वच्छ सर्वेक्षण-2026 का टूलकिट भी लॉन्च किया जाएगा। श्री साव बैठक में भाग लेने के लिए शनिवार को सवेरे साढ़े आठ बजे रायपुर से शासकीय विमान से भोपाल के लिए रवाना होंगे। वे सवेरे दस बजे भोपाल पहुंचेंगे।

### वीर बाल रैली के लिए सीएम साय को सौंपा आमंत्रण पत्र



**रायपुर।** छोटे साहिबजादे साहिबजादा जोरावर सिंहजी एवं साहिबजादा फतेह सिंहजी की अद्वितीय शहादत को समर्पित वीर बाल रैली के आयोजन के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को रैली में बतौर अतिथि शामिल होने आमंत्रण पत्र सौंपा गया। इस अवसर पर अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा सहित सिख समाज के प्रमुख प्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को वीर बाल दिवस के महत्व से अवगत कराते हुए बताया कि यह रैली बच्चों एवं युवाओं में साहस, धर्मनिष्ठा, राष्ट्रप्रेम और बलिदान की भावना को सुदृढ़ करने का एक प्रेरणादायी प्रयास है। आगामी वीर बाल रैली में हजारों स्कूली छात्र-छात्राएं, एनएसएस, एनसीसी, स्काउट-गाइड तथा विभिन्न खेल संघों से जुड़े खिलाड़ी सहभागिता निभाएंगे।

### सड़क चौड़ीकरण के नाम पर घर उजाड़ने का प्रयास



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने कहा कि रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के सिद्धार्थ चौक से साहू कॉम्प्लेक्स, संजय नगर होते हुए संतोषी नगर ओवरब्रिज तक प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण के नाम पर की गई नाप-जोख और मार्किंग से क्षेत्र के नागरिकों में भय, असुरक्षा और भारी आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने कहा कि आश्चर्यजनक तथ्य यह है कि इस मार्ग पर न तो किसी प्रकार की ट्रैफिक समस्या है, न ही क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों अथवा रहवासियों द्वारा सड़क चौड़ीकरण की कोई मांग की गई है। इसके बावजूद चौड़ीकरण का प्रस्ताव तैयार कर मनमानी तरीके से मकानों और दुकानों पर तोड़फोड़ की मार्किंग की गई है। श्री अग्रवाल ने कहा कि सड़क के दोनों ओर अलग-अलग स्थानों पर 2 मीटर से लेकर 15 मीटर तक घरों और दुकानों को तोड़े जाने की मार्किंग की गई है।

### उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने दी निवेश प्रस्तावों और क्रियान्वयन की जानकारी

# सालभर में छत्तीसगढ़ में 7.83 लाख करोड़ रुपए के 219 निवेश प्रस्ताव रायपुर से लेकर बस्तर संभाग तक के लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ में सालभर में 7.83 लाख करोड़ रुपयों के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। खास बात ये है कि यह अकेले राज्य के बड़े शहरों तक सीमित नहीं हैं। प्रस्तावित निवेशों की खास बात ये है कि हर 5 में से एक निवेश (21 प्रतिशत) आदिवासी बहुल बस्तर संभाग में हैं। 33 प्रतिशत रायपुर संभाग में और 46 प्रतिशत बिलासपुर, दुर्ग और सरगुजा संभागों के लिए हुए हैं। यह जानकारी एक प्रेस कांफ्रेंस में उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने दी।

- डेढ़ लाख लोगों को रोजगार के लिए बने हैं अवसर

नवंबर 2024 से अब तक राज्य ने 18 क्षेत्रों में 7.83 लाख करोड़ रुपए के 219 निवेश प्रस्ताव हासिल किए हैं। इनमें सेमीकंडक्टर और एआई से लेकर सीमेंट, बिजली और मैन्यूफैक्चरिंग तक शामिल हैं। ये परियोजनाएं राज्य के अन्य जिलों में फैली हैं, जिनसे 1.5 लाख रोजगार सृजित होंगे और यह पूरे राज्य में संतुलित विकास की ओर एक बड़ा संकेत है। प्रेस कांफ्रेंस में सीएसआईडीसी के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, सचिव उद्योग रजत कुमार, संचालक उद्योग प्रभात मालिक, सीएसआईडीसी के प्रबंध संचालक विश्वेष कुमार मौजूद थे।

#### हजार करोड़ से ऊपर की 57 परियोजनाएं

प्रस्तावित निवेश में लगभग 50 प्रतिशत निवेश प्राथमिक (थ्रस्ट) क्षेत्रों में हैं जैसे सेमीकंडक्टर और एआई डेटा सेंटर पार्क वहीं सीमेंट और बिजली जैसे पारंपरिक उद्योग भी मजबूत बने हुए हैं। कुल निवेश प्रस्तावों में 57 परियोजनाएँ 1,000 करोड़ रूपए से अधिक की है और 34 परियोजनाएँ 1,000 से ज्यादा रोजगार देने वाली हैं।

#### 6 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाएं शुरू

केवल निवेश प्रस्ताव ही नहीं उस पर क्रियान्वयन भी हो रहा है। 6,063 करोड़ रूपए की 9 बड़ी परियोजनाएं चालू हो चुकी हैं, जिनसे उत्पादन शुरू हो गया है और 5,500 से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। इसके अलावा 109 परियोजनाएं यानी लगभग आधी उन्नत चरण में हैं। ये या तो निर्माणाधीन हैं या भूमि आवंटन के बाद आगे बढ़ चुकी हैं। ये 24 जिलों और 16 क्षेत्रों में फैली हैं और जल्द ही 87,132 रोजगार सृजित करेंगी। खास बात यह है कि इनमें से 58 प्रतिशत परियोजनाएँ आतिथ्य एवं स्वास्थ्य, फूड प्रोसेसिंग, आईटी, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, टेक्सटाइल और फार्मा जैसे प्राथमिक क्षेत्रों से जुड़ी हैं।

#### सेमीकंडक्टर फैक्टरी को 45 दिन में मिली जमीन

प्रमुख परियोजनाएँ इस रफ्तार को साफ दिखाती हैं। पोलिमेटेक की 10,000 करोड़ रुपए से अधिक की सेमीकंडक्टर फैक्टरी जो छत्तीसगढ़ की पहली हे को सिर्फ 45 दिनों में भूमि आवंटित हुआ और काम तेजी से शुरू हुआ। रेकबैंक का 1,000 करोड़ रुपए का एआई डेटा सेंटर पार्क- देश का पहला-अब लगभग पूरा होने वाला है। ड्रल्स का 625 करोड़ रुपए का पेट फूड विस्तार प्रोजेक्ट ट्रायल प्रोडक्शन में है और इससे 3,000 रोजगार मिलेंगे। वी-राइज का तीसरा भारत कार्यालय एक आईटी यूनिट निर्माणाधीन है। अल्ट्राटेक सीमेंट का 1,600 करोड़ रुपए का निवेश चालू हो चुका है। आदित्य बिड़ला समूह का 67.5 मेगावाट का सोलर प्लांट मई में शुरू हो गया। वहीं बस्तर में रापपुर स्टोन क्लिनिक का 350-बेड अस्पताल लगभग तैयार है, जिससे आदिवासी परिवारों को उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी।

#### सरकार सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध : साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, 'जो राज्य कभी मुख्य रूप से लोहा और इस्पात के लिए जाना जाता था, वह अब सेमीकंडक्टर, एआई डेटा सेंटर पार्क, नवीकरणीय ऊर्जा, फूड प्रोसेसिंग और उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं जैसे नए क्षेत्रों का केंद्र बन रहा है। कंपनियां सिर्फ निवेश का निर्णय नहीं ले रहीं, बल्कि जल्द से जल्द काम शुरू करना बाहती हैं। हमारी सरकार हर उद्यमी के लिए व्यापार को आसान बनाने और हर चरण में पूरा सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है।

#### बढ़ा निवेशकों का भरोसा

मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा, 'सुधारों ने विवेकाधिकार की जगह पारदर्शिता लाई है, जिससे निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। इसका असर साफ दिखता है सरल प्रक्रियाएं और बड़े पैमाने पर जमीन पर उतरती परियोजनाएं। यह साबित करता है कि संवेदनशील शासन उद्योग को गति देता है। वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के सचिव रजत कुमार ने कहा हमारा फोकस यह सुनिश्चित करता है कि निवेश प्रस्ताव के बाद निवेशकों की गति न रुके।

## रोजगार योजना के नामकरण पर कांग्रेस का प्रलाप ओछा राजनीतिक हथकण्डा : कश्यप

- गांधी के नाम पर राजनीतिक दुकानदारी चलाने की मंशा में कांग्रेसी अब कामयाब नहीं होंगे





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के वन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने मनरेगा का नाम बदलकर 'वीबी-जी राम जी' किए जाने पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा दिए गए बयान को कांग्रेस का ओछा राजनीतिक हथकण्डा बताया है। श्री कश्यप ने कहा, अपने आलाकमान की चाटुकारिता करने की होड़ में बैज खुद को अव्वल बनाए रखने के लिए ऊलजलूल बयानबाजी कर रहे हैं।

श्री कश्यप ने कहा, अब वीबी-जी राम जी को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बैज झूठ की राजनीति कर रहे हैं। दरअसल बैज को अपने आलाकमान को खुश करने का कोई मौका हाथ नहीं लग रहा है और अब उन्हें यह डर सता रहा है कि कांग्रेस के 'परिवारवादी आलाकमान' के सामने कहीं उनका नंबर कम न हो जाए, इसलिए वे इस तरह की बेसिर-पैर की बातें करने में लगे हुए हैं। श्री कश्यप ने कहा, कांग्रेस के लोग जनहित के बजाय ऊलजलूल विषयों पर बयानवीर बनने और भ्रम फैला में जुटे हुए नजर आ रहे हैं। बैज की बेचैनी दरअसल इस बात को लेकर है कि योजना में 'राम जी' अनायास ही जुड़ गया है।

कांग्रेसियों को महात्मा गांधी अपने लिए राजनीतिक इस्तेमाल के लिए मुफीद लगते हैं, अन्यथा आज महात्मा गांधी के नाम पर हायतौबा मचा रहे कांग्रेस नेताओं को यह पता होना चाहिए कि इस योजना को पहले 'नरेगा' कहा जाता था और चुनावी लाभ के नजरिए से इस योजना में काफी अर्से बाद महात्मा गांधी का नाम जोड़ा गया था जिससे यह योजना 'मनरेगा' नाम से जानी गई।

#### केन्द्र सरकार का प्रभावी कदम

*श्री कश्यप ने कहा, बजाय योजना के नए नामकरण पर प्रलाप करने के कांग्रेस नेताओं को योजना के कथ्य व लक्ष्य पर फोकस करना चाहिए, लेकिन कांग्रेसी अपने परिवारवादी राजनीतिक चरित्र के खाके से बाहर निकलने को तैयार ही नहीं हैं। अब इस योजना में 100 के बजाय 125 दिनों के रोजगार की गारंटी दी जा रही है। श्री कश्यप ने कहा, मनरेगा के जरिए कांग्रेस के लोगों ने भ्रष्टाचार की जो हदें पार कर दी थीं, उसे रोकने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने एक प्रभावी कदम उठाया है। कांग्रेसी आज भी गांधी के नाम पर अपनी राजनीतिक दुकानदारी चलाने की फिराक में हैं, लेकिन अपनी इस मंशा में कांग्रेस अब कामयाब नहीं होगी।*

## लोकसभा में सांसद बृजमोहन ने उठाया जेएलएन अस्पताल भिलाई का मामला

### विशेषज्ञ डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने लोकसभा में भिलाई स्थित जवाहरलाल नेहरू अस्पताल एवं अनुसंधान केन्द्र (जेएलएनएच एंड आरसी) से जुड़े अत्यंत महत्वपूर्ण जनस्वास्थ्य के विषय को प्रभावी एवं गंभीरता से उठाया।

श्री अग्रवाल ने अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ की उपलब्धता, उनकी संभावित कमी तथा भिलाई इस्पात संयंत्र एवं आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों में होने वाली गंभीर दुर्घटनाओं, आगजनी, सामूहिक हताहतों एवं मानसिक आघात जैसी आपात स्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए बर्न यूनिट एवं आईसीयू की अवसंरचना तथा मानव संसाधन को और अधिक सुदृढ़ करने की मांग केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री से की। श्री अग्रवाल ने कहा, जेएलएन अस्पताल का संचालन इस्पात मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में होता है और यह अस्पताल भिलाई सहित आसपास के लाखों नागरिकों के लिए जीवनरेखा के समान है। ऐसे में यहां अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं, पर्याप्त विशेषज्ञ सेवाओं एवं मजबूत आपातकालीन स्वास्थ्य तंत्र का होना अत्यंत आवश्यक है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा, वर्तमान में जेएलएन अस्पताल एवं अनुसंधान केन्द्र में आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन हेतु पर्याप्त विशेषज्ञ चिकित्सक एवं नर्सिंग स्टाफ उपलब्ध है। साथ ही स्टाफ की नियमित समीक्षा की जाती है, जिससे उपचार की गुणवत्ता और निरंतरता बनी रहती है।

### विकास ने कहा

## एसआईआर में कटे 27 लाख नामों में कितने घुसपैठिए, सूची सार्वजनिक करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



पूर्व संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने कहा, छत्तीसगढ़ में 2 करोड़ 12 लाख मतदाता हैं, जिसमें से 27 लाख लोगों के नाम काटे जाने की सूचना आ रही है। जो 27 लाख नाम काटे गए हैं, उसमें कितने घुसपैठिए, इसकी सूची सार्वजनिक करनी चाहिए। जैसा कि हमने पहले ही कहा था कि चुनाव आयोग भारतीय जनता पार्टी की कठपुतलियां की तरह काम कर रहा है और एसआईआर के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी को फायदा पहुंचाना चाहता है।

- छत्तीसगढ़ में चुनाव 3 साल बाद, एसआईआर में इतनी जल्दबाजी क्यों

श्री उपाध्याय ने कहा, भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधि और प्रभावशाली लोग बीएलओ पर दबाव बनाकर उनसे कार्य करा रहे हैं, जहां दबाव में काम कराने का पत्र लिख कर दर्जनों बीएलओ द्वारा आत्महत्या जैसे प्रकरण सामने आ चुके हैं। छत्तीसगढ़ में एसआईआर फॉर्म भरने की तिथि एक महीने के लिए निर्धारित की गई थी जबकि छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने 3 महीने फॉर्म भरने की अवधि दिए जाने की बात कही थी, लेकिन हड़बड़ी में चुनाव आयोग छत्तीसगढ़ में एसआईआर कराना चाहता था और वह अपनी मनसा पर सफल हो गया, जबकि छत्तीसगढ़ में बहुतायत लोग ऐसे हैं जो सुबह से अपने काम पर निकल जाते हैं और रात में वापस आते हैं। ऐसी स्थिति में कैसे एसआईआर का फॉर्म भरते, लेकिन चुनाव आयोग को अपनी मनमानी करनी थी।

## जाति की जांच : एक दिन में 22 प्रकरणों की सुनवाई, पहली बार वीडियो कांफ्रेंस से सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा की अध्यक्षता में आज उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के सभाकक्ष, नवा रायपुर में हुई। शुक्रवार को हुई इस बैठक की विशेषता यह रही कि एक ही दिन में कुल 22 प्रकरणों की सुनवाई एवं समीक्षा की गई। इसके साथ ही समिति द्वारा पहली बार पक्षकार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई का अवसर प्रदान किया गया। समिति की इस पहल से प्रक्रिया को और अधिक सुगम, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाने में मदद मिलेगी।

#### 12 केस में जाति की जांच

बैठक में 12 प्रकरणों की सुनवाई की गई। इनमें जाति जांच प्रकरण से संबंधित 10 प्रकरणों में पक्षकार समिति के समक्ष उपस्थित हुए। एक प्रकरण में पक्षकार अंबिकापुर, सरगुजा से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुआ एवं अपना पक्ष रखा, वहीं एक प्रकरण में पक्षकार अनुपस्थित रहा। इसके अतिरिक्त समिति के समक्ष 10 प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत किए गए। इस प्रकार एक ही दिन में समिति ने कुल 22 प्रकरणों की सुनवाई एवं समीक्षा करते हुए 05 प्रकरणों की सुनवाई पूर्ण कर आदेश जारी करने के निर्देश दिए, जबकि 17 प्रकरणों में जाति प्रमाण पत्र धारकों को सुनवाई का एक और अंतिम अवसर प्रदान करते हुए आगामी बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए।

#### सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट से संबंधित मामले

समिति द्वारा लगातार बैठक आयोजित कर जाति प्रमाण पत्र एवं सामाजिक प्रस्थिति से संबंधी प्रकरणों की सुनवाई की जा रही है। सर्वोच्च न्यायालय तथा उच्च न्यायालय से संबद्ध प्रकरणों पर भी नियमानुसारं पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से सुनवाई कर प्रकरणों का शीघ्र निपटारा किया जा रहा है। आज की बैठक में बड़ी संख्या में पक्षकार एवं अधिवक्ता अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु उपस्थित हुए।

**शामिल हुए ये अधिकारी :** बैठक में आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास डॉ. सारांश मित्तर (सदस्य), संचालक, आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान हिना अनिमेष नेताम (सदस्य सचिव), संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय ऋतुराज रघुवंशी (सदस्य) उपस्थित थे, वहीं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संचालक, भू-अभिलेख विनीत नंदनवार (सदस्य) भी जुड़े हुए थे। इसके अलावा संयुक्त संचालक, टीआरटीआई गायत्री नेताम (प्रभारी अधिकारी, जाति जांच प्रकोष्ठ), रमा उइके (सदस्य), डॉ. अनिल विरूलकर (सदस्य) सहित जाति जांच प्रकोष्ठ के जितेन्द्र गुप्ता, अंजनी भगत, ईश्वर साहू एवं सुमन बंजारे उपस्थित थीं।

## राज्य युवा महोत्सव 23 से 25 तक बिलासपुर में, 3100 युवा होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

न्यायधानी बिलासपुर में 23 से 25 दिसम्बर तक आयोजित राज्य युवा महोत्सव-2025 में 3100 युवा भागीदारी करेंगे। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य खेल प्रशिक्षण केंद्र बहतराई में इसका आयोजन किया जा रहा है। इसमें जिला स्तरीय युवा उत्सव के विजेता प्रतिभागी 14 विधाओं में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। राज्य युवा महोत्सव के विजेता प्रतिभागी अगले वर्ष होने वाले राष्ट्रीय युवा महोत्सव में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। 23 दिसम्बर को महोत्सव के उद्घाटन समारोह में छत्तीसगढ़ की मेजबानी में होने वाले प्रथम खेलो इण्डिया ट्रायबल गेम्स की लॉन्चिंग सेरेमनी भी होगी। तीन दिवसीय इस आयोजन के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक एवं मंचीय कार्यक्रम भी होंगे।

- उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने प्रेस कांफ्रेंस में दी जानकारी

उप मुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री अरुण साव ने शुक्रवार को प्रेस-कॉन्फ्रेंस में राज्य युवा महोत्सव के दौरान होने वाले प्रतियोगिताओं और कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने अपने नवा रायपुर स्थित निवास कार्यालय में आयोजित प्रेस-कॉन्फ्रेंस में महोत्सव के पोस्टर का विमोचन किया। राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव यशवंत कुमार और संचालक तनूजा सलाम भी प्रेस-कॉन्फ्रेंस में मौजूद थीं।


**न्यायालय तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)**

**-: ईश्तहार:-**

**रा.प्र.क्रमांक/ / बी-121/2024-25**
**रायपुर, दिनांक 16/12/2025**
**ग्राम दतरेंगा, प.ह.नं. 84,**
**तहसील व जिला रायपुर छ.ग.**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक डॉ. सत्येन्द्र सिंह सेंगर (प्रान्ताध्यक्ष संस्कृत भारती) मो.नं. 8305364257 द्वारा माननीय कलेक्टर महोदय के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि शैक्षणिक गतिविधियो के सुचारू संचालन के लिए आवासीय केन्द्र निर्माण हेतु भूमि की आवश्यक है जिसमें संबंध में ग्राम दतरेंगा, प.ह.नं. 84, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 337/4 रकबा 1.587 तथा खसरा नंबर 335/1 रकबा 1.6180 हे. शासकीय भूमि संस्कृत पठन-पाठन एवं स्थायी प्रशिक्षण केन्द्र निर्माण हेतु भूमि आबंटन करने हेतु निवेदन किया है। जो अनुविभागीय अधिकारी महोदय रायपुर के माध्यम से जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 08/01/2026 को इस न्यायालय में पेश करें । नियत समयावधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 16/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

मुहर

**तहसीलदार**
**रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार के द्वारा (1) श्रीमती नीलम श्रीवास्तव, पति स्व. श्री नीरज श्रीवास्तव, (आधार कार्ड क्रमांक : 4515 9067 9825); (2) अंकिता श्रीवास्तव, आत्मजा स्व. श्री नीरज श्रीवास्तव, (आधार कार्ड क्रमांक : 5702 3938 8885) एवं (3) श्री आरिन श्रीवास्तव, पिता स्व. श्री नीरज श्रीवास्तव, (आधार कार्ड क्रमांक : 370996430432) तीनों निवासी सी-330, सेक्टर-6, वल्लभ नगर, संत ज्ञानेश्वर स्कूल के पास, रायपुर, तहसील व जिला - रायपुर (छ.ग.) मोबा.नं. : 87708 25700 के संयुक्त स्वत्व, हक, हित, आधिपत्य व कब्जे की वाके मोहल्ला - शंकरनगर, रानी लक्ष्मी बाई वार्ड (वार्ड क्रमांक 10), प.ह.नं. 00063, रा.नि.मं. रायपुर-1, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित आवासीय व्यपवर्तित भूमि जिसका खाता क्रमांक 1548 खसरा नंबर 1054/4 का भाग, रकबा 30 X 50 = 1500 वर्गफुट को विक्रय इकरारनामा दिनांकित 15.12.2025 के माध्यम से क्रय करने का सौदा तय कर किया जाकर उक्त अग्रिम बयाना राशि अदा कर दिया गया है तथा विक्रय प्रतिफल की शेष राशि अदा कर विक्रय विलेख का निष्पादन व पंजीयन की कार्यवाही उप-पंजीयक कार्यालय, रायपुर (छ.ग.) में किया जाना शेष है।

इस आवासीय व्यपवर्तित भूमि के संव्यवहार / खरीदी बिक्री के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, बोर्ड, निकाय, साहूकार, प्राधिकरण आदि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो वह अपनी आपत्ति मय दस्तावेज के मेरे पते पर आम सूचना प्रकाशन दिनांक से 7 (सात) दिवस के अंदर प्रस्तुत करें। उपरोक्त अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियां शून्य एवं विधि विरूद्ध समझी जावेगी ।

**अतः सूचना जानें ।**

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक : 19.12.2025

भवदीय,
(संजय नायक) अधिवक्ता,
"जय सत्य" ए-43, ढेबर स्टील सिटी,
न्यू-गायत्री नगर के पास,
पोस्ट - शंकरनगर, रायपुर (छ.ग.)
मो.नं.: 98265-74355

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार नोहर कुमार साहू, पिता-श्री राम सिंह साहू, निवासी-मकान नं-77473, गली नं-07, शिव मंदिर के पास, गांधी नगर, अमलीडीह, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ०ग०) ने विक्रेता श्रीमती उषा कुर्रे पति श्री उत्तम कुमार कुर्रे, निवासी-म.न-एच., ब्लॉक नं-15, भिलाई, तहसील भिलाई, जिला दुर्ग छ०ग० से उनके आधिपत्य एवं स्वामित्व की परिवर्तित भूमि जो कि, मौजा-बोरियाखुर्द, प.ह.नं.-71, रा.नि.मं.-रायपुर-14-बोरियाखुर्द, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित जिसका ख.नं.-41/45, रकबा 1000 वर्गफुट को क्रय करने का सौदा कर विक्रय इकरारनामा का निष्पादन किया जाकर अग्रिम बयाना राशि दे चुका है। केवल बैनामा निष्पादन एवं पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उक्त संव्यवहार के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, बैंक, साहूकार, शासकीय अथवा गैर शासकीय निकाय, निगम, पारिवारिक सदस्य एवं अन्य को कोई दावा या आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिनों के भीतर मय दस्तावेज के लिखित में आपत्ति प्रस्तुत कर पावती लेंवे, केवल आम सूचना का खण्डन मान्य नही होगा। म्याद बाद की गयी दावा या आपत्ति इस आम सूचना के समक्ष अवैध व शून्य मानी जावेगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी, एवं मेरा पक्षकार अपने पक्ष में बैनामा पंजीयन कराने के लिये स्वतंत्र होगा।

**सो सूचना जाने।**

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक : 19.12.2025

भवदीय,
पी.एल. साहू, अधिवक्ता
निवास-भैरव नगर, तामेश्वर
किराना स्टोर्स के पास मठपुरैना,
रायपुर
तह. व जिला रायपुर (छ.ग.)


### बिजनेस साइट

## बिजनेस साइकिल इन्वेस्टिंग: अपने पोर्टफोलियो को अर्थव्यवस्था के साथ तालमेल बनाना



**जवाहर मोटवानी**
पार्टनर, मोटवानी फिनसर्व, रायपुर

**रायपुर।** बाजार की स्थितियां शायद ही कभी स्थिर रहती हैं, और निवेशक आर्थिक बदलावों के हिसाब से ढलने वाली रणनीतियों का महत्व तेजी से पहचान रहे हैं। बिजनेस साइकिल इन्वेस्टिंग ऐसा ही एक तरीका है, जिसे पोर्टफोलियो को अर्थव्यवस्था के प्राकृतिक चरणों - रिकवरी, विस्तार, मंदी और गिरावट - के साथ तालमेल बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। इन बदलावों के साथ तालमेल बिठाकर, निवेशक जोखिमों को नियंत्रण में रखते हुए रिटर्न बढ़ाने का लक्ष्य रखते हैं।

**बिजनेस साइकिल इन्वेस्टिंग क्या है?**
बिजनेस साइकिल इन्वेस्टिंग पोर्टफोलियो को अर्थव्यवस्था के चरण के अनुसार एडजस्ट करती है, क्योंकि हर चरण कमाई, मांग और सेक्टर के प्रदर्शन को अलग-अलग तरह से प्रभावित करता है। प्रोफेशनल फंड मैनेजर मैक्रो इंडिकेटर्स को ट्रैक करते हैं और सेक्टर, मार्केट कैप और थीम के बीच रोटेट करते हैं ताकि उन जगहों पर पोजीशन बनाई जा सके जहां अवसर सबसे मजबूत हों।

**आर्थिक या बिजनेस साइकिल के चार चरण**
रिकवरी में, विकास वापस आता है और फाइनेंस, रियल एस्टेट और मैन्युफैक्चरिंग जैसे सेक्टर सबसे पहले ठीक होते हैं। विस्तार के दौरान, मजबूत मांग कंज्यूमर डिस्क्रिशनरी, ऑटो, एनर्जी और मेटल्स को बढ़ावा देती है। मंदी या रिसेशन में, कम खर्च स्टेपल्स, फार्मा और आईटी जैसे डिफेंसिव सेक्टर के पक्ष में होता है। गिरावट से गहरा सिंकुड़न आता है, जिससे यूटिलिटीज, हेल्थकेयर और क्वालिटी लार्ज कैप सुरक्षित विकल्प बन जाते हैं।


**साइकिल की पहचान कैसे की जाती है?**
साइकिल की पहचान करने में महंगाई, ब्याज दरें, राजकोषीय खर्च और कैपेक्स ट्रेंड जैसे मैक्रो डेटा को ट्रैक करना शामिल है। पीएमआई और कॉन्फिडेंस सर्वे सहित बिजनेस सेंटीमेंट इंडिकेटर्स बताते हैं कि कंपनियां भविष्य की मांग को कैसे देखती हैं। विकसित बाजारों में विकास की संभावनाओं या चीन में नीतिगत बदलावों जैसे वैश्विक संकेत भी आकलन को प्रभावित करते हैं। मजबूत क्रेडिट ग्रोथ और ज्यादा विवेकाधीन खर्च आमतौर पर विस्तार का संकेत देते हैं, जबकि बढ़ी हुई महंगाई और सुस्त निवेश मंदी की ओर इशारा करते हैं।

**यह रणनीति क्यों काम करती है?**
यह सेक्टरों में डायनामिक एलोकेशन की अनुमति देती है, डिफेंसिव बदलावों के माध्यम से मंदी के दौरान अस्थिरता को कम करती है, और लंबे समय तक वेल्थ क्रिएशन के लिए पोर्टफोलियो को व्यापक आर्थिक रुझानों के साथ तालमेल रखती है।

**किन्हें इन फंड्स पर विचार करना चाहिए?**
बिजनेस साइकिल फंड्स उन निवेशकों के लिए उपयुक्त हैं जिनकी जोखिम सहने की क्षमता ज्यादा है और जिनका निवेश का दायरा तीन से पांच साल का है, क्योंकि सेक्टर रोटेशन के साथ प्रदर्शन में भिन्नता आती है।

**अंत में**
बिजनेस साइकिल इन्वेस्टिंग पोर्टफोलियो को आर्थिक बदलावों के अनुसार एडजस्ट करने का एक स्ट्रक्चर्ड तरीका प्रदान करती है, जिससे निवेशकों को अवसरों को भुनाने और लंबे समय में जोखिमों को अधिक प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने में मदद मिलती है।

क्योंकि मार्केट साइकिल को टाइम करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है, इसलिए निवेशक प्रोफेशनल रूप से प्रबंधित बिजनेस साइकिल म्यूचुअल फंड्स को पसंद कर सकते हैं। एक ऑप्शन आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल बिजनेस साइकिल फंड है, जिसने लगातार निवेशकों को अच्छा अनुभव दिया है, 28 नवंबर, 2025 तक इसका 3-साल का सीएजीआर 21.66 प्रतिशत और शुरू से (जनवरी 2021) सीएजीआर 21.58 प्रतिशत रहा है।


हरिभूमि
24TH
YEARS
ANNIVERSARY
CELEBRATION
सत्य के सजग,
निडर पत्रकारिता के
प्रतिबिंब दैनिक
हरिभूमि
रायपुर संस्करण के 24 वें
स्थापना
दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं...
नितिन गौरीशंकर अग्रवाल
प्रदेश सह संयोजक
(व्यापार प्रकोष्ठ)
विनित : मित्रगण रायपुर छत्तीसगढ़

# 6 माह में भी नहीं छप सकी अंकसूची! रजिस्टर में दर्ज हो रहे छात्रों के तिमाही-छमाही के अंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

स्वामी आत्मानंद विद्यालय के छात्रों की तिमाही, छमाही और वार्षिक परीक्षाओं के अंक रजिस्टर में ही दर्ज हो रहे हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि अब इन्हें अंकसूची नहीं मिल सकी है। शासकीय विद्यालयों में अंकसूची का प्रकाशन शाला विकास निधि से किया जाता है। परंतु स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना के अंतर्गत संचालित होने वाले स्कूलों को अंकसूची एससीईआरटी द्वारा प्रदान की जाती है। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा ही स्वामी आत्मानंद विद्यालयों के लिए अंकसूची प्रकाशित कर वितरण किया जाता है। स्कूलों में तिमाही-छमाही परीक्षाओं के अलावा मासिक टेस्ट भी होते हैं। इन सभी के अंकों का जिक्र अंकसूची में करना अनिवार्य होता है। चूंकि अब तक मार्कशीट ही नहीं मिल सकी है, इसलिए विद्यालय छात्रों के अंक रजिस्टर में ही लिख रहे हैं। वहीं दूसरी, ओर जिला शिक्षा कार्यालय का कहना है कि कुछ दिनों पूर्व ही अंकसूची का वितरण किया जा चुका है। जबकि राजधानी में सबसे खोले गए स्वामी आत्मानंद विद्यालयों के प्राचार्यों के मुताबिक, उनसे लगभग एक सप्ताह पहले ही अध्ययनरत छात्रों की संख्या मांगी गई है ताकि संख्या के अधार पर छात्रों के लिए अंकसूची प्रेषित की जा सके। इन हालातों के बीच छात्र अर्द्धवार्षिक और वार्षिक परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं।

## स्वामी आत्मानंद विद्यालयों को अब तक अंकसूची नहीं दे सका है एससीईआरटी

### पालकों के लगातार सवाल

राजधानी के प्रमुख स्वामी आत्मानंद विद्यालयों के प्राचार्यों से हुई बातचीत में उन्होंने अपनी समस्याएं गिनाई। उनका कहना है कि अंकसूची प्रदान नहीं किए जाने से पालक परेशान हैं। वे परीक्षाओं को लेकर ही सवाल कर रहे हैं। उनका कहना है कि यदि परीक्षाएं आयोजित की गई हैं, तो उन्हें अब तक अंकसूची क्यों नहीं मिली है। अंकसूची नहीं होने के कारण पालकों को भी अपने बच्चों के अकादमिक प्रदर्शन की जानकारी नहीं हो पा रही है। इसके अतिरिक्त यदि उन्हें अंकसूची वार्षिक परीक्षाओं के दौरान ही प्रदान की जाएगी तो शिक्षकों पर कार्यभार बढ़ जाएगा। पूर्व से ही अंकसूची प्राप्त रहने की स्थिति में छात्रों की व्यक्तिगत जानकारी, मासिक टेस्ट, तिमाही और छमाही परीक्षाओं की जानकारी भर दी जाती है। पहले से ही जानकारी भरी होने के कारण वार्षिक परिणामों में अधिक विलंब नहीं होता है।




**वितरण पूर्ण :** अंकसूची का प्रकाशन एससीईआरटी द्वारा ही किया जाता है। मेरी जानकारी में अंकसूची का वितरण किया जा चुका है।

- हिमांशु भारती, जिला शिक्षा अधिकारी, रायपुर

## खबर संक्षेप

### महिला आयोग नहीं रोक पा रहा तस्करी

**रायपुर।** आम आदमी पार्टी ने प्रदेश में महिला आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। प्रदेश सचिव अनुषा जोसेफ ने कहा, प्रदेश में महिला आयोग मात्र दिखावे के लिए रह गया है। यह महिलाओं की तस्करी नहीं रोक पा रहा है। वहीं प्रदेशाध्यक्ष गोपाल साहू ने कहा, छग में मानव तस्करी धड़ल्ले से हो रही है, विशेषकर महिलाओं की तस्करी। प्रदेश सरकार इस पर रोक नहीं लगा पा रही है, यह गंभीर बात है।

## निधन

### तखतमल मंगवानी



**रायपुर।** राजीव नगर निवासी मुखी तखतमल मंगवानी (91) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 19 दिसंबर को देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे बखतमल ,भगतराम मंगवानी के भाई एवं जगदीश, विजय, सुनील, अनिल, अमर मंगवानी के पिता थे।

### डॉ. दिनेश्वर शर्मा

**रायपुर।** डीडीनगर निवासी, शासकीय आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के पूर्व प्राचार्य एवं डीन डॉ. दिनेश्वर शर्मा (88) का 19 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 20 दिसंबर को दोपहर 12 बजे महादेवघाट श्मशानघाट में किया जाएगा। वे मंत्रालय से सेवानिवृत्त ओएसडी कौशलेंद्र मिश्रा, डॉ. रविंद्र, डॉ. धर्मेंद्र एवं पंकज शर्मा के पिता थे।

### उर्मिला परहाड़



**रायपुर।** तात्यापारा निवासी सेवानिवृत्त शिक्षिका उर्मिला परहाड़ (90) का 18 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे भुनेश्वर कृष्णराव, अशोक, शरद व अनिल की बड़ी बहन एवं मनीष परहाड़ की बुआ थीं।

### अमित कुमार मिश्र



**रायपुर।** आदि अपार्टमेंट श्रीराम नगर शंकरनगर फेस-2 निवासी अमित कुमार मिश्र का 19 दिसंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 20 दिसंबर को सुबह 9.30 बजे निवास स्थान से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे डॉ. आशुतोष मिश्र के छोटे भाई एवं आत्मन के पिता थे।

### मीना मिश्रा



**रायपुर।** तात्यापारा ललिता चौक निवासी मीना मिश्रा का 18 दिसंबर को निधन हो गया। वे रोहित मिश्रा, राहुल मिश्रा की माता थीं।

### हाल ही में तेंदुआ, बाघ और बायसन के शिकार के बाद वन विभाग ने लिया निर्णय

# शिकार की घटना से थर्राया वन विभाग चलाएगा एंटी स्नेयर वॉक अभियान



सूरजपुर वनमंडल में मिला टाइगर का शव, खैरागढ़ वनमंडल में पाया गया तेंदुए का शव, कानन पेण्डारी जू में बाघिन ने तोड़ा दम

**'बघवा' पर शिकारी भारी, दो बाघ, एक तेंदुए की मौत, दो के नाखून-दांत गायब!**

तेंदुए के पंजे, नाखून और दांत काटकर ले गए शिकारी

विशेषज्ञों के पहुंचने का इंतजार

बुलाई गई है टीम

उदयराज बाघिन दामिनी की मौत

संदिग्धों से पूछताछ जारी

होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य के खैरागढ़, सूरजपुर तथा कवर्धा वनमंडल में तेंदुआ, बाघ तथा दो बायसन के शिकार की घटनाओं को वन विभाग के अफसरों ने गंभीरता से लिया है। चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन के निर्देश पर राज्य के सभी वनमंडलों में एंटी स्नेयर वॉक अभियान चलाया जाएगा। अभियान पूरे साल चलेगा। इसके लिए शुक्रवार को कवर्धा वनमंडल में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

वन क्षेत्रों में फंदा (स्नेयर) लगाकर एवं करंट से वन्यप्राणियों का शिकार किया जाता है। वनक्षेत्रों में नियमित पेट्रोलिंग कर ऐसी घटनाओं के रोकथाम का प्रयास किया जाता है, लेकिन ऐसी घटनाएं लगातार घटित हो रही हैं। इसी माह 14 दिसंबर को खैरागढ़ वनमंडल में एक तेंदुआ, दूसरे दिन सूरजपुर वनमंडल में एक बाघ तथा तीसरे दिन कवर्धा वनमंडल में 2 बायसन के शिकार की घटनाएं हुई थीं। इन घटनाओं की प्रभावी रोकथाम के लिए वनक्षेत्रों की सघन पेट्रोलिंग एवं एंटी स्नेयर वॉक के साथ-साथ बड़े पैमाने पर चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन अरुण पाण्डेय ने जन-जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता पर बल दिया।

### ऐसे करेंगे एंटी स्नेयर वॉक

- संपूर्ण वन क्षेत्र का सघन पैदल निरीक्षण कर वनों में बिछाए गए फंदे एवं बिजली के तार आदि की खोज।
- वनक्षेत्रों के अंदर एवं समीप ऐसे बिजली खंबे एवं अन्य विद्युत प्रवाह केंद्रों को चिन्हांकित कर जहां पर करंट के माध्यम से वन्यप्राणी के शिकार के लिए तार बिछाया जा सकता है तथा ऐसे क्षेत्रों की नियमित निगरानी।
- बीटवार एन्टी स्नेयर वऍक के दौरान प्राप्त जानकारियों को बीट खैरियत रिपोर्ट में उल्लेख करने निर्देश
- वनक्षेत्रों में एवं उनके समीप खुले कुएं या गड्ढे, जिनमें वन्यप्राणियों के गिरने का खतरा बना रहता है, उन स्थलों को चिन्हांकन किया जाए तथा इन्हें ढंकने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने निर्देश
- वनक्षेत्रों में कई स्थानों पर पूर्व में विद्युत लाइन बिछाई गई है, इन क्षेत्रों का नियमित भ्रमण फील्ड अधिकारियों द्वारा किया जाए एवं यदि किसी स्थल पर तार जमीन की सतह से कम ऊंचाई पर पाया जाता है, जिनसे हाथी एवं अन्य वन्यप्राणियों के सम्पर्क में आने की आशंका हो तो तत्काल इसकी लिखित जानकारी विद्युत विभाग के जिला स्तरीय अधिकारियों को देने के निर्देश।

# नवा रायपुर बनेगा नया तहसील क्षेत्र, अधिसूचना जारी, आमजनों से 60 दिनों में मंगाई दावा-आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



रायपुर जिले में एक और तहसील अस्तित्व में आने वाली है। नवा रायपुर के आसपास के क्षेत्रों को मिलाकर नई तहसील प्रस्तावित की है। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर 60 दिनों में दावा-आपत्ति आमंत्रित की गई है। इस अवधि के बाद दावा-आपत्ति का निराकरण कर तहसील क्षेत्र को अधिसूचित किया जाएगा। अटलनगर तहसील में उत्तर के क्षेत्र की सीमा मंदिर हसौद, दक्षिण में अभनपुर, पूर्व में गोबरा नवापारा और पश्चिम में रायपुर तहसील तक शामिल होगा।

नवा रायपुर तहसील में. कुल 06 राजस्व निरीक्षक मण्डल पलौद, मंदिरहसौद, केन्द्री, तोरला, सेरीखेडी, रायपुर 18 कांदुल तथा राजस्व निरीक्षक मण्डल 06 के कुल 20. पटवारी हल्के पलौद 20, 21, 23, 24, 25, 26 मंदिर हसौद - 15, 22, केन्द्री 13, 14, 15, 16, 18, 19, तोरला-01, 02, सेरीखेडी- 16, 39, 40, रायपुर-18 कांदुल - 51,06 राजस्व निरीक्षक मण्डल के 20 पटवारी हल्के के कुल 39 ग्राम- पनौव परसदा -20 पलौद -21 रीको 21 सेंद-21 चीचा- 23 बरौदा-23 रमचंडी -23 कयाबांधा -24 झांझ- 24 नवागांव -24 खपरी -24 कुहेरा- 25 राखी -25 कोटनी- 26 कोटराभाठा- 26 तांदुल-26, मंदिर हसौद छतौना - 22 नवागांव-15 केन्द्री-बेन्द्री-13 परसट्ठी-13 निमोरा- 14 उपरवारा-15 तुता-15 केन्द्री-16 झांकी-16 खण्डवा-18 भेलवाडीह - 18 पचेड़ा-19 तोरला-चेरिया-1 पौंता- 1 वंजारी-1 तेन्दुआ -1 कुरू- 2, सेरीखेड़ी-सेरीखेड़ी -16 नकटी- 16 टेमरी-39 धरमपुरा-39 बनरसी- 40, रायपुर-18, कांदुल- माना -51, को मिलाकर 20 पटवारी हल्के के 39 ग्राम नवीन तहसील, अटल नगर में शामिल होंगे।






# एम्स के एमआईसीयू में चल रहा शुक्ल का उपचार

**रायपुर।** प्रसिद्ध हिंदी साहित्यकार एवं भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित 89 वर्षीय विनोद कुमार शुक्ल का उपचार अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में चल रहा है। 2 दिसंबर को उन्हें यहां दाखिल किया गया था, जहां विभिन्न विभागों के डाक्टरों की टीम उनकी निगरानी कर रही है। वर्तमान में वे एमआईसीयू में वेंटिलेटर और ऑक्सीजन सपोर्ट पर हैं। एम्स रायपुर के कार्यकारी निदेशक अशोक जिंदल एवं चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रेणु राजगुरु स्वयं शुक्ल की चिकित्सकीय स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। उनके आवश्यक इलाज के लिए कार्डियोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, रूमेटोलॉजी, पल्मोनोलॉजी, प्लास्टिक सर्जरी एवं भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास (पीएमआर) विभागों के विशेषज्ञों एवं सुपर-स्पेशलिस्ट्स की टीम बनाई गई है। उनका नेतृत्व चिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विनय आर. पंडित कर रहे हैं।कुछ दिनों पहले मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने एम्स आकर उनसे मुलाकात कर स्वास्थ्य की जानकारी ली थी।






# निपनिया यार्ड में रेलवे ट्रैक का सुधार, ट्रेनों की रफ्तार होगी दोगुनी



रायपुर। रायपुर रेल मंडल के निपनिया यार्ड (पश्चिम) में रेलवे ट्रैक के लेआउट में सुधार किया गया है। इस काम के पूरा होने के बाद इस क्षेत्र से गुजरने वाली ट्रेनों की गति अब बढ़ जाएगी। पहले जहां ट्रेनें 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गुजरती थीं, वहीं अब वे 30 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चल सकेंगी। रेलवे द्वारा यह कार्य शुक्रवार को सुबह 10:30 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक किया गया। इस दौरान ट्रैक के पॉइंट्स और क्रॉसिंग का सही एलाइनमेंट किया गया, जिससे ट्रैक अधिक सुरक्षित और सुचारू बन सके। इस सुधार कार्य में डीप स्क्रीनिंग मशीन, बीसीएस मशीन सहित आधुनिक मशीनों का उपयोग किया गया। करीब 200 से अधिक रेलवे कर्मचारियों ने मिलकर इस काम को अंजाम दिया। कार्य का निरीक्षण अपर मंडल रेल प्रबंधक ने निपानिया यार्ड पहुंचकर किया। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, इस तरह के लेआउट सुधार से ट्रैक की मजबूती बढ़ती है, झटके कम होते हैं और ट्रेनों का संचालन सुरक्षित व तेज़ होता है। खासतौर पर यार्ड और पॉइंट्स जैसे संवेदनशील स्थानों पर यह काम बेहद जरूरी होता है। निपनिया यार्ड में किए गए इस सुधार से अब ट्रेनों की आवाजाही पहले से ज्यादा बेहतर और सुरक्षित होगी, जिससे यात्रियों के समय की बचत भी होगी।







**खबर संक्षेप**

### खम्हारडीह में गुरु घासीदास बाबा जयंती समारोह मनाया



**रायपुर।** गुरु घासीदास बाबा का 269वां जयंती समारोह 1 से 25 दिसंबर तक शंकरनगर खम्हारडीह बस्ती में हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। इस संबंध में सतनामी समाज खम्हारडीह के अध्यक्ष उमेश कुमार बर्मन ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि 18 दिसंबर को शाम 6 बजे से विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सतनामी समाज के महिला, पुरुष, बच्चे, बुजुर्ग एवं युवा बड़ी संख्या में शामिल हुए। शोभायात्रा में संरक्षक मन्नू जांगड़े, विजय बरमाल, कलीराम रात्रे, उम्देद हितलहरे, राजकुमार टंडन, इतवारी खुर्रे, कृपाल रात्रे, मोहन टंडन, अमितेश सतपती, दीपक सोनवानी, सुराज कुर्रे, इन्द्रोवतीन जांगड़े, सरस्वती रात्रे, भगवती भारती, ढेला कुर्रे, ओमिन बरमाला, उषा जांगड़े समेत अन्य समाजजन बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### साहित्य सृजन संस्थान की काव्य संध्या कल

**रायपुर।** साहित्य सृजन संस्थान द्वारा लगातार जारी 40वीं मासिक काव्य संध्या, पुस्तक विमोचन एवं सम्मान समारोह 21 दिसंबर को दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक वृंदावन हॉल सिविल लाइंस में आयोजित है, जिसमें राजधानी समेत प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए कवि, शायर काव्य पाठ करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. संजय अलंग एवं विशिष्ट अतिथि शीलकांत पाठक व राजकुमार धर द्विवेदी होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वीर अजीत शर्मा करेंगे। कार्यक्रम में धनेश्वरी सोनी "गुल "को साहित्य सृजन श्रेष्ठ रचनाकार सम्मान, एसएन जोशी को साहित्य सृजन श्रेष्ठ काव्य पाठ सम्मान एवं कु. तुलसी साहू को साहित्य सृजन युवा काव्य पाठ सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। उमेश कुमार सोनी" नयन" संयोजक एवं विजय कुमार कोसले की पुस्तक का विमोचन काव्य संध्या के मध्य में किया जाएगा। महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष ममता खरे 'मधु' ने बताया कि संस्था प्रतिमाह युवा रचनाकारों को मंच प्रदान कर उनके उत्कृष्ट काव्य पाठ को प्रोत्साहित और सम्मानित भी करती है।

### मलिका को मिली पीएचडी की उपाधि



**रायपुर।** मैट्स यूनिवर्सिटी में बतौर सहायक प्राध्यापक कार्यरत मलिका वर्मा को पीएचडी की उपाधि मिली है। उनके शोध का विषय था इंपैक्ट ऑफ एम्प्लाई-सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में विलय के बाद उत्पादकता और धारणा, विशेष रूप से बैंक ऑफ बड़ौदा के संदर्भ में डिस्ट्रिक्ट। पीएचडी की उपाधि मिलने पर परिजनों ने हर्ष जताया है। मलिका का कहना है कि उन्हें अपने पति अभिषेक बख्शी का सदैव मार्गदर्शन, सहयोग एवं प्रोत्साहन मिलता रहा है।

# बीएससी की परसेंटाइल कम करने नर्सिंग काउंसिल के एनओसी का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

करीब बीस दिन पहले भेजी गई चिट्ठी के आधार पर बीएससी नर्सिंग की खाली सीटों में प्रवेश की खातिर परसेंटाइल कम करने इंडियन नर्सिंग काउंसिल की एनओसी का इंतजार है। चिकित्सा शिक्षा संचालनालय इसके साथ ही 31 दिसंबर तक प्रवेश दिए जाने की अनुमति का इंतजार कर रहा है राज्य में अभी 4147 सीटें खाली है जो निजी नर्सिंग कालेजों से संबंधित हैं। चालीस और पचास फीसदी न्यूनतम अंक के आधार पर बीएससी नर्सिंग की पूरी 7811 सीटों पर एडमिशन हमेशा चुनौती से भरा होता है। इस बार भी काउंसिलिंग पूरी होने के बाद 4147 सीटें खाली हैं। इन सीटों को भरने के लिए निजी नर्सिंग कालेज परसेंटाइल कम करने काफी कोशिश कर रहे हैं। उनके निवेदन के बाद चिकित्सा शिक्षा संचालक ने 28 नवंबर को भारतीय उपचर्या परिषद (आईएनसी) को चिट्ठी भेजी थी। इसमें से विद्यार्थियों को 31 दिसंबर तक प्रवेश का मौका देने का उल्लेख था और छात्रहित को ध्यान में रखते हुए परसेंटाइल के नियम को कम करने का जिक्र था। सूत्रों के मुताबिक पत्र भेजे बीस दिन बीत चुके हैं, मगर आईएनसी की तरफ से अभी तक परसेंटाइल पर एनओसी कम करने के लिए किसी भी तरह की गतिविधि प्रारंभ नहीं की गई हैं। निजी नर्सिंग कालेज संचालकों में इसे लेकर चिंता बढ़ रही है। इस बात का अनुमान भी लगाया जा रहा है कि आने वाले कुछ दिनों में इस संबंध में पत्र जारी किया जा सकता है।

### न्यूनतम परसेंटाइल कठिन

परसेंटाइल कम करने और प्रवेश की तारीख आगे बढ़ाने के लिए भेजे गए पत्र में बताया गया था कि राज्य के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के छात्रों को प्रवेश परीक्षा में न्यूनतम परसेंटाइल को अर्जित करना अत्यंत कठिन है। पिछले कई वर्षों से नर्सिंग पाठ्यक्रमों सीट रिक्त होने के पश्चात इंडियन नर्सिंग काउंसिल तथा राज्य शासन परसेंटाइल को कम कर, प्रदेश के विद्यार्थियों को राहत दे रहे हैं। इसलिए इस बार भी नियमों को शिथिल करने की आवश्यकता है।

**एडमिशन की तिथि भी 31 दिसंबर करने की संभावना**




### पीजी प्रवेश भी अटका

मेडिकल पीजी के प्रवेश की प्रक्रिया न्यायालयीन मामलों की वजह से अटक गई है। राज्य के संशोधित नियम के खिलाफ जूनियर डाक्टरों द्वारा न्यायालय में याचिका दायर की गई थी। इस मामले में सुनवाई की प्रक्रिया चल रही है जिसकी वजह से काउंसिलिंग की प्रक्रिया पहले राउंड के आवेदन के बाद आगे नहीं बढ़ पाई है। छात्रों ने तर्क दिया है कि संशोधित नियम से राज्य कोटे की सीट कम हो गई जिसका सीधा प्रभाव स्थानीय छात्रों पर हो रहा है।

## हाईकोर्ट के सुझाव पर नियामक आयोग में लगाई गई है याचिका

# तेलंगाना पर पॉवर कंपनी के 18 सौ करोड़ बकाया 21 जनवरी को नियामक आयोग में होगी सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी का तेलंगाना पॉवर कंपनी हर प्रयास के बाद भी बकाया 18 सौ करोड़ देने तैयार नहीं है। ऐसे में अंत में छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी को हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा, लेकिन हाईकोर्ट ने इस मामले में सुनवाई से इनकार करते हुए इस मामले को छत्तीसगढ़ राज्य बिजली नियामक आयोग में लगाने के लिए कहा। ऐसे में छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने इस मामले की याचिका आयोग में लगाई है। इस मामले में एक बार सुनवाई हो चुकी है। इसमें तेलंगाना ने समय मांगा था, तो उसे समय दिया गया है। अब मामले की अगली सुनवाई 21 जनवरी को होगी।

मामला सुलझाने के लिए दोनों कंपनियों को अपने-अपने आर्बिटेटर नियुक्त करने हैं। इसके लिए प्रदेश की पॉवर कंपनी तो तैयार है, लेकिन अब तक तेलंगाना ने इस पर सहमति नहीं है। दरअसल तेलंगाना पर पॉवर कंपनी का 36 सौ करोड़ बकाया है, इसमें से तेलंगाना ने 21 सौ करोड़ का ही बकाया माना है। इसको किस्तों में दिया जा रहा है। अब पॉवर कंपनी ने तेलंगाना को बिजली देना भी बंद कर दिया है।




### 36 सौ करोड़ का हो गया था बकाया

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने जब मड़वा में 500 मेगावाट के दो संयंत्र लगाए थे तो इनके प्रारंभ होने के पहले ही प्रदेश सरकार ने तेलंगाना को इस संयंत्र की पूरी बिजली देने का अनुबंध कर लिया था। जब ये संयंत्र प्रारंभ हुए तो इसकी पूरी बिजली तेलंगाना को देना प्रारंभ किया गया। तेलंगाना को बिजली तो पूरी दी जा रही थी, लेकिन वहां से भुगतान पूरा नहीं आ रहा था। बाद में इसकी तरफ पॉवर कंपनी के अधिकारियों ने ध्यान देना प्रारंभ किया तो यह बकाया 36 सौ करोड़ तक पहुंच गया था।

### 36 सौ करोड़ बकाया माना ही नहीं

तेलंगाना पर 36 सौ करोड़ के बकाया को लेकर ही कई सालों से विवाद चल रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी का कहना है कि बकाया 36 सौ करोड़ है, पर तेलंगाना इतना बकाया मानने कभी तैयार ही नहीं हुआ। जब पॉवर कंपनी के चेयरमैन शैलेंद्र कुमार शुक्ला बने थे, तब वे तेलंगाना भी गए। लेकिन मामला नहीं सुलझा। दो बार वहां और यहां की कंपनी के अधिकारी सामने-सामने भी बैठे और एक-एक बिल का हिसाब किया। वहां के अधिकारियों ने इसकी पूरी रिपोर्ट भी अपनी कंपनी को दी, लेकिन तेलंगाना 36 सौ करोड़ का बकाया मानने तैयार ही नहीं है।

### 15 सौ से बकाया हो गया 18 सौ करोड़

तेलंगाना ने पहले 15 सौ करोड़ का ही बकाया माना था। इसके बाद उसने छह सौ करोड़ का बकाया और माना। ऐसे में कुल 21 सौ करोड़ का बकाया तेलंगाना ने माना है। इसकी राशि बरसों से किस्तों में मिल रही है। इसी के साथ 36 सौ करोड़ में से जो 15 सौ करोड़ का बकाया नहीं माना गया था, उस पर सरचार्ज मिलाकर 18 सौ करोड़ हो गया है। केंद्र सरकार के ऊर्जा मंत्रालय में कई बार शिकायत की गई, लेकिन इसका भी फायदा नहीं होने पर अब बकाया वसूली के लिए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने बिलासपुर हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी, लेकिन हाईकोर्ट ने इस मामले को नियामक आयोग में ले जाने की सलाह दी तो अब मामला नियामक आयोग में लगाया गया है।

# कांग्रेस के वीडियो पर भाजपा ने फिर की थाने में शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- विधायक पुरंदर मिश्रा संग भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने एसपी से की कड़ी कार्रवाई की मांग

सोशल मीडिया पर वायरल किए जा रहे वीडियो को लेकर सियासी माहौल गरमा गया है। रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा ने इसे भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व और छत्तीसगढ़ सरकार के वरिष्ठ नेताओं को बदनाम करने की सुनियोजित राजनीतिक साजिश करार देते हुए रायपुर पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत सौंपी है। विधायक ने वीडियो को पूरी तरह भ्रामक, असत्य और दुर्भावनापूर्ण बताते हुए भारतीय न्याय संहिता 2023 तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत कठोर धाराओं में तत्काल एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

शिकायत में विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा, सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्मों पर जानबूझकर एक ऐसा वीडियो वायरल किया जा रहा है, जिसका वास्तविकता से कोई संबंध नहीं है। इस फर्जी वीडियो में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित कई वरिष्ठ नेताओं पर 1500 करोड़ रुपए की कथित 'वसूली' या 'कलेक्शन' का झूठा आरोप मढ़ा गया है। वीडियो में आपत्तिजनक और अमर्यादित वाक्य का प्रयोग कर न केवल नेताओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने, बल्कि जनता को गुमराह करने का प्रयास किया गया है।

श्री मिश्रा ने कहा, इस दुष्प्रचार के माध्यम से भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव और प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय की छवि को जानबूझकर नुकसान पहुंचाया गया है। उन्होंने कहा, यह केवल व्यक्तिगत मानहानि नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था और जनविश्वास पर सीधा हमला है।

# धुमाल में नाचने के विवाद पर युवक की चाकू मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पंडरी थाना क्षेत्र में धुमाल में नाचने के विवाद को लेकर आधा दर्जन नाबालिगों ने एक युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर मौत के घाट उतार दिया। बताया जा रहा है कि जिस युवक की हत्या की गई है, उसका नाबालिगों के साथ पूर्व में भी विवाद हो चुका है। सीसीटीवी फूटेज के आधार पर पुलिस 6 संदिग्ध नाबालिगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार दिनेश निषाद (18) की चाकू मारकर हत्या की गई है। घटना दिनांक की रात क्षेत्र में जुलूस निकल रहा था, जिसमें धुमाल बज रहा था। दिनेश दूसरे समूह के धुमाल में जाकर नाच रहा था। दिनेश के नाचने पर नाबालिगों ने आपत्ति जताई और कहा कि तुम हमारे धुमाल में क्यों नाच रहे हो? इसी बात पर पहले कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते विवाद में बदल गई।

- आधा दर्जन नाबालिगों ने दिया घटना को अंजाम

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, विवाद बढ़ने पर नाबालिगों ने दिनेश पर चाकू से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल दिनेश को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पंडरी पुलिस मौके पर पहुंची।



### आरोपी एक-दूसरे के पड़ोसी, पुरानी रंजिश भी

पुलिस जांच में सामने आया है कि मृतक और नाबालिग सभी एक-दूसरे के पड़ोसी हैं और इनके बीच पुराना विवाद भी चल रहा है। इससे पहले गणेश विसर्जन के दौरान भी दोनों पक्षों में मारपीट की घटना हो चुकी थी। उसी रंजिश का असर इस वारदात में भी देखने को मिला। पंडरी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फूटेज, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान व अन्य साक्ष्यों के आधार पर नाबालिगों की पहचान कर पुलिस उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

**एनजीओ ने शोध के बाद किया ये दावा**

# पॉक्सो मामलों के निपटारे में छत्तीसगढ़ देश में शीर्ष पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारत ने पॉक्सो मामलों में बच्चों को न्याय दिलाने की दिशा में प्रदेश ने ऐतिहासिक छलांग लगाई है। पहली बार एक वर्ष में दर्ज होने वाले पॉक्सो मामलों में अधिक मामलों का निपटारा किया है। इस मामले में छत्तीसगढ़ शीर्ष पर है, जिसने 189 प्रतिशत मामलों का निपटारा किया। साल 2025 में जहां छत्तीसगढ़ में पॉक्सो कानून के तहत 1416 मामले दर्ज हुए, वहीं अदालतों ने 2678 मामलों का निपटारा किया, जिसमें पिछले कई वर्षों से लंबित मामलों का बड़ा हिस्सा शामिल है। सेंटर फॉर लीगल एक्शन एंड बिहेवियर चेंज (सी-लैब) फॉर चिल्ड्रन की रिपोर्ट 'पेंडेंसी टू प्रोटेक्शनः अचीविंग द टिपिंग पॉइंट टू जस्टिस फॉर चाइल्ड विक्टिम्स ऑफ सेक्सुअल एब्यूज' में किए गए दावे के अनुसार वर्ष 2025 में बच्चों के यौन शोषण से जुड़े 80,320 मामले दर्ज हुए, जबकि 87,754 मामलों का अदालती सुनवाई के बाद निपटारा किया गया। इससे निपटाने की दर 109 प्रतिशत तक पहुंच गई। खास बात यह है कि 24 राज्यों में भी पॉक्सो मामलों की निपटान दर 100 प्रतिशत से अधिक रही है। रिपोर्ट में प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रेन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंसेस (पॉक्सो) के तहत सभी लंबित मामलों को चार वर्षों के भीतर खत्म करने के लिए 600 अतिरिक्त ई-पॉक्सो अदालतों की स्थापना करने की सिफारिश की गई है।



# टेक्निकल प्राब्लम में अटका एनएचएम कर्मचारियों का वेतन, 28 जिलों तक नहीं पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हड़ताल से लौटने के तीन माह बाद एनएचएम कर्मचारियों को वेतन मिलने की आस निराशा में बदलने लगी है। टेक्निकल प्राब्लम आने की वजह से 28 जिलों के कर्मचारियों का वेतन अटका हुआ है। कर्मचारियों को वेतन जारी करने राज्य से 15 दिन पहले बजट जारी किया जा चुका है। वेतन नहीं मिलने की वजह से कर्मचारियों में असंतोष फैलने लगा है।

- राज्य स्तर पर 15 दिन पहले जारी हो चुका

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों ने सितंबर में हड़ताल खत्म कर दी थी। इस दौरान उन्हें हड़ताल अवधि का वेतन देने के साथ 5 प्रतिशत की वेतन वृद्धि का लाभ देने का आश्वासन दिया गया था। नया वेतन मिलने की आस लगाए बैठे कर्मचारियों को पुराना वेतन भी नहीं मिला और इसके इंतजार में तीन महीने बीत चुके हैं। पखवाड़ेभर पहले राज्य स्तर पर इन कर्मचारियों का वेतन देने के लिए राशि का आवंटन हुआ था। इसके माध्यम से गरियाबंद, रायपुर समेत पांच जिलों के कर्मचारियों में कुछ कर्मचारियों को वेतन जारी हुआ, इसके बाद मामला तकनीकी समस्या की वजह से अटक गया। कर्मचारियों ने इस मामले में जिम्मेदारों से मुलाकात की, मगर अब तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है। एनएचएम कर्मचारी संघ के प्रदेश प्रवक्ता पूरन दास किंतु कुछ जिलों को छोड़कर अधिकतर जिलों में अब तक वेतन एवं एरियर्स की राशि कर्मचारियों को प्राप्त नहीं हुई है। इससे कर्मचारियों में गंभीर रोष एवं असंतोष व्याप्त है। वेतन का भुगतान न होने के कारण कर्मचारियों एवं उनके परिवारों को गंभीर आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उनका वेतन एवं जुलाई 2023 से बढ़ा 5 प्रतिशत एरियर्स स्पर्श नई प्रणाली के माध्यम से कोषालय द्वारा सीधे कर्मचारियों के खातों में प्रदाय किया जाना है। कुछ जिलों में इस प्रणाली से संबंधित तकनीकी समस्याएं बनी हुई हैं, वहीं कई स्थानों पर लेखा शाखा के कर्मचारियों को आवश्यक एवं समुचित प्रशिक्षण उपलब्ध नहीं कराया गया है।


राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम का फंड कर्मचारियों की सैलरी पर खर्च, केंद्र ने जताया ऐतराज

### 25 कर्मचारियों पर फैसला नहीं

आंदोलन के दौरान कर्मचारियों का नेतृत्व करने वाले 25 कर्मचारियों को विभाग ने बर्खास्त कर दिया था। हड़ताल के मामले में जब कर्मचारी और शासन के बीच सुलह हुई उस दौरान इन कर्मचारियों को वापस सेवा में लेने का आश्वासन दिया गया था। बाकी कर्मचारी तो काम पर वापस आ गए, मगर बर्खास्त कर्मचारियों को अब तक बहाल नहीं किया गया। प्रदेश अध्यक्ष डा. अमित मिरी ने इन कर्मचारियों को वापस सेवा में लेने की मांग की है।

# भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पहुंचे गिरौदपुरी



**रायपुर।** गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन सिंह का रायपुर आगमन हुआ। उन्होंने संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की जयंती के अवसर पर भीम आर्मी की प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार जांगड़े, उपाध्यक्ष मनोज बंजारे सहित अन्य साथियों दिनेश आजाद, संतोष निराला, मनिंदर निराला के साथ पवित्र गिरौदपुरी धाम में जाकर दर्शन किए एवं समस्त प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं तथा प्रदेश व देश की समृद्धि की कामना की। भीम आर्मी छत्तीसगढ़ के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज बंजारे ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी ने पवित्र गिरौदपुरी दर्शन के पश्चात रायपुर में पालो चढ़ावा में भी हिस्सा लिया और बाबा गुरु घासीदास के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प किया। श्री बंजारे ने बताया कि जयंती के अवसर पर ग्राम गातापार राजिम के ग्रामीणों द्वारा बाबा साहेब आंबेडकर और मिनीमाताजी की मूर्ति के अनावरण कार्यक्रम में भी वे शामिल हुए और मूर्ति का अनावरण कर समस्त ग्रामीणों को बधाई दी।

## पेज 9 के शेष

### सारंगढ़ से जुड़े नकली ...

दवा की बिल्टी में जिस दवा का उल्लेख था, वह काटून में नहीं था। इस मामले का खुलासा होने के बाद जांच टीम ने सारंगढ़ के एक दवा कारोबारी के ठिकाने पर दबिश देकर जांच की थी। जांच में संबंधित नकली दवा तो नहीं मिली, मगर एलोपैथी के अलावा आयुर्वेदिक दवा काफी मात्रा में बरामद की गई थी।

जांच और पूछताछ के दौरान दवा कारोबारी के मोबाइल पर रायपुर में बरामद नकली दवा की फोटो मिली थी। इस आधार पर माना जा रहा है, इस नकली दवा के कारोबार में कारोबारी की संलिप्तता हो सकती है। इधर जांच के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम इंदौर जाने की तैयारी कर रही है। बरामद जी-सीईएप-एजेड की निर्माता हिमाचल के सोलन मेसर्स जी बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड है। दूसरी दवा क्यूमोक्स-सीडी-625 की निर्माता मेसर्स जीसी हेल्थ केयर तथा एआरआरसीईएप-एजेड की निर्माता चेन्नई की मेसर्स लार आक्स फार्मास्यूटिकल्स है। तीनों दवाओं के रैपर में जिस मॉलीक्यूल का जिक्र है, वह दवा में है ही नहीं।

### दिल्ली में धुंधली विजिबलिटी...

अपनी चरम स्थिति पर है। इसकी वजह से वहां से रवाना होने वाली फ्लाइटों के लेट अथवा रद्द होने का दौर जारी है। शुक्रवार को एक बार फिर वहां से उड़कर रायपुर आने वाली फ्लाइट प्रभावित हुई। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर दिल्ली से एयर इंडिया की पहली फ्लाइट सुबह 8.25 पहुंचती है। इसके लिए एयरक्राफ्ट वहां से सुबह 6.30 बजे उड़ान भरता है। उस अवधि में काफी मात्रा में धुंध होने की वजह से इस फ्लाइट का संचालन नहीं किया गया। हालांकि इसके आधे घंटे बाद इंडिगो की फ्लाइट वहां से रवाना होकर अपने निर्धारित समय पर रायपुर पहुंच गई। इसके बाद एयर इंडिया की दूसरी फ्लाइट को छोड़कर बाकी पांच अपने निर्धारित समय से लेट होकर रायपुर पहुंची। इनमें इंडिगो की 12.15 वाली लगभग सवा घंटे, दोपहर 1.45 वाली 3.23 बजे, 5.25 वाली 6.45 बजे, 7.44 वाली 8.00 तथा 9.20 वाली लगभग 10 बजे रायपुर आई। इसके अलावा मुंबई की शाम 5 वाली फ्लाइट 7 बजे, भुवनेश्वर की 1.55 वाली 3.15, हैदराबाद की 10.30 वाली 11.05, लखनऊ की सुबह 10.40 वाली फ्लाइट दोपहर 12.00 तथा गोवा सुबह 10 बजे वाली फ्लाइट 11 बजे रायपुर आई।

### 115.5 करोड़ की अवैध...

सबूत यह दर्शाते हैं कि सौम्या चौरसिया इस पूरे शराब घोटाले में मुख्य समन्वयक की भूमिका में थीं। वे शराब सिंडिकेट के प्रमुख सदस्यों अनिल टुटेजा, चैतन्य बघेल के बीच बिचौलिया बनकर अवैध धन के सृजन और उसके मनी लांड्रिंग में अहम भूमिका निभा रही थीं।

### अब दस घंटे पहले ...

निर्देश जारी किए हैं। रेलवे ने ट्रेनों के प्रस्थान समय के आधार पर चार्ट तैयार करने के समय को दो श्रेणियों में बांटा है। रेलवे बोर्ड का यह निर्णय उन यात्रियों के लिए फायदेमंद साबित होगा, जो दूरदराज और ग्रामीण इलाकों से कई घंटे का सफर तय कर स्टेशन पहुंचते हैं और आखिरी समय तक अपनी सीट कन्फर्म होने का इंतजार करते हैं। जोन के सभी मंडल में यह लागू होगा।

### सुबह की ट्रेन का चार्ट एक दिन...

दोपहर 2:10 बजे से लेकर रात 11:59 बजे या फिर आधी रात से सुबह पांच बजे तक चलेंगी, उनका चार्ट ट्रेन चलने से कम से कम 10 घंटे पहले तैयार कर दिया जाएगा।

# नेत्ररोग शिविर में 202 का पंजीयन, कराई जांच

**रायपुर।** एकता जन विकास समिति तात्यापारा मोमिनपारा के तत्वावधान में मरहूम गुलाम हसनैन के अजाखाने हांडीपारा में निशुल्क नेत्ररोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। जहां साईं बाबा नेत्र चिकित्सालय फाफाडीह के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने नेत्र जांच की। इस दौरान 202 लोगों का पंजीयन किया गया। चिकित्सालय के नेत्ररोग विशेषज्ञ आशीष महोबिया समेत टीम ने यहां अपनी सेवाएं दीं डॉ. राकेश नायक ने ब्लडप्रेशर एवं शुगर की जांच की।



समिति द्वारा सराहनीय कार्य के लिए प्रशस्तिपत्र देकर पुष्पगुच्छ से सम्मानित किया गया। शिविर में समिति के अध्यक्ष हैदर अली, उपाध्यक्ष मो. जहीर, सचिव अजादार हुसैन, कोषाध्यक्ष इक्तेदार हैदरी, संयुक्त सचिव शारिक हैदरी समेत अन्य शामिल हुए।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

हरिभूमि
रायपुर, शनिवार 20 दिसंबर 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



## एजुकेशन अलर्ट

# सीबीएससी में ग्रुप-ए, बी और सी के पदों पर रजिस्ट्रेशन अब 27 दिसंबर तक




**रायपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने ग्रुप-ए, बी और सी के पदों पर होने वाली भर्ती के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि को 22 दिसंबर से बढ़ाकर 27 दिसंबर 2025 कर दिया है। उम्मीदवारों के पास अब सीबीएसई में ग्रुप-ए, बी और सी के पदों पर आवेदन करने के लिए ज्यादा दिनों का समय है। ऐसे में सभी उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे तय समयसीमा से पहले ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया को अवश्य पूरा कर लें, अन्यथा सीबीएसई की ओर से उम्मीदवारों को आवेदन करने का दोबारा मौका नहीं दिया जाएगा। उम्मीदवारों की आयु-सीमा की गणना 22 दिसंबर 2025 के आधार पर की जाएगी। उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष निर्धारित है। हालांकि विशेष वर्ग के उम्मीदवारों को आयु-सीमा में छूट भी दी जाएगी।

### ये है जरूरी योग्यता

ग्रुप-ए के पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों के पास बीएड, एमएड या इकोनॉमिक्स, कॉमर्स, अकाउंट आदि विषय में स्नातक की डिग्री होनी चाहिए। ग्रुप-बी के पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों के पास स्नातक या स्नातकोत्तर की डिग्री होनी चाहिए। ग्रुप-सी के पदों पर आवेदन के लिए उम्मीदवार भारत के किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कक्षा 12वीं उत्तीर्ण होना चाहिए। उम्मीदवारों का चयन प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा। प्रारंभिक परीक्षा में उम्मीदवारों से 300 अंकों के 100 बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न पूछे जाएंगे। इस परीक्षा में चयनित किए गए उम्मीदवारों को मुख्य परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा।

### ऐसे कर सकते हैं अप्लाई

*सीबीएसई में ग्रुप-ए, बी या सी के पदों पर आवेदन करने के लिए सबसे पहले ऑफिशियल वेबसाइट* **www.cbse.gov.in** *पर विजिट करें। सीबीएसई में ग्रुप-ए, बी या सी के पदों पर आवेदन करने के लिए सबसे पहले ऑफिशियल वेबसाइट* **www.cbse.gov.in** *पर विजिट करें। अब वेबसाइट के होमपेज पर रजिस्ट्रेशन लिंक पर क्लिक करें। लिंक पर क्लिक करने के बाद व्यक्तिगत जानकारी जैसे मोबाइल नबंर और ईमेल आईडी दर्ज करके रजिस्ट्रेशन कर लें। इसके बाद जरूरी दस्तावेजों की स्कैन कॉपी अपलोड करें। अब परीक्षा शुल्क का भुगतान करें। अंत में भविष्य के लिए इसका एक प्रिंटआउट भी अवश्य निकाल लें।*

## दो दिवसीय नेशनल ट्रांसजेंडर स्पोर्ट्स मीट-2025 का भव्य शुभारंभ

# नवदुर्गा के विभिन्न रूपों का कराया जीवंत दर्शन

### नृत्य नाटिका में ट्रांसजेंडर्स ने किया आदिशक्ति का आव्हान


शुक्रवार को राजधानी में दो दिवसीय नेशनल ट्रांसजेंडर स्पोर्ट्स मीट-2025 का भव्य शुभारंभ हुआ। इसके दूसरे सत्र में शाम 7 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम सांझ-7 का धमाकेदार आयोजन किया गया। इसमें ट्रांसजेंडर्स ने अपनी कला-प्रतिभा का प्रदर्शन किया। ट्रांसजेंडर्स ने मंच पर नवदुर्गा के जीवंत रूप धारण कर आदिशक्ति का आव्हान करते हुए नृत्य नाटिका की भक्तिमय प्रस्तुति से समां बांधा। वहीं चुरकी एवं मुरकी द्वारा एकल एवं युगल नृत्य प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया।



### देवी मां की दिव्य रूपों को देख दर्शक हुए चकित

थीम बेस्ड नवदुर्गा के गेटअप में जब ट्रांसजेंडर कलाकार मंच पर प्रस्तुत हुए तो देवी मां के विविध दिव्य रूप देख दर्शक चकित व व्याकुल हो उठे। भक्तिमय बैग्राउंड म्यूजिक के साथ ट्रांसजेंडर ने नवदुर्गा के शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्माण्डा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री को जीवंत रूप में प्रस्तुत कर आलौकिक वातावरण बना दिया, दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रही।

**रायपुर।** पंजाब से आए हुए कलाकारों ने भांगड़ा नृत्य से पंजाबी संस्कृति की झलक बिखेरी। इसी तरह मध्यप्रदेश टीम ने राजस्थान के संस्कृति को अपने नृत्य के माध्यम से सजाया। साथ ही छत्तीसगढ़ी लोकगीतों की भी मधुर प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम व सेमिनार मनुआस रियलिटी रायपुरा में किया गया है। छत्तीसगढ़ मितवा संकल्प समिति द्वारा समाज कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से किया गया है। वहीं खेल प्रतियोगिता का आयोजन स्वामी विवेकानंद एथलेटिक स्टेडियम कोटा में किया गया है। छत्तीसगढ़ मितवा संकल्प समिति की प्रमुख विद्या राजपूत व सदस्य रवीना गोविंद सांडेकर ने बताया कि द्वितीय दिवस को फाइनल खेल प्रतियोगिताएं पुरस्कार वितरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।





### ट्रांसजेंडर की भागीदारी और भविष्य पर मंथन

सायं 5 बजे से "ट्रांसजेंडर खेल भागीदारी और उसका भविष्य" विषय पर एक राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार की शुरुआत सुश्री रवीना बरिहा द्वारा स्वागत एवं विषय परिचय से हुई। समिति अध्यक्ष विद्या राजपूत ने भूमिका प्रस्तुत करते हुए खेलों में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों की भागीदारी, अवसरों और चुनौतियों पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात एक पैनल डिस्कशन हुआ। इस चर्चा का संचालन वरिष्ठ खेल पत्रकार कमलेश गोगिया ने किया। पैनल चर्चा में खेल नीति, समावेशन, संरचना और भविष्य की संभावनाओं पर सार्थक संवाद हुआ। इसी तरह रिद्धि मस्तारक एसोसिएट, रीबिल्ड फंड ने भी एक पैनल में मॉडरेटर की भूमिका निभाई।




### इन राज्यों से प्रतिभागियों ने की शिरकत

खेल प्रतियोगिताएं सुबह 10 बजे से स्वामी विवेकानंद एथलेटिक स्टेडियम कोटा रायपुर में हुईं। साथ ही दोनों दिन शाम 6 बजे से राष्ट्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय सेमिनार 'मनुआस रियलिटी' का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक आयोजन में पंजाब, महाराष्ट्र, गुजरात, झारखंड, उत्तरप्रदेश, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न राज्यों से ट्रांसजेंडर खिलाड़ी एवं प्रतिभागी हिस्सा लेने पहुंचे। यह आयोजन ट्रांसजेंडर समुदाय की खेल प्रतिभा, आत्मविश्वास और राष्ट्रीय सहभागिता को सशक्त मंच प्रदान करने का एक राष्ट्र स्तरीय मंच बना।

## सिटी इवेंट

# नई पीढ़ी के स्टूडेंट्स फास्ट लर्नर ऐसे में शिक्षक खुद को रखें अपडेट



**रायपुर।** एनआईटी में आयोजित पन्द्रह दिवसीय पीएमश्री स्कूल्स टीचर्स' ट्रेनिंग प्रोग्राम का शुक्रवार को समापन हुआ। संस्थान में 8 से 19 दिसंबर तक पंद्रह दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। ट्रेनिंग प्रोग्राम में शिक्षकों को 21वीं सदी के कौशल, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन, नवाचार, डिजिटल टूल्स एवं समग्र शैक्षिक विकास के स्कूलों में इम्प्लीमेंट करने ग्रूमिंग किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों के शैक्षणिक, तकनीकी एवं नवाचार आधारित अध्यापन कौशल को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ। कार्यक्रम के दौरान दो सप्ताह तक प्रदेश के विभिन्न पीएमश्री स्कूल्स के टीचर्स को प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसमें 8 से 12 दिसंबर तक पहले समूह और 15 से 19 दिसंबर तक दूसरे समूह को प्रशिक्षण दिया गया। प्रोग्राम में डॉ. श्रीश वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि "हम सभी आज भी सीख रहे हैं। यह जानकर खुशी हुई कि आपने यहां अपने प्रवास का आनंद लिया और काफी कुछ सीखा।

### 100 पीएमश्री स्कूल्स के शिक्षक हुए शामिल

भारत सरकार के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का लाभ प्रदेश के लगभग 100 पीएमश्री स्कूल्स शिक्षकों ने प्राप्त किया और प्रमाणपत्र प्राप्त किए। कार्यक्रम के अंत में डॉ. प्रियंका त्रिपाठी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस दौरान प्रतिभागी शिक्षकों ने प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त अनुभवों को साझा करते हुए इसे अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया। इस दौरान सभी शिक्षकों द्वारा कुछ महत्वपूर्ण सुझाव भी प्रदान किए गए, जिससे इस कार्यक्रम को भविष्य में और प्रभावी बनाने में मदद प्राप्त होगी।



### इन विशेषज्ञ शिक्षाविद ने दिए टिप्स

इस कार्यक्रम के समापन अवसर पर डॉ. एस. सान्याल, डीन, कॉर्पोरेट रिलेशन एंड रिसोर्स मोबिलाइजेशन, डॉ. श्रीश वर्मा, प्रोफेसर, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, डॉ एस. घोष, चेयरमैन, कंटीन्यूइंग एजुकेशन सेल, फैकल्टी मेम्बर्स, स्टाफ और प्रतिभागी मौजूद रहे। कार्यक्रम समन्वयकों में भौतिकी विभाग के प्रोफेसर डॉ. आयुष खरे, रसायन विज्ञान विभाग के प्रोफेसर डॉ. एसपी महापात्रा और डिपार्टमेंट ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन की प्रोफेसर डॉ. प्रियंका त्रिपाठी शामिल रहीं।

# बॉलीवुड सिंगर कनिका का आज लाइव बैंड कॉन्सर्ट





रायपुर। शहर के अंबुजा सिटी सेंटर में 20 दिसंबर की शाम यादगार बनने वाली है, क्योंकि कला प्रेमियों के बीच बॉलीवुड की मशहूर गायिका कनिका कपूर अपनी धमाकेदार लाइव कॉन्सर्ट से लोगों का मनोरंजन करने वाली हैं। इस म्यूजिकल इवेंट को लेकर युवाओं में जबरदस्त उत्साह है। संगीत प्रेमी बड़ी संख्या में शामिल होने की तैयारी में हैं। इसके लिए मॉल प्रबंधन ने भी शानदार तैयारी की है। सुरक्षा के लिहाज से भी व्यापक इंतजाम किया गया है। लोगों के बीच शनिवार की रात कनिका कपूर की संगीतमय प्रस्तुति के लिए मंच सजाया गया है। मॉल प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार अपने करियर में कई सुपरहिट गानों के लिए कनिका जानी जाती हैं।

### हेल्प डेस्क पर युवाओं को मिलेगा पास

*म्युजिकल ग्रुप के इस लाइव कॉन्सर्ट में लोगों को बेबी डॉल', 'चित्तियां कलाइयां', 'देसी लुक', 'लवली', 'बीट पे बूटी 'और हाल ही में वायरल हुआ गाना ऊ बोलेगा या ऊ ऊ बोलेगा' (पुष्पा) भी आज उनकी परफॉर्मेंस का हिस्सा रहेगा। कनिका की प्रस्तुति के बाद कोलकाता के चर्चित बैंड भी अपने लाइव म्यूजिक से समां बांधने वाला है। इससे आज की शाम और यादगार बनने वाली है। दर्शकों की सुविधा के लिए बैठने की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। इसके अलावा लोगों को सहयोग देने टीम भी जिम्मेदारी संभालेगी। कार्यक्रम के फ्री पास अंबुजा सिटी सेंटर के हेल्प डेस्क पर उपलब्ध हैं।*

# बड़ा दिन आने का संदेश देने निकल रहे कैरोल सिंगिंग दल

**रायपुर।** शोर दुनिया में यह हो गया आज यीशु मसीह पैदा हो गया, जैसे क्रिसमस गीतों को लेकर कैरोल सिंगिंग राजधानी के सभी क्षेत्रों में युवाओं ने शुरू की है। प्रभु यीशु के जन्म का संदेश सुनाते हुए बस्तियों और कॉलोनियों में रहने वाले मसीही परिवारों के बीच जाकर सेंट मैथ्यू चर्च के पासबान रेवरेंट हेमंत तिमोथी की अगवाई में करबला चर्च गड़रिया दल द्वारा सिंगिंग किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में कुशालपुर क्षेत्र में कैरोल गायन किया गया। इसमें राजेश हेंड्री, सुरेश नंद सहित सिंगिंग दल ने गायन किया। विजय जेकब, सीमा दास, वर्षा सैमुअल और कलीसिया के बच्चों ने शुक्रवार को गायन संपन्न किया। साथ ही क्रिसमस को लेकर चर्च सजावट पूरी की गई है।



### 9 पाठ 9 गीतों की करेंगे आराधना

अब कलीसिया में कल 9 पाठ 9 गीतों की आराधना होने वाली है। इसी के साथ लोगों में श्वेत दान लोगों को गिफ्ट देने की प्रथा जारी रही और अब 25 तारीख धन्यवाद की आराधना की जाएगी। साथ ही परमेश्वर के नाम को ऊंचा उठाया जाएगा, क्योंकि परमेश्वर ने लोगों को शांति और आनंद दिया है। लोगों की आशा पूरी की और वे आशाओं में खरे उतरने वाले परमेश्वर हैं। इस भावना से लोगों को जोड़ने के लिए आराधना की जाएगी।

## मेगा हेल्थ कैंप-2025 के दूसरे दिन भी बड़ी संख्या मरीज स्वास्थ्य लाभ लेने पहुंचे

# मेगा हेल्थ कैंप में एआई तकनीक से दो मिनट में दांत त्वचा रोग के मरीजों की जांच और उपचार की सुविधा

कार्नर न्यूज

रायपुर। मेगा हेल्थ कैंप–2025 के दूसरे दिन भी बड़ी संख्या मरीज स्वास्थ्य लाभ लेने पहुंचे। शुक्रवार को नए पंजीकृत और पहले दिन के फॉलोअप, दोनों के मरीज पहुंचे। इस तरह दूसरे दिन दोगुनी संख्या में मरीजों ने विशेषज्ञ डॉक्टरों से अपनी जांच व उपचार कराया। कैंप में एआई तकनीक से दांतों की जांच दो मिनट में रिपोर्ट वाट्स एप पर प्राप्त की जा रही है। कैंप के दंत विभाग में एआई आधारित डेंटल मशीन आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। जांच के महज दो मिनट के भीतर मरीज के वाट्स एप पर पूरी रिपोर्ट भेज दी जा रही है। रिपोर्ट में दांतों की समस्या और संबंधित विभाग की जानकारी भी दी जा रही है। इसी तरह त्वचा रोगों की बीमारियों की भी एआई तकनीक से जांच कर त्वरित परामर्श व उपचार किया जा रहा है। आयोजकों के अनुसार यह शिविर देश का अब तक का सबसे बड़ा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर है। देशभर से आए ख्यातिप्राप्त विशेषज्ञ डॉक्टरों और छत्तीसगढ़ के प्रमुख अस्पतालों की टीमों द्वारा सेवाएं दी जा रही हैं। दूसरे दिन नेत्र, दंत, त्वचा, हड्डी और कैंसर जांच विभागों में सबसे अधिक भीड़ देखने को मिली। मुख्य आयोजक विधायक एवं पूर्व मंत्री राजेश मूणत स्वयं शिविर में मौजूद रहकर व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे हैं। भाजपा के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल भी शिविर में पहुंचे।

### सुबह 9 से शाम 5 बजे तक रजिस्ट्रेशन, जांच और उपचार

छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं को आमजनों तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित यह मेगा हेल्थ कैंप 18 से 22 दिसंबर 2025 तक प्रातः 9 बजे से संध्या 5 बजे तक संचालित होगा। शिविर में देशभर के ख्यातिप्राप्त विशेषज्ञ डॉक्टरों के साथ 35 से अधिक प्रतिष्ठित अस्पताल निशुल्क जांच, परामर्श और उपचार की सुविधा दे रहे हैं। अब तक 18 हजार से अधिक लोगों ने पंजीयन कराया है।



### स्पाइन पेन का आयुर्वेद पद्धित से कर रहें उपचार



मेगा हेल्थ कैंप में सेवा दे रही आयुर्वेद की डॉ. प्रतिभा साहू ने बताया कि कैंप में बने उनके विभाग में पिछले दो दिनों में सबसे ज्यादा स्पाइनल पेन से पीड़ित मरीज देखने को मिला। इन मरीजों का काउंसलिंग कर आयुर्वेद की दर्द निवारक पद्धति व दवाईयों से उपचार किया जा रहा है। वहीं डॉ. आयुर्वेद के डॉक्टर्स भी कर रहें उपचार एरंड और अर्क के पत्तों की पोटली का उपयोग पारंपरिक रूप से दर्द और सूजन से राहत के लिए किया जाता है, खासकर जोड़ों के दर्द, मांसपेशियों के खिंचाव और चोटों में सोनोग्राफी और एक्स-रे के लिए लगी कतारें।

### दूसरे दिन 9246 लोगों ने उठाया लाभ शिविर का लाभ

आयोजकों के अनुसार, शुक्रवार को कुल 9246 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। इसमें एक्स-रे 150, सोनोग्राफी 270, ईसीजी 75, इको 5, ब्लड डोनेशन 18, पैथोलॉजी 880, एक्यूप्रेशर 350, डेंटल 470, नेत्र 900, आयुर्वेदिक 542, शुगर जांच 3,800, हृदय रोग 35, कान-नाक रोग 200, हड्डी रोग 60, चर्म रोग 263, पेट रोग 63, रक्त रोग 96, न्यूरोलॉजी 40, शिशु रोग 25, मेडिसिन 130, सर्जरी 60, सुपर स्पेशलिटी 70, कैंसर 72, होम्योपैथी 255, जयपुर फुट 28, कृत्रिम अंग 12, श्रवण यंत्र 35, बैसाखी 12, ट्राइसिकिल 6, व्हीलचेयर 10 और एम्स ओपीडी में 310 मरीज शामिल हैं।

### आज ये प्रसिद्ध चिकित्सक देंगे सेवाएं

आयोजकों ने बताया कि शनिवार को देश के प्रसिद्ध चिकित्सक शिविर में अपनी सेवाएं देंगे। इनमें डॉ. मयूर जैन (हृदय रोग विशेषज्ञ, ठाणे-मुंबई), डॉ. धीरज मरोठी (हड्डी रोग विशेषज्ञ, सेल्वी हॉस्पिटल, अहमदाबाद), डॉ. रमेश कावड़ (हृदय रोग विशेषज्ञ, बॉम्बे हॉस्पिटल), डॉ. प्रशांत बी. केलकर (कैंसर रोग विशेषज्ञ, बॉम्बे हॉस्पिटल) और डॉ. राजीव गर्ग (हृदय रोग विशेषज्ञ, जशोदाबेन हॉस्पिटल, हैदराबाद) शामिल हैं। आयुर्वेदिक विभाग में उदय तलहर (जलगांव), पंकज तिवारी (नागपुर), नीरज गुप्ता (गोंदिया) और राजीव गर्ग (अहमदाबाद) अपनी सेवाएं देंगे।

## सिटी लाइव

# रोटरी क्लब ऑफ रायपुर रॉयल के स्वास्थ्य शिविर में 375 मरीजों की जांच



**रायपुर।** रोटरी क्लब ऑफ रायपुर रॉयल के तत्वावधान में ग्राम बोरियाकला स्थित पंचायत भवन में दंत एवं नेत्र जांच स्वास्थ्य शिविर तथा निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए पंजीकरण का सफल आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों को निशुल्क एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना रहा। शिविर में कुल 375 मरीजों की जांच की गई, जिनमें से 23 मरीजों का निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु पंजीकरण किया गया। यह संपूर्ण व्यवस्था रोटरी क्लब ऑफ रायपुर रॉयल द्वारा की गई, जिससे मरीजों को आगे के उपचार में सुविधा मिल सके। शिविर में डॉ. जितेंद्र सराफ (एमडीएस-दंत चिकित्सक) एवं उनकी टीम ने डेंटल वैन के माध्यम से दंत रोगों की जांच व परामर्श प्रदान किया। वहीं डॉ. अनिल गुप्ता (एमएस-नेत्र रोग विशेषज्ञ) एवं उनकी टीम ने नेत्र जांच वैन के साथ आंखों की जांच कर मरीजों को उचित परामर्श दिया। इस अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ रायपुर ग्रेटर के सदस्यों ने भी अपनी उपस्थिति एवं सहयोग से शिविर को सफल बनाया। इसके साथ ही सीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग एवं उनके विद्यार्थियों ने मरीजों के पंजीकरण, व्यवस्थापन तथा सभी के लिए भोजन व्यवस्था में योगदान दिया। शिविर में क्लब के अध्यक्ष रोटे. डॉ. नवीन बागरेचा, सचिव रोटे. अमित खंडेलवाल, प्रोग्राम चेयरमैन रोटे. आशीष ड्रोलिया सहित रोटे. दिनेश अग्रवाल, रोटे. पवन पोद्दार, रोटे. अमित जैन एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## कैंपस लाइव

# हाइड्रोपोनिक्स टेक्नॉलॉजी से आधुनिक नर्सरी विकसित करने का दिया आइडिया



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम द्वारा हाइड्रोपोनिक्स टेक्नॉलॉजी पर एक वृहद कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में आधुनिक एवं वैज्ञानिक पद्धति से पौधा उत्पादन की तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला के दौरान ट्रे में कोकोपीट, वर्मी कंपोस्ट एवं सोलराइट आदि खाद का मिश्रण मिलाकर विभिन्न प्रकार के पौधे नरम तने एवं कठोर तने वाले रोपित किए गए। पौधों के समुचित विकास के लिए पोषक तत्वों का घोल बायोफर्ट मार्ट (सॉल्यूशन) तैयार कर डाला गया। साथ ही उन्हें ऑब्जर्वेशन के लिए रखा गया। कार्यशाला में हाइड्रोनिक्स की तमाम विधाओं के सभी स्टेप का प्रयोग प्रतिभागियों ने स्वयं किया। कार्यशाला में हाइड्रोपोनिक पद्धति में ड्रिप इरिगेशन की महत्वपूर्ण भूमिका को विस्तार से समझाया गया, जिससे जल एवं पोषक तत्वों का संतुलित उपयोग संभव होता है।

### किचन एवं टैरेस गार्डन को लेकर कंसल्टेंसी सेवाओं पर जोर

आगामी कार्ययोजना के तौर पर किचन गार्डन एवं टैरेस गार्डन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भविष्य में कंसल्टेंसी सेवाएं विकसित करने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यशाला में निगम के विभिन्न मंडलों से अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे, जिन्होंने इस आधुनिक तकनीक के प्रति गहरी रुचि दिखाई। यह कार्यशाला वन विकास निगम द्वारा नवाचार, पर्यावरण संरक्षण एवं टिकाऊ पौधा उत्पादन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी। इस प्रशिक्षण में मैदानी कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी रही।

## समाज लाइव

# संगम मित्रों का : आज से मित्रता-सेवा और एकता का महाकुंभ, देशभर से आएंगे 1100 रोटेरियन्स

**रायपुर।** समाजसेवी संस्था रोटरी इंटरनेशनल की दो दिवसीय डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस का 20 दिसंबर से शुभारंभ होगा। 6 वर्ष बाद पुनः रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट-3261 की वार्षिक डिस्ट्रिक्ट कांफ्रेंस आयोजित करने का अवसर मिला है। इस आयोजन को गरिमामय स्वरूप देने के लिए सभी तैयारियां पूर्ण की गई हैं। ओमाया गार्डन को रोटरी डिस्ट्रिक्ट कांफ्रेंस के लिए रोटरी थीम पर आकर्षक स्वरूप दिया गया है। इसमें शामिल होने के लिए देश के विभिन्न प्रांतों के 1100 से अधिक रोटरी सदस्यों का सपत्नीक आने का क्रम शुरू हो गया। रोटरी क्लब धमतरी के तत्वावधान में एवं रोटरी डिस्ट्रिक्ट के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अमित जायसवाल एवं प्रथम महिला पल्लवी जायसवाल के नेतृत्व में कांफ्रेंस का शुभारंभ सुबह 11 बजे विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विवेक तन्खा (राज्यसभा सांसद) एवं सभी पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, डिस्ट्रिक्ट के व रोटेरियन की मौजूदगी में होगा।

**रोटरी इंटरनेशनल की दो दिवसीय डिस्ट्रिक कॉन्फ्रेंस**

### कई चर्चित कलाकार बिखेरेंगे सांस्कृतिक छटा

कॉन्फ्रेंस के संदर्भ में डिस्ट्रिक्ट मीडिया चैयरमेन नितिन जैन, को-चैयरमेन पंकज माहेश्वरी ने बताया कि इस दो दिवसीय आयोजन को रोचक व मनोरंजक बनाने के लिए इंडियाज गॉट टैलेंट के कलाकारों का समूह प्रस्तुति देगा। इस आयोजन में भविष्य की तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर विशेष वक्ता, केरल निवासी मास्टर राउल जॉन (16 वर्षीय) को इस आयोजन में विशेष रूप से आमंत्रित किया है। शाम 4 बजे से प्रेरक वक्ता सोनू शर्मा उपस्थित समूह को संबोधित करेंगे। पहले दिन के अंतिम चरण में छग एवं ओडिशा के पारंपरिक नृत्यों के समूह दलों की प्रस्तुति होगी। डिस्ट्रिक्ट कांफ्रेंस जहां मित्रता, सेवा और एकता के अनूठे महाकुंभ संगम मित्रों का की पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक छटा भी बिखरने वाली है।

**देवांगन समाज बिरगांव में बनवा रहा प्रदेश का सबसे बड़ा आराध्य देवी मंदिर, बड़े हाल में होगी बैठक, निभाएंगे परंपरा**

# फर्स्ट फ्लोर पर मां परमेश्वरी का गर्भगृह, बसंत पंचमी पर स्थापित होंगी कुलदेवी, 50 फीट ऊंचा मंदिर का शिखर

'वैसे तो ज्यादातर समाज के लोगों ने आराध्य देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना के लिए सामाजिक भवनों में ही व्यवस्था की है, लेकिन बिरगांव के बुधवार बाजार में 1995-96 में देवांगन समाज के लोगों ने मां परमेश्वरी का अलग से मंदिर बनाया। मां परमेश्वरी माता मंदिर के नव निर्माण और दिव्य स्वरूप देने की प्रक्रिया मां परमेश्वरी देवांगन समाज विकास समिति की पहल पर 2021 में की गई। अब 2026 में बसंत पंचमी पर प्रदेश के सबसे बड़े मंदिर में पहले फ्लोर पर निर्मित गर्भगृह में कुलदेवी की साढे 6 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित होगी और मंदिर का शिखर 50 फीट ऊंचा है।''







**रायपुर।** बिरगांव देवांगन समाज की सहभागिता से मां परमेश्वरी का प्रदेश का सबसे बड़ा मंदिर बनकर तैयार है। इसके साथ ही आगामी बसंत पंचमी पर समाज को गौरव की अनुभूति होने वाली है। मंदिर निर्माण को लेकर नंद कुमार देवांगन, टकेश देवांगन ने बताया कि निर्माण का सिलसिला 2021 में बसंत पंचमी के अवसर पर आधारशिला रखते हुए शुरु किया गया था।इसके बाद बिरगांव देवांगन समाज के सहयोग और सुझाव पर आराध्य देवी का मंदिर दिव्य आकार ले चुका है। अभी ग्राउंड फ्लोर पर कुलदेवी की प्रतिमा स्थापित है। नई व्यवस्था में पहले फ्लोर पर गर्भगृह में प्रतिमा स्थापित की जाएगी। जहां जयपुर से आने वाली कुलदेवी की मार्बल से निर्मित साढे 6 फीट ऊंची दिव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी। मंदिर का शिखर 50 फीट ऊंचा होगा, जहां ध्वज स्थापित करते हुए समाज को आस्था की अनुभूति होगी।





### गर्भगृह के अलावा 1200 वर्गफीट का हाल

इंटीरियर और सीलिंग लाइट से माता का श्रीधाम सजाया जाएगा। बचे हुए काम को पूरा करने का क्रम जारी है। इस संदर्भ में देवेंद्र कुमार देवांगन ने बताया कि इस निर्माण में अभी तक 70 लाख से ज्यादा खर्च हो चुका है। आराध्य देवी की प्रतिमा को राजस्थान के मूर्तिकार बना रहे हैं। मंदिर के पहले फ्लोर पर गर्भगृह के अलावा 1200 वर्गफीट का हाल है। इसका उपयोग अब समाज द्वारा किए जाने वाले धार्मिक आयोजन एवं सामाजिक बैठक के लिए किया जाएगा। मंदिर के ग्राउंड एरिया में ही सामाजिक परंपरा के तहत वैवाहिक जोड़े के साथ परिजनों को जनवास की सुविधा दी जाएगी, जहां से दूसरे दिन स्वागत की व्यवस्था वर्षों पुरानी है।

### समाज के लोगों की पहल पर बनी रूपरेखा

इस मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा एवं पूजा महोत्सव बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर तीन दिवसीय होगा। 21 से 23 जनवरी 2026 तक को होने वाले महोत्सव के लिए समाज के द्वारा रूपरेखा तय की गई है। इसमें भव्य माता आगमन, विशाल कलश यात्रा, पूजा, भजन संध्या, भोग प्रसादी,रक्त दान शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा समाज के बच्चों द्वारा कला एवं संस्कृति से जुड़े विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम किए जाएंगे। इसके समाज के बच्चों ने तैयारी भी शुरू की है।

# 'अनिश्चितता से मुकाबला' विषय पर 22 को ब्रह्माकुमारी शिवानी की स्पीच

**रायपुर।** टीवी चैनल्स पर प्रसारित होने वाले प्रोग्राम अवेकनिंग विथ ब्रह्माकुमारीज की मुख्य वक्ता ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी दो दिवसीय प्रवास पर 22 दिसंबर को राजधानी आ रही हैं। शासन ने उन्हें राजकीय अतिथि घोषित किया है। इस लिहाज से भी तैयारी की जा रही है। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के अध्यक्ष सतीश थौरानी और ब्रह्माकुमारीज की स्थानीय संचालिका सविता दीदी ने शुक्रवार को प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान शिवानी दीदी 22 दिसंबर को शाम 6 बजे बुढ़ापारा स्थित इंडोर स्टेडियम में चैंबर ऑफ कॉमर्स और ब्रह्माकुमारीज द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित आध्यात्मिक समारोह में स्पीच देंगी। विषय होगा अनिश्चितता से मुकाबला। इसके बाद 23 दिसंबर को सुबह 7 बजे नवा रायपुर अटल नगर के सेक्टर-20 स्थित शांति शिखर में संकल्प से सिद्धि विषय पर अपना उद्बोधन देंगी।



### एंट्री निशुल्क, लेकिन प्रवेशपत्र लेना जरूरी

समारोह में सीएम विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, महापौर मीनल चौबे, चैंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज व ब्रह्माकुमारी संस्थान के पदाधिकारी प्रमुख रूप से शामिल होंगे। इसमें प्रवेश निशुल्क रखा गया है, लेकिन प्रवेश पत्र प्राप्त करना जरूरी है। इसे चैंबर ऑफ कॉमर्स के आफिस, ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र से लिया जा सकता है। वहीं 23 से 25 दिसंबर तक ब्रह्माकुमार शक्तिराज भाई का शिविर शुरू होगा। इंडोर स्टेडियम में ही 23 से 25 दिसंबर तक माउण्ट आबू से मोटिवेशनल स्पीकर ब्रह्माकुमार शक्तिराज भाई का जीवन का उत्सव विषय पर शिविर है। इसका समय सुबह एवं शाम को 7 से 8.30 बजे तक तय है। नवा रायपुर सेक्टर-20 में स्थित शांति शिखर भवन में मुंबई की ब्रह्माकुमारी श्रेया दीदी राजयोग शिविर कराएंगी।

**चैंबर ऑफ कॉमर्स और ब्रह्माकुमारीज का इंडोर स्टेडियम में संयुक्त आयोजन**

# संगोष्ठी में विश्व बंधुत्व, सामाजिक समरसता पर विद्वानों ने रखे विचार

**रायपुर।** गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी द्वारा न्यू राजेंद्रनगर में संगोष्ठी, जयंती व अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया शामिल हुए। वहीं अध्यक्षता छत्रपति शिवाजी विश्वविद्यालय मुंबई के कुलपति डॉ. केसरी लाल वर्मा ने की। अकादमी के अध्यक्ष केपी खण्डे एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि जयंती पर्व के दौरान जय सतनाम पंथी पार्टी पेंड्रीतराई दुर्ग के कलाकारों ने शानदार पंथी की प्रस्तुति देकर समां बांधते हुए माहौल बना दिया। तत्पश्चात संगोष्ठी में उपस्थित विद्वानों ने विश्व बंधुत्व, सामाजिक समरसता में योगदान विषय पर अपने विचार रखे।



**गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी की न्यू राजेंद्रनगर में संगोष्ठी**

अकादमी की ओर से प्रतिवर्ष समाज के पूर्वजों के नाम से उत्कृष्ट प्रतिभाओं को दिए जाने वाले अलंकरण समारोह में 11 कार्यकर्ताओं को शॉल, प्रतीक चिन्ह, प्रशस्ति पत्र व बुके भेंटकर सम्मानित किया गया। इनमें गुरु घासीदास सम्मान से डॉ. जेआर सोनी, गुरु अमरदास सम्मान श्रीराम जोशी, गुरु बालकदास सम्मान हरीश कुर्रे, गुरु अगमदास सम्मान पं. सुखराम जांगड़े, स्व. मिनीमाता सम्मान डॉ. अर्चना बौद्ध, स्व. देवादास बंजारे सम्मान गौकरण दास बघेल, राजमंहत नैनदास महिलांग सम्मान कमल कुर्रे, स्व. नकुल ढीढी सम्मान डॉ. छगनलाल सोनवानी, स्व. राकेश सोनी सम्मान दास मनोहर, स्व. आशाराम डहरिया सम्मान डी. दर्शन एवं स्व. नरसिंह मंडल सम्मान गोवर्धन बंजारे को दिया गया।

**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर केएल रवि, आरके गेंदले, कपिल नारायण भारद्वाज, सुंदरलाल जोगी, मनीष कोसरिया, नंदू मारकंडे, गुलाब महिलांग, कृपाराम चतुर्वेदी, लाला पुरेना, सुभाष कुर्रे, आसाराम लहरे, संतोष महिलांग, सीएल रात्रे, दिनेश जांगड़े, डॉ. भुवनेश्वरी भारद्वाज, डॉ. कल्याण रवि सहित अनेकों समाजजन शामिल हुए।

**साइंस कॉलेज मैदान में लोगों को मिल रहा खुशनुमा माहौल**

# व्यंजनों के स्टाल्स पर रही रौनक, बारहमासी गीत संगीत से सजाया स्वदेशी मेले का सांस्कृतिक मंच

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** साइंस कॉलेज में जारी स्वदेशी मेले में शुक्रवार को दिन में जहां स्वसहायता समूहों एवं विभिन्न राज्यों के कारीगरों द्वारा सजाए गए स्टाल्स पर पूछपरख रही। वहीं शाम होने से पहले लोग परिवार के साथ इस मेले का हिस्सा बनने पहुंचे। जहां लोगों को व्यंजनों के स्टाल्स पर अलग-अलग राज्यों के व्यंजनों का स्वाद लेने का भी अवसर मिला। वहीं गीत-संगीत की महफिल सजाने के लिए महाराष्ट्रीयन समाज के प्रतिभागियों ही नहीं बालीवुड स्टार और लोक गायक सुनील तिवारी एंड ग्रुप ने बारहमासी गीत-संगीत और नृत्यों की बेजोड़ प्रस्तुति से सर्द रातों में दर्शक दीर्घा में मौजूद हर वर्ग के लोगों को गीतों पर झूमने के लिए मजबूर किया। इस अवसर पर को सुनील तिवारी की मधुर आवाज और उनकी टीम द्वारा दी गई प्रस्तुति ने लोगों को छत्तीसगढ़ के तीज-त्योहारों का एहसास करवाया।






### इन अतिथियों की रही मौजूदगी

शाम को मेले में सजाए गए मंच पर मुख्य अतिथि के रुप में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, विशिष्ट अतिथि विधायक पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू के साथ ही नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, निगम के सभापति सूर्यकांत राठौर, समाजसेवी राजेन्द्र गोयल प्रमुख रुप से मौजूद थे। मेला संयोजक केदारनाथ गुप्ता, जसप्रीत सिंह सलूजा, आनंद सिंघानिया और अमरजीत सिंह छाबड़ा को अतिथियों ने आयोजन के लिए बधाई देते हुए मंच के सामने दर्शक दीर्घा में बैठकर कलाकारों द्वारा दी गई प्रस्तुति का आनंद लिया। सुनील तिवारी ने मै महा नदीं के पानी मा..., मोर भाखा संग दया.. ,जैसे गीतों पर लोगों को झूमने का अवसर दिया।

### व्यंजनों के स्टाल्स पर उमड़ी भीड़

मेले में घूमने के लिए परिवार के साथ पहुंचे लोगों को अलग-अलग राज्यों के चर्चित व्यंजनों के स्टाल मिले। जहां मटर से बने मीठे और नमकीन व्यंजनों का स्वाद लोगों ने लिया। मटर स्प्रिंग रोल चाट, मटर की पेटीज के साथ ही गुजराती और पंजाबी व्यंजनों के स्टाल्स पर लोगों की चहल-पहल ज्यादा रही। लोगों ने सांस्कृतिक मंच के पास सजाए गए व्यंजनों के स्टाल्स पर स्वाद लेने के बाद गीत-संगीत का भी लुत्फ उठाया। इस दौरान लोगों की सुविधा के लिए मेला आयोजन समिति द्वारा जिम्मेदारी निभाई गई। दिन में होने वाली अलग-अलग प्रतियोगिता प्रभारी लक्ष्मी जिल्हारे, इंदिरा जैन, लता चौधरी, सरिता पटेल, लक्ष्मी यादव, सीमा काटनाकार, शीला प्रजापति और आकांक्षा ठाकुर निभा रही हैं। वहीं सांस्कृतिक मंच का संचालन सीमा शर्मा द्वारा किया गया।



## सिटी स्पोर्ट्स

### कायाकिंग एंड कैनोइंग के खिलाड़ी मिले खेल मंत्री से



**रायपुर।** टिहरी झील उत्तराखंड में पिछले माह तीन दिन तक सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन इंडियन कायाकिंग एंड कैनोइंग एसोसिएशन (आईकेसीए) के द्वारा 28 नवम्बर से किया गया था। कायाकिंग एंड कैनोइंग की इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के कयाकिंग के खिलाड़ियों ने 1 सिल्वर 3 कांस्य पदक प्राप्त किए। इस उपलब्धि के बाद सभी खिलाड़ियों, कोच व अफिशियल्स ने खेलमंत्री व उपमुख्यमंत्री अरूण साव से मुलाकात की। प्रशांत सिंह रघुवंशी सहसचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग एंड कैनोइंग संघ की अगुवाई में पिंकी साहू कोच (एनआईएस), परवेश सोनवाने सहायक कोच (एनआईएस) सहित प्रतियोगिता में शामिल विजेता खिलाड़ी साथ थे इस दौरान खेल मंत्री को जानकारी दी गई कि छत्तीसगढ़ के चार पदक विजेताओं में सी4 पुरुष कांस्य पदक तोरण साहू, भावेश साहू, सागर, पुनीत, के2 पुरुष रजत पदक जगन्नाथ प्रधान, सौरभ साहू, के2 मिश्रित कांस्य पदक शालू प्रधान, सौरभ साहू और सी 2 महिला कांस्य पदक नीतू सोनावने और मन्मति बघेल शामिल हैं।

इस दौरान चर्चा करते हुए प्रशांत सिंह रघुवंशी ने बताया कि अभ्यास स्थल पर बोट्स और पैडल को सुरक्षित रखना जरूरी है क्योंकि असामाजिक तत्व बोट्स को नुकसान पहुंचा रहे है जिसकी शिकायत संघ और खिलाड़ियों ने थाने में भी लिखित में की है। इस पर अरूण साव ने सुरक्षा के लिए तमाम व्यवस्था करने की स्वीकृति तुरंत दी जिसके लिए सभी ने उनको बहुत बहुत धन्यवाद दिया । इस अवसर पर बलदेव सिंह भाटिया अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग एंड कैनोइंग संघ, रोहित काले कार्यकारी अध्यक्ष , छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग एंड कैनोइंग संघ, अभिजीत मिश्रा सचिव, छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग एंड कैनोइंग संघ प्रशांत सिंह रघुवंशी सहसचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग एंड कैनोइंग संघ, अमरजीत छाबड़ा सह सचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग एंड कैनोइंग संघ ने अपनी शुभकामनाएँ दी है।

### नाजिया, ऋषिका और दीपिका की बदौलत छत्तीसगढ़ की जीत



**रायपुर।** बी सी सी आई की ओर से वुमेंस अंडर-19 वनडे क्रिकेट टुर्नामेंट 2025 का आयोजन 13 दिसंबर से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का चौथा मैच 19 दिसंबर को हैदराबाद में विदर्भ अंडर 19 टीम के विरुद्ध खेला गया। विदर्भ अंडर 19 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। विदर्भ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 37 ओवरों में 10 विकेट खोकर 163 रन बनाये। विदर्भ की ओर से आर्य पोंगडे ने सर्वाधिक 72 रन बनाये। उनके अतिरिक्त रिद्धीमा ने 31 रन तथा अक्षरा ने 14 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ अंडर 19 टीम की ओर से ऋषिका श्रीवास्तव ने शानदार गेंदबाजी करते हुये 10 ओवरों में 40 रन देकर 6 विकेट प्राप्त किये। साथ ही दीपिका भगत ने 4 विकेट झटके। 164 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ अंडर 19 की टीम ने 30.5 ओवरों में 3 विकेट खोकर 167 रन बनाकर मैच आसानी से जीत लिया। छत्तीसगढ़ की ओर से शेख नाजिया ने 54 नाबाद रन बनाये, यति शर्मा ने 31 रन, आकांक्षा रानी ने 29 रन तथा महक रनवसे ने 24 नाबाद रनों का योगदान दिया। विदर्भ की ओर से धनश्री ने 2 विकेट प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ ने मैच 7 विकेट से जीत लिया।

### अंडर-19 प्लेट ग्रुप में सेमीफाइनल का दौर

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-19 प्लेट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मैच के पहले दिन रोमांचक मुकाबले हुए। दल्ली राजहरा में टीम रायपुर ब्लू विरुद्ध दंतेवाड़ा में बल्लेबाजी करते हुए रायपुर ब्लू ने पहली पारी में तीन विकेट पर 364 रन बना कर पारी घोषित कर दी। बल्लेबाजी में रायपुर ब्लू के तेजस्वी कलभोर ने नॉट आउट 234 रन, अथर्व तिवारी ने 71 रन, आदर्श पांडे ने 29 रन और अमितेश मिश्रा ने 16 रन बनाए। गेंदबाजी में दंतेवाड़ा के राहुल गौडी ने 2 विकेटऔर अंशप्रीत सिंह ने एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में दंतेवाड़ा ने पहली पारीमें एक विकेट पर 38 रन बनाए। जिसमें अंश प्रीत सिंह ने नॉट आउट 16 रन और सक्षम रे ने नॉट आउट 15 रन बनाए। गेंदबाजी में रायपुर ब्लू के अगमजोत सिंह ने एक विकेट लिए। दिग्विजय स्टेडियम राजनंदगांव में टीम दुर्ग विरुद्ध कोरबा में बल्लेबाजी करते हुए दुर्ग ने पहली पारी में 9 विकेट पर 406 रन बनाए। जिसमें क्षितिज तिवारी ने 139 रन आदित्य वर्मा, 120 रन आनंद त्रिपाठी ने 62 और रन रुद्र शुक्ला ने 61 रन बनाए। गेंदबाजी में कोरबा के अनुज कुमार शर्मा ने तीन विकेट और अमर्त्य पटेल ने दो विकेट लिए।

लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी से बिगड़ती है सेहत, रखें ध्यान

# आपकी दिमागी सेहत को बुरी तरह प्रभावित करती हैं कुछ आदतें, सुधार कर बेहतर बना सकते हैं दिन



मानसिक स्वास्थ्य को ठीक रखना संपूर्ण स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए जरूरी है। हालांकि लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के कारण वयस्कों-बुजुर्गों में मेंटल हेल्थ की समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सामाजिक कलंक के डर के कारण लोग अपनी परेशानियों को लेकर डॉक्टर से मिलने नहीं जाते जिससे समय पर बीमारी का निदान और उपचार नहीं हो पाता है।

मानसिक स्वास्थ्य को अच्छा बनाए रखना हमारे जीवन की गुणवत्ता को सुधारने और बेहतर महसूस करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। हालांकि कुछ आदतें ऐसी होती हैं जो हमारी मानसिक स्थिति पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती हैं। सभी लोगों को इस बारे में जानना और बचाव के लिए प्रयास करते रहना जरूरी है।

#### मेंटल हेल्थ की समस्या

हम क्या खाते हैं, दिनचर्या कैसे है, कब सोते-जागते हैं, इन सभी का असर मेंटल हेल्थ पर पड़ता है। अनियमित और अपर्याप्त नींद से लेकर नकारात्मक सोच, आहार में गड़बड़ी ये सभी आपके मानसिक स्वास्थ्य के लिए दिक्कतें पैदा कर सकती है। इन आदतों को पहचानना और इन्हें बदलने की कोशिश करना मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। सही दिनचर्या और सकारात्मक आदतों को अपनाकर आप अपनी मानसिक स्थिति को ठीक रख सकते हैं।

#### सोशल मीडिया और रील्स खतरनाक

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, बच्चों और वयस्कों के दिन का एक बड़ा समय मोबाइल फोन को स्क्रॉल करने और सोशल मीडिया पर बीतता है, जिसका उनके मानसिक स्वास्थ्य पर कई प्रकार से नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। इसी संबंध में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस ने साल 2024 के लिए 'ब्रेन रोट' शब्द को 'वर्ड ऑफ द ईयर' घोषित किया है। ब्रेन रोट शब्द सोशल मीडिया पर अत्यधिक मात्रा में मौजूद दोयम दर्जे वाले कंटेट के कारण होने वाले मानसिक दुष्प्रभावों को लेकर चिंता को दर्शाता है। यानी सोशल मीडिया पर अधिक समय बिताना या रील्स स्क्रॉल करते रहना आपकी मेंटल हेल्थ के लिए ठीक नहीं है।




#### सोच को रखें सकारात्मक

नकारात्मक सोच और आत्म-आलोचना का आपकी मेंटल हेल्थ पर कई प्रकार से नकारात्मक असर होता है। बार-बार नकारात्मक विचार करना या खुद को दोषी ठहराना आत्मसम्मान को कम करता है। यह आदत चिंता और अवसाद को बढ़ावा देती है। मैं अच्छा नहीं हूं या मैं यह नहीं कर सकता जैसे विचारों से मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ता है। इसलिए जरूरी है कि अपनी सोच को सकारात्मक रखें और अच्छे विचारों का आदान-प्रदान करें।

#### अनियमित और अपर्याप्त नींद नुकसानदायक

नींद की कमी भी हमारे मस्तिष्क के कार्यों को धीमा कर देती है। इससे तनाव, चिंता और डिप्रेशन की संभावना बढ़ जाती है। नींद की कमी से याददाश्त कमजोर होती है और निर्णय लेने की क्षमता पर बुरा असर पड़ता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, रोजाना 7-9 घंटे की गुणवत्तापूर्ण नींद लें। सोने और उठने का एक नियमित समय तय करें। सोने से पहले स्क्रीन टाइम कम करें और एक शांत माहौल बनाएं।



## ओलम्पियन विष्णु और अभिषेक आएंगे भिलाई में इन्विटेशनल टेनिस आज से

**भिलाई।** एफएसएनएल- कोनोइके इन्विटेशनल टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन 20 और 21 दिसम्बर को बीएसपी टेनिस कॉम्प्लेक्स, सिविक सेंटर, भिलाई में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में अंडर-8, 10,12, 14 16 और 18 आयु वर्ग में प्रतिभागियों को अवसर दिया जा रहा है। इस टेनिस टूर्नामेंट में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने खास तौर पर ओलम्पियन, एशियन खेल के पदक प्राप्तकर्ता और ग्रैंड स्लैम-डेविस कप खिलाड़ी विष्णु वर्धन और जाने-माने टेनिस ऑफिशियल अभिषेक मुखर्जी भिलाई पहुंच रहे हैं।



ओलंपियन विष्णु वर्धन



अभिषेक मुखर्जी

एफएसएनएल प्राइवेट लिमिटेड (कोनोइके ग्रुप कंपनी) के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर तोशिहिरो फुजिवारा ने बताया कि आयोजन का मकसद प्रतिस्पर्धी अनुभव के साथ खिलाड़ियों को एक प्लेटफॉर्म देना, अनुशासन को बढ़ावा देना और जमीनी स्तर पर टेनिस को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि यह टूर्नामेंट खेल भावना पर आधारित आसान शेड्यूलिंग और एक प्रोफेशनल प्रतिस्पर्धी माहौल सुनिश्चित करने के लिए आयोजित किया गया है। एफएसएनएल के सीजीएम (एचआर) पंकज त्यागी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रतिभागी के तौर पर छत्तीसगढ़ की अलग-अलग अकादमियों और विभिन्न क्षेत्रों के युवा खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। मुख्य रूप से रायगढ़, जगदलपुर, रायपुर, दुर्ग और भिलाई से अलग-अलग श्रेणी के लिए टूर्नामेंट में कुल 125 खिलाड़ी और 215 एंट्री रजिस्टर हुई हैं। टूर्नामेंट डायरेक्टर और टूर्नामेंट आयोजन समिति की सदस्य रचना शर्मा ने बताया कि एफएसएनएल की इस पहल से न सिर्फ स्थानीय स्तर पर बल्कि समूचे छत्तीसगढ़ के टेनिस खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा निखारने का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि प्रख्यात टेनिस खिलाड़ी विष्णु वर्धन यहां 21 दिसंबर की शाम खिलाड़ियों की मास्टर क्लास लेंगे। टूर्नामेंट डायरेक्टर और टूर्नामेंट आयोजन समिति के सदस्य राजेश पाटिल, जुनिची सासाहारा और सुदीप्तो देव बर्मन सहित अन्य लोग मौजूद थे।





## घर पर बनाना है रेस्टोरेंट स्टाइल सूप तो इन बातों का रखें ध्यान

सर्दियों में लोग सूप भी पसंद करते हैं। कई बार रेस्टोरेंट स्टाइल सूप घर पर नहीं बन पाता है। ऐसे में आपको घर पर रेस्टोरेंट स्टाइल सूप बनाने का तरीका जानना चाहिए। कुछ बातों का ध्यान रखकर आप घर पर स्वादिष्ट सूप बना सकते हैं।

**ताजा होनी चाहिए सब्जियां :** सूप बनाने जा रहे हैं तो ध्यान रखें कि उसमें जिन सब्जियों का इस्तेमाल कर रहे हैं वो ताजी होनी चाहिए। अगर सब्जियां ताजी नहीं होंगी तो सूप का स्वाद खराब हो जाएगा। इसलिए हमेशा ताजी सब्जियां ही इस्तेमाल करें।

**सहीं हों मसाले :** सूप बनाने के लिए उसमें डालने वाले मसालों का खास ध्यान रखें। इसे बनाने के लिए तुलसी, अजवाइन, पार्सले, थाइम, और काली मिर्च का सही उपयोग करें। स्वाद बढ़ाने के लिए अदरक-लहसुन पेस्ट का उपयोग करें। यदि लहसुन नहीं खाते हैं, तो उसे स्किन करें।

**सही हो गाढ़ापन:** सूप को गाढ़ा करने के लिए कॉर्नफ्लोर का पानी और ब्लेंड की हुई सब्जियां डालकर सूप को रेस्टोरेंट जैसा गाढ़ा बनाएं। ध्यान रखें कि सूप न बहुत गाढ़ा हो और न ही पतला। इसकी सही कंसिस्टेंसी बनाए रखना जरूरी है।

**धीमी आंच पर पकाएं:** सूप को धीमी आंच पर धीरे-धीरे पकाने से फ्लेवर अच्छे से डिवेलप होते हैं। यदि आप इसे तेज आंच पर पका देंगे, तो ये पक तो जाएगा लेकिन इसमें मसालों का स्वाद नहीं आएगा। बीच-बीच में चखकर संतुलित स्वाद सुनिश्चित करें।



## राष्ट्रीय ट्रैक साइक्लिंग प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ टीम उत्तराखंड रवाना

**भिलाई।** साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से रुद्रपुर उत्तराखंड में 77वीं राष्ट्रीय ट्रैक साइक्लिंग प्रतियोगिता 19 दिसंबर से 23 दिसंबर तक आयोजित है। जिसमें भाग लेने छत्तीसगढ़ दल रुद्रपुर (उत्तराखंड) पहुंच चुका है । साइकलिंग एसोसिएशन आफ छत्तीसगढ़ अध्यक्ष डॉ हिमांशु द्विवेदी ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए अच्छा प्रदर्शन करने को कहा। उन्होंने बताया कि अल्प समय में एवं कम सुविधाओं के बावजूद छत्तीसगढ़ के साइकिलिस्ट राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं।

साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के महासचिव विनायक चन्नावार एवं बीएसपी साइक्लिंग क्लब के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर ने बताया कि इस प्रतियोगिता में टाइम ट्रायल,स्प्रिंट, इंडिविजुअल परस्यू, टीम टाइम ट्रायल, टीम परस्यू, टीम स्प्रिंट, स्क्रैच रेस (मास स्टार्ट), केरिन, मेडिसन और ओमनियम जैसे इवेंट में खिलाड़ी भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ के सीनियर पुरुष से साहिल नागवंशी (कांकेर), सब जूनियर बालक से अतुल प्रधान(रायगढ़), सौरभ दस मानिकपुरी (दुर्ग) एवं सौरभ कुमार (दुर्ग) बालिका वर्ग में मेघा साहू(दुर्ग), पुष्पांजलि (दुर्ग), रूपाली साहू (दुर्ग) , यूथ बालक वर्ग में सनी कुमार (दुर्ग), तुषार देवांगन (दुर्ग), वहीं बालिका वर्ग में साक्षी सलामे (दुर्ग), कट्टा नेहा(दुर्ग), निधि साहू (दुर्ग) हैं। टीम के कोच प्रतीक मनोध्या एनआईएस, मैनेजर तोषेंद्र वर्मा एवं बीना मिश्रा हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से परविंदर सिंह अध्यक्ष बीएसपी साइकिल पोलो क्लब, बीएसपी साइक्लिंग क्लब के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर, छत्तीसगढ़ साइकिल पोलो संघ के अध्यक्ष डॉ रमेश श्रीवास्तव, मां शारदा पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर पवन कुमार शर्मा, दुर्ग जिला साइकलिंग संघ के महासचिव देव प्रकाश वर्मा, जिला साइकिल पोलो संघ के महासचिव शशांक देशमुख शशिकांत पांडे, बीना मिश्रा (कोषाध्यक्ष) और रामपाल जसपाल आदि ने टीम को उन्नत प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं दी है।

## प्रदूषणमुक्त स्वस्थ भारत बनाने के लिए साइकिल की सवारी

भारतीय खेल प्राधिकरण भारत सरकार द्वारा पूरे भारतवर्ष में संचालित फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल रैली का 40वां संस्करण प्रगति भवन भिलाई में रविवार को आयोजित किया गया। साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष डॉ हिमांशु द्विवेदी ने लगातार 40 सप्ताह की इस शानदार श्रृंखला के लिए सभी खिलाड़ियों एवं पदाधिकारियों को बधाईयाँ दी।

साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के महासचिव विनायक चन्नावार एवं बीएसपी साइक्लिंग क्लब के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर ने बताया कि इस साइकिल रैली में लगभग 150 साइक्लिस्ट खिलाड़ियों तथा अधिकारियों के साथ भिलाई इस्पात संयंत्र साइक्लिंग क्लब के पदाधिकारियों ने भाग लिया एवं प्रदूषण मुक्त स्वस्थ भारत निर्माण में को अहम हिस्सा बताया। इसके पूर्व कार्यालय भारतीय खेल प्राधिकरण भारत सरकार द्वारा सभी खिलाड़ियों को फिट इंडिया की टी शर्ट का वितरण भी किया गया।

इस दौरान बीएसपी साइक्लिंग क्लब के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर, बीएसपी साइकिल पोलो क्लब के अध्यक्ष परविंदर सिंह, साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के महासचिव विनायक चन्नावार, बीएसपी ऑफिसर एसोसिएशन के महासचिव अंकुर मिश्रा, साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ दुर्ग डिस्ट्रिक्ट के सचिव देवप्रकाश वर्मा, साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ दुर्ग डिस्ट्रिक्ट के संयुक्त सचिव शशांक देशमुख और एनआईएस कोच प्रतीक मनोध्या आदि इस रैली उपस्थित थे।























## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'एवेंजर्सः डूम्सडे' ट्रेलर की रिलीज डेट आ गई, थिएटर नहीं यहां दिखेंगे डॉक्टर डूम



मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के दुनियाभर के फैंस को 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का इंतजार है। वैसे तो यह फिल्म अगले साल 18 दिसंबर 2026 को रिलीज होने वाली है। लेकिन मार्वल सिनेमेटिक यूनिवर्स (एमसीयू) ने साल भर पहले ही फैंस को इसकी पहली झलक दिखाने का फैसला कर लिया है! एक रिपोर्ट के मुताबिक, एमसीयू इसी महीने दिसंबर में, नहीं... नहीं... बल्कि इसी हफ्ते 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का ट्रेलर रिलीज करने का फैसला किया है। पहले यह खबर थी कि यह ट्रेलर जेम्स कैमरून की फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' के साथ थिएटर में दिखाया जाएगा। लेकिन अब बताया जा रहा है कि इसे तीन दिन बार ही यूट्यूब पर लॉन्च किया जाएगा। वैसे तो एमसीयू के दीवानों को फ्रेंचाइज के हर फिल्म का इंतजार रहता है, लेकिन 'एवेंजर्सः डूम्सडे' बहुत खास है। ऐसा इसलिए कि इस फिल्म में सबके चहेते रॉबर्ट डाउनी जूनियर वापसी कर रहे हैं। पर्दे पर इससे पहले आयरन मैन बनकर उन्होंने हर एक दर्शक के दिल में जगह बनाई, वहीं 'एवेंजर्सः एंडगेम' में फेवरेट सुपरहीरो की मौत के बाद हर आंख नम हो गई। अब 'एवेंजर्सः डूम्सडे' में रॉबर्ट डाउनी जूनियर नेगेटिव रोल में डॉ. विक्टर वॉन डूम बनकर लौट रहे हैं। पिछले दिनों 'कोलाइडर' की रिपोर्ट में बताया गया था कि एमसीयू की अगली बड़ी फिल्म 'एवेंजर्सः डूम्सडे' की पहली झलक डिस्नी की दूसरी फ्रैंचाइज अवतार-फायर एंड ऐश के साथ थिएटर 19 दिसंबर 2025 को अटैच होने वाला है। एलेक्स ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर किया जिसमें, 'द फैंटास्टिक फोरः फर्स्ट स्टेप्स' के मार्केटिंग कैंपेन का जिक्र था।

### टॉलीवुड

## परिवार संग तिरुपति पहुंचे रजनीकांत, मंदिर में फैंस की लगी भीड़ और सबका किया अभिवादन



साउथ के सुपरस्टार रजनीकांत ने अपना 75वां जन्मदिन मनाया। इस मौके पर उनके फैंस और चाहने वालों में जश्न का माहौल था। बर्थडे के तुरंत बाद अभिनेता अपने पूरे परिवार के साथ आंध्रप्रदेश स्थित तिरुमला तिरुपति मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। रजनीकांत के मंदिर जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मंदिर परिसर के अंदर प्रवेश करते रजनीकांत को देख उनके फैंस की भीड़ लग गई। उनके साथ पत्नी लता रजनीकांत, बेटियां सौंदर्या और ऐश्वर्या भी मौजूद थीं।

खास बात यह रही कि इस दौरान उनके पोते सफर राजा भी साथ दिखाई दिए। दर्शन के बाद रजनीकांत ने मंदिर परिसर के बाहर प्रशंसकों का अभिवादन किया। मंदिर से बाहर आते समय उन्होंने परिवार के साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं, जो देखते ही देखते वायरल हो गईं। रजनीकांत की तस्वीरें और वीडियोज इस समय सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं।

उनके जन्मदिन के मौके पर उनकी 1999 की सुपरहिट फिल्म 'पदयप्पा' एक बार फिर सिनेमाघरों में उतारी गई। 4K तकनीक से रीमास्टर की गई इस फिल्म को दर्शकों ने चाव से फिर से देखा। सिनेमाघरों में तालियों और सीटियों की गूंज ने यह साबित कर दिया कि रजनीकांत की फिल्मों का जादू आज भी उतना ही असरदार है। काम के मोर्चे पर भी रजनीकांत पूरी तरह सक्रिय हैं। वह जल्द ही 'जेलर 2' में नजर आने वाले हैं, जिसकी शूटिंग अंतिम चरण में बताई जा रही है। माना जा रहा है कि फिल्म इस साल के अंत तक पूरी हो जाएगी और 2026 की गर्मियों में सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। पहले भाग की जबरदस्त सफलता के बाद, दर्शकों की उम्मीदें सीक्वल से और भी ज्यादा बढ़ गई हैं।

### छॉलीवुड

## 'ओह तेरी!' में दर्शकों के लिए सस्पेंस और कॉमेडी का तड़का



सस्पेंस और कॉमेडी से भरपूर छत्तीसगढ़ी फिल्म "ओह तेरी", सिनेमाघरों में शुक्रवार से रिलीज हुई। अभिनेत्री एल्सा घोष की बतौर निर्देशक यह पहली फिल्म है। रिलीज से पहले फिल्म का ट्रेलर लोगों ने खूब पसंद आया। फिल्म के कलाकारों एल्सा घोष, रोशन विरवानी, रजनीश झांझी और प्रदीप शर्मा ने बताया कि दर्शकों को भरपूर कॉमेडी और सस्पेंस देखने का मौका मिल रहा है। इस फिल्म के अन्य कलाकारों में इप्शिता भट्टाचार्य, उपासना वैष्णव, नवीन देशमुख, और आई रॉक (डॉग) ने अभिनय किया है। फिल्म एक संपूर्ण पारिवारिक मनोरंजन है, जिसमें हास्य, भावनाएं और सामाजिक संदेशों का संतुलित मिश्रण देखने को मिल रहा है। फिल्म का निर्देशन, कहानी और स्क्रीनप्ले एल्सा घोष ने स्वयं लिखा है। निर्माता अजय सिंह राजपूत और रोशन विरवानी हैं। संगीत नवनीत देशमुख का है, जबकि गीतों को सुनील सोनी, कंचन जोशी और अनुपमा मिश्रा ने अपनी स्वरों से सजाया है। फिल्म की शूटिंग को लेकर निर्देशक एवं अभिनेत्री एलशा घोष ने बताया कि उन्होंने अपनी टीम के साथ ऑपरेशन सिन्दूर के समय कश्मीर में जाकर फिल्म के एक गीत की शूटिंग की थी। उस दौरान कश्मीर में हालात संवेदनशील थे, लेकिन फिल्म यूनिट ने सभी सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए शूटिंग पूरी की। चर्चा के दौरान चंद्रा मौर्या आरएलआर के मैनेजर राकेश मिश्रा, मनीष झा, शमशीर सीवानी विकास यादव एवं कुमारी श्रेय उपस्थित थे।


## सेरेटी की धूम

### लाइफ स्टाइल



विटोरिया सेरेटी मॉडल के तौर पर अपनी अलग पहचान रखती हैं। पिछले हफ्ते जब उन्होंने पेरिस में चैनल फॉल/विंटर 2025-2026 विमेंसवियर कलेक्शन पेश किया तो दर्शक उनका इंतजार ही कर रहे थे। सेरेटी ने मुस्कुराते हुए कहा, ₹मेरे लिए, यही एक्शन है।₹ ₹मुझे सच में गर्व है कि मुझे इस बिज़नेस में अपनी ज़िंदगी में यह देखने को मिला।₹ देश-विदेश से आए फैशन इंडस्ट्री के लोगों ने इस शो को खूब पसंद किया।

## सिर पर जमी रूसी हटाने के लिए कपूर है बेहतर



सर्दी का मौसम शुरू होते ही लोग एक बड़ी समस्या से घिर जाते हैं, वो समस्या है सिर पर डैंड्रफ का जमना। इसके लिए कपूर भी एक बेहतर विकल्प है। दरअसल, कपूर में एंटी-फंगल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं, जो सिर पर जमी रूसी को कम करने में मदद करते हैं।

### तेल के साथ कपूर का इस्तेमाल

कपूर का इस्तेमाल रूसी हटाने के लिए करना चाहते हैं, तो ये सबसे आसान तरीका है। इसके लिए कपूर को नारियल तेल या बादाम तेल के साथ मिलाकर लगाया जा सकता है। इसके लिए आपको एक चम्मच नारियल तेल और 1/4 चम्मच कपूर पाउडर की जरूरत पड़ेगी।

### इस्तेमाल की विधि

इस विधि से कपूर का इस्तेमाल करने के लिए सबसे पहले नारियल के तेल को हल्का गर्म करें। अब इसमें कपूर पाउडर मिलाएं और अच्छे से घोल लें। इस मिश्रण को स्कैल्प पर लगाकर धीरे-धीरे मसाज करें। इसे 30-40 मिनट तक लगा रहने दें। इसके बाद अपने बालों को धो लें।

### कपूर और नींबू का मिश्रण

नींबू का रस और कपूर का मिश्रण स्कैल्प को साफ करने में मदद करता है। इस विधि से कपूर को इस्तेमाल करने के लिए आपको 1 चम्मच नींबू का रस और 1/4 चम्मच कपूर पाउडर की जरूरत पड़ेगी।

### इस्तेमाल की विधि

इसके लिए नींबू के रस में कपूर पाउडर मिलाएं। इसे सीधे स्कैल्प पर लगाएं। 15-20 मिनट के बाद गुनगुने पानी से बाल धो लें। इसका असर आपको कुछ ही दिनों में दिखने लगेगा । इसके इस्तेमाल से फंगल संक्रमण में मदद मिलती है।

### कपूर और दही का हेयर मास्क

कपूर और दही का हेयर मास्क स्कैल्प को पोषण देता है और रूसी हटाने में मदद करता है। इसके लिए आपको 2 चम्मच ताजा दही और 1/4 चम्मच कपूर पाउडर की जरूरत पड़ेगी।

### इस्तेमाल की विधि

इसके इस्तेमाल के लिए दही में कपूर पाउडर मिलाकर गाढ़ा पेस्ट बना लें। इसे स्कैल्प और बालों पर लगाएं। 30 मिनट के लिए छोड़ दें और फिर अपने बालों को माइल्ड शैम्पू से बाल धो लें। इसके इस्तेमाल से भी रूसी हटने लगती है।

## दोबारा लौट रहा हाथ से बने स्वेटर का ट्रेंड, लुभाएंगी ये नई डिजाइन







एक बार फिर से अब लोगों का झुकाव टिकाऊ और पर्यावरण-अनुकूल फैशन की ओर बढ़ रहा है। ऐसे में उन्हें फिर से काफी समय के बाद हाथ से बुने स्वेटर काफी पसंद आ रहे हैं। कई लोगों के लिए हाथ से बने स्वेटर उनके बचपन की यादें वापस लाते हैं, जब दादी या मां सर्दियों में स्वेटर बुनती थीं। इनसे न सिर्फ यादें जुड़ी होती हैं, बल्कि ये लंबे समय तक चलते हैं क्योंकि यो उच्च गुणवत्ता वाली ऊन से बने होते हैं।

हाथ से बुने स्वेटर की हर डिजाइन काफी अलग होती है, जो उन्हें बाजार में मिलने वाले स्वेटरों से अलग बनाता है। ऐसे में अब लोग स्वेटर बुनना सीख रहे हैं ताकि वे अपने कपड़ों में पर्सनल टच दे सकें।

वैसे तो आपको बाजार में कई बुकलेट मिल जाएंगी, जिसमें स्वेटरों की डिजाइन रहती है, लेकिन इसके बावजूद यहां आपके लिए कुछ ऐसे स्वेटर जिन्हें सिलेब्स ने पहना है। उनसे डिजाइन को देखकर भी आप अपना स्वेटर तैयार कर सकती हैं।


### पहली डिजाइन

यदि आपको शॉर्ट कार्डिगन पसंद हैं तो आप ऐसी डिजाइन का चयन कर सकती हैं। ऐसा कलरफुल डिजाइन बनाकर उसके बीच-बीच में दिल बनाएं। ये आप अपनी किसी दोस्त को भी बनाकर तोहफे में दे सकती हैं। इसी जींस के अलावा सूट के साथ भी पहना जा सकता है।

### दूसरी डिजाइन

तीन रंगों वाली ऐसी ऊनी जैकेट आपके लुक को स्टाइलिश बनाने का काम करेगी। ऐसी जैकेट बनाना आपके लिए काफी आसान रहेगा, क्योंकि इसमें किसी तरह की डिजाइन नहीं पड़ी है। इसमें आपको सीधी-सीधी बुनाई करनी है, चाहें तो इसमें कैप भी बुन लें, ताकि ये आपकी परफेक्ट जैकेट बन जाए।

## टूटने लगे हैं नाखून तो ऐसे रखें उनका ध्यान, आसान है तरीका



सर्दी के मौसम में नाखूनों के टूटने का मुख्य कारण ठंड और शुष्क वातावरण में नमी की कमी होती है। जिससे त्वचा और नाखून सूख जाते हैं। यह सूखापन नाखूनों को कमजोर बना देता है, जिससे वे आसानी से टूटने लगते हैं। इसके अलावा सर्दियों में लोग कम पानी पीते हैं, जिससे शरीर के अंदर और बाहर नमी की कमी हो सकती है। इसका प्रभाव नाखूनों पर भी पड़ता है। ऐसे में यदि आप भी नाखूनों के टूटने से परेशान है तो कुछ नुस्खे अपनाकर इनका ध्यान रख सकते हैं।

### करें मॉइस्चराइज करें

सर्दी के मौसम में अपने नाखूनों और उसके त्वचा को अच्छी तरह से मॉइस्चराइज करें। इसके लिए नारियल का तेल, जैतून का तेल या विटामिन ई युक्त क्रीम का इस्तेमाल करें। सोने से पहले नाखूनों पर तेल लगाकर हल्की मालिश करें।

### पानी से करें बचाव

ज्यादा नाखून टूटने की दिक्कत तब आती है, जब नाखून ज्यादा समय के लिए पानी में डूबे रहते हैं। इसलिए इस मौसम में ज्यादा देर तक पानी में नाखून डुबोकर न रखें। बर्तन धोते या घर के काम करते समय दस्ताने पहनें।

### करें सही देखभाल

सर्दी के मौसम में हमेशा नाखूनों को नियमित रूप से ट्रिम करें। नाखूनों को काटने के लिए अच्छे गुणवत्ता वाले नेल क्लिपर का इस्तेमाल करें, ताकि आपके नाखून डैमेज न हों।

## इस मौसम गलती से भी चेहरे पर न लगाएं ये चीजें



दिसंबर का महीना चल रहा है, ऐसे में कम आद्रता वजह से लोगों की स्किन काफी ड्राई होने लगी है। कई बार तो स्किन इतनी रूखी हो जाती है, कि त्वचा पर पपड़ी जमने लगती है और ये रूसी की ही तरह झड़ती भी है। यही वजह है कि सर्दी के मौसम में त्वचा का खासतौर पर ध्यान रखना चाहिए।

वैसे तो इस मौसम में हर स्किन टाइप के हिसाब से बॉडी लोशन मिलते हैं, जोकि त्वचा की नमी बरकरार रखते हैं, लेकिन बावजूद इसके बहुत से लोग घरेलू नुस्खों पर काफी भरोसा करते हैं। ऐसे में बहुत से लोग कुछ ऐसी चीजों का इस्तेमाल भी कर लेते हैं, जिनकी वजह से उनकी त्वचा और ज्यादा रूखी हो जाती है।

इसी को देखते हुए हम यहां आपको कुछ ऐसी चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका सर्दियों में इस्तेमाल गलती से भी न करें। यदि करने जा रहे हैं तो इस्तेमाल करने से पहले आपको एक बार जरूर पैच टेस्ट कर लें।

### एल्कोहल-बेस्ड प्रोडक्ट्स

सर्दी के मौसम में कभी भी एल्कोहल बेस्ड प्रोडक्ट इस्तेमाल न करें। ये त्वचा को और अधिक रूखा बना सकता है। टोनर या अन्य स्किनकेयर प्रोडक्ट्स चुनते समय यह सुनिश्चित करें कि वे एल्कोहल-फ्री हों, ताकि इसकी वजह से त्वचा पर कोई असर न पड़े।

### गर्म पानी से न धोएं चेहरा

चेहरे को धोने या साफ करने के लिए अत्यधिक गर्म पानी का इस्तेमाल न करें। यह त्वचा के नेचुरल ऑयल को छीन लेता है, जिससे त्वचा और ज्यादा ड्राई हो सकती है। इसलिए हमेशा कदम हल्के गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें। सर्दी के मौसम में कभी भी कड़े स्क्रब्स का इस्तेमाल न करें। ये त्वचा को नुकसान पहुंचा सकते हैं और सर्दियों में त्वचा को अधिक संवेदनशील बना सकते हैं।

कार्नर न्यूज

### इस मौसम में खास ध्यान रखें अपने लुक का

## सर्दी में तफरीह के लिए खुद को नए ढंग से करें स्टाइल, लोगों की नजरें टिकी रहेंगी आप पर

साल का अंत होने वाला है और सर्दी का मौसम भी शुरू हो गया है। ऐसे में लोग अपनी बची हुई छुट्टियों का इस्तेमाल करने के लिए घूमने जा रहे हैं। बहुत से लोग अपने परिवार के साथ घूमने जा रहे हैं, तो वहीं बहुत से लोग अपने दोस्तों के साथ घूमने जा रहे हैं। बहुत से लड़के तो सोलो ट्रिप पर ही निकल जाते हैं।

लड़कियां अपनी ट्रिप के लिए काफी शॉपिंग करती हैं और अपना काफी अलग सा विंटर लुक क्रिएट करती हैं, लेकिन लड़कों के सामने ये दिक्कत आती है कि उन्हें समझ ही नहीं आता कि वो क्या पहनकर घूमने जाएं। ऐसे में हम आपको विंटर फैशन टिप्स देने जा रहे हैं। हम यहां कुछ ऐसे अभिनेताओं के लुक्स आपको दिखाने जा रहे हैं, जिनसे टिप्स लेकर आप अपने लिए खरीदारी कर सकते हैं।

### डेनिम जैकेट लगेगी कूल

यदि आप कूल दिखना चाहते हैं तो अपने लुक को पूरा करने से लिए ऐसी ही डेनिम जैकेट पहनें। इस जैकेट के साथ सफेद रंग की टीशर्ट या फिर स्वेटशर्ट कैरी करें। ब्लैक जींस के साथ आपका ये लुक कमाल का लगेगा।



कोशिश करें कि इसके साथ सफेद रंग के ही जूते पहनें।

### ज्यादा ठंडी के लिए ये है सही विकल्प

यदि आप किसी ऐसी जगह जा रहे हैं, जहां काफी ज्यादा ठंड पड़ती है, तो आपके पास अच्छी जैकेट होना काफी जरूरी है। इसके लिए डार्क रंग की हैवी सी जैकेट खरीदें। इसके साथ डार्क रंग की जींस पहनें। कभी भी अपने विंटर लुक के साथ चश्मा लगाना न भूलें।

### हल्के रंग की जैकेट

यदि आपको हल्के रंग की जैकेट पहनना पसंद है तो वरुण धवन के इस लुक से टिप्स लें। इस हल्के रंग की जैकेट के साथ ब्लैक टीशर्ट और ब्लैक रंग की ही जींस पहनें। ऑल ब्लैक लुक के साथ आप पर लाइट रंग की जैकेट काफी ज्यादा जचेगी।

### लेदर जैकेट बचाएगी ठंड

आजकल लड़कों को लेदर जैकेट काफी पसंद आती है। ये काफी ट्रेंड में भी रहती है। इसे आप डेनिम ब्लू जींस के साथ कैरी कर सकते हैं। इसके साथ चाहें तो ब्लैक टीशर्ट पहनें, नहीं तो आप सफेद रंग की टीशर्ट भी कैरी कर सकती हैं।

### ब्लेजर पहनें

अपने लुक को क्लासी बनाने के लिए आप जींस और टीशर्ट के साथ ब्लेजर कैरी कर सकते हैं। जींस के साथ ब्लेजर देखने में काफी अच्छा लगता है। यदि डार्क रंग की शर्ट पहन रहे हैं तो हल्के रंग का ब्लेजर पहनें, ताकि लुक अच्छा दिखे।

